हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
mukhyadhara.daily@gmail.com +91 8873 319 159
RNI : JHAHIN/2014/54374
बोकारो, शुक्रवार
07.03.2025
पृष्ठ : 12, मूल्य : 2/
वर्ष : 12, अंक : 35
www.rashtriyamukhyadhara.com
अख़बार भी, आन्दोलन भी
राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !



# कोई ऑफ सीजन नहीं होना चाहिए: पीएम

## प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र में विविधता लाने पर दिया जोर

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि उत्तराखंड में कोई भी मौसम ऑफ सीजन नहीं होना चाहिए और पर्यटन को यहां हर मौसम में चालू रहना चाहिए। उन्होंने राज्य में बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उत्तराखंड के हर्षिल में ट्रेक और बाइक रैली को हरी झंडी दिखाने के बाद शीतकालीन पर्यटन कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधानमंत्री ने उत्तरकाशी जिले के हर्षिल में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। उन्होंने माणा गांव में हुई हिमस्खलन की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में देश के लोग प्रभावित परिवारों के साथ एकजुटता के साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र में विविधता लाना और इसे सालभर चलने वाली गतिविधि बनाना उत्तराखंड के लिए महत्वपूर्ण और आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में कोई ऑफ-सीजन नहीं होना चाहिए और पर्यटन को हर मौसम में फलना-फूलना चाहिए। वर्तमान में पहाड़ों में पर्यटन मौसमी है, जिसमें मार्च, अप्रैल, मई और जून के दौरान पर्यटकों की अच्छी-खासी आमद होती है। हालांकि, इसके बाद पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आती है, जिससे सर्दियों के दौरान अधिकांश होटल, रिसॉर्ट और होमस्टे खाली हो जाते हैं। इस असंतुलन के कारण उत्तराखंड में साल के एक बड़े हिस्से में आर्थिक स्थिरता बनी रहती है और पर्यावरण के लिए भी चुनौतियां पैदा होती हैं। मोदी ने कई देशों में शीतकालीन पर्यटन की लोकप्रियता को रेखांकित किया और इस बात पर जोर दिया कि उत्तराखंड अपने शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उनके अनुभवों से सीख सकता है। उन्होंने उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र के सभी हितधारकों, होटल और रिसॉर्ट मालिकों से इन देशों के मॉडल का अध्ययन करने का आग्रह किया। उन्होंने उत्तराखंड सरकार से ऐसे अध्ययनों से प्राप्त कार्रवाई योग्य बिंदुओं को सक्रिय रूप से लागू करने का आह्वान किया। उन्होंने स्थानीय परंपराओं, संगीत, नृत्य और व्यंजनों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के गर्म झरनों को वेलनेस स्पा में विकसित किया जा सकता है और शांत, बर्फ से ढके क्षेत्रों में शीतकालीन योग रिट्रीट की मेजबानी की जा सकती है। उन्होंने योग गुरुओं से उत्तराखंड में सालाना योग शिविर आयोजित करने का आग्रह किया। उन्होंने उत्तराखंड की एक विशिष्ट पहचान स्थापित करने के लिए सर्दियों के मौसम में विशेष वन्यजीव सफारी के आयोजन का भी सुझाव दिया। उन्होंने इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए 360 डिग्री दृष्टिकोण अपनाने और हर स्तर पर काम करने पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सुविधाओं के विकास के साथ-साथ जागरुकता फैलाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है और उन्होंने देश के युवा कंटेंट क्रिएटर्स से उत्तराखंड की शीतकालीन पर्यटन पहल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की।

## पीएम मोदी पहुंचे गंगोत्री और मुखबा में की मां गंगा की पूजा-अर्चना



**देहरादून**। देवभूमि उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह गंगोत्री के मुखबा पहुंचे हैं। यहां पर उन्होंने मां गंगा की पूजा करते हुए देश की सुख-समृद्धि की कामना की। पीएम मोदी ने एक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसके बाद उन्होंने प्रकृति की खूबसूरती को निहारा। प्रधानमंत्री मोदी ने यहां पारंपरिक लोक नृत्य का आनंद लिया और इस दौरान उन्होंने पारंपरिक वेशभूषा और टोपी पहनी हुई थी। यहां मौजूद लोगों का पीएम मोदी ने हाथ जोड़कर अभिनंदन स्वीकार किया। उन्होंने मां गंगा के शीतकालीन निवास मुखबा में बर्फ से ढके पहाड़ों की सुंदरता को दूरबीन के सहारे निहारा। प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड दौरे से पहले सोशल मीडिया प्लेटफार्म में पोस्ट करते हुए कहा था, कि देवभूमि उत्तराखंड में पर्यटन को बढ़ावा देकर राज्य की अर्थव्यवस्था को और सशक्त बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी के साथ उन्होंने अपने कार्यक्रम के संबंध में भी बताया था, जिसके अनुसार पीएम मोदी देहरादून से सेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टर के जरिए मुखबा उत्तरकाशी पहुंचे, यहां पर उन्होंने माँ गंगा की पूजा-अर्चना की। इसके बाद पीएम मोदी हर्षिल में जनसभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले पीएम मोदी अपने दौरे के लिए उत्तराखंड के देहरादून में स्थित जॉलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचे थे। यहां बताते चलें कि पीएम मोदी का यह दौरा उत्तराखंड में समर टूरिज्म को बढ़ावा देने की दिशा में एक उत्तम पहल है। पीएम मोदी के दौरे को देखते हुए गंगा मंदिर एवं पौराणिक भवनों को भव्य तरीके से सजाया गया।

# योगी के बुलडोजर एक्शन पर नाराज हुआ सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने प्रयागराज में कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना लोगों के घर गिरने के मामले पर संज्ञान लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार को जमकर फटकार लगा दी है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि इस तरह की कार्रवाई चौंकाने वाली है और बेहद गलत उदाहरण पेश करती है। सुनवाई के दौरान जस्टिस अभय ओका और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने घरों को तोड़ने को अत्याचारी कदम बताया है। साथ ही कोर्ट ने ढहाए गए घरों के पुनर्निर्माण के निर्देश भी दिए हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, प्रथम दृष्टया, यह कार्रवाई चौंकाने वाली है और गलत संदेश देती है। आप घरों को तोड़कर इसतरह का एक्शन क्यों ले रहे हैं। हम जानते हैं कि इस तरह के तकनीकी तर्कों से कैसे निपटना है। आखिरकार अनुच्छेद 21 और आश्रय के अधिकार जैसी कोई चीज होती है। सुप्रीम कोर्ट में जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद, दो विधवाओं और एक अन्य व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई चल रही थी, जिन्होंने योगी सरकार पर गैर कानूनी तरीके से घरों को गिराने के आरोप लगाए हैं। वहीं योगी सरकार के मुताबिक जमीन गैंगस्टर-राजनेता अतीक अहमद की थी, जो 2023 में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। इसके पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करने कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई थी। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि उन्हें मार्च 2021 में शनिवार रात को नोटिस देकर रविवार को घर तोड़ दिए गए। याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि राज्य को अपनी गलती स्वीकार करनी चाहिए। वहीं योगी सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा कि लोगों को नोटिस का जवाब देने के लिए उचित समय दिया गया था। हालांकि जस्टिस ओका इस तर्क से असहमत थे। जस्टिस ओका ने कहा, नोटिस इस तरह क्यों चिपकाया गया? कूरियर से क्यों नहीं भेजा गया? कोई भी इस तरह नोटिस देगा और तोड़फोड़ करेगा। यह एक खराब उदाहरण है। इस दौरान अटॉर्नी जनरल ने मामले को हाईकोर्ट में स्थांतरित करने की मांग की। एजी ने कहा, मैं डिमोलिशन का बचाव नहीं कर रहा हूं, लेकिन इस पर हाईकोर्ट को विचार करने दें। हालांकि कोर्ट ने इस मांग को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा, "बिल्कुल नहीं। दुबारा हाईकोर्ट नहीं जाना चाहिए। तब मामला टल जाएगा।



## संक्षिप्त समाचार

### खालिस्तानी ने लंदन में पुलिस के सामने जयशंकर पर हमले की कोशिश की

**लंदन**। लंदन में खालिस्तानी चरमपंथियों ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर पर हमला करने की कोशिश की। यह घटना उस समय की है, जब वह चैटम हाउस थिंक टैंक के एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद कार से वापस लौट रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, एक वीडियो में नजर आ रहा है कि एक आदमी जयशंकर के वाहन के पास आता है और लंदन के पुलिस अधिकारियों के सामने तिरंगे को नुकसान पहुंचाता है। हालांकि, इसे लेकर भारत या ब्रिटेन सरकार की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। खास बात है कि खालिस्तानी कई मौकों पर जयशंकर समेत कई भारतीय अधिकारियों को धमकियां जारी कर चुके हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को लंदन में खालिस्तानी चरमपंथियों ने जयशंकर पर हमला करने की कोशिश की। ब्रिटेन और आयरलैंड से जुड़ी अपनी छह दिवसीय यात्रा के दौरान विदेश मंत्री सिलसिलेवार ढंग से उच्चस्तरीय वार्ता, विदेश नीति संबंधी कार्य और भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह यात्रा दोनों देशों के साथ भारत के मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई रफ्तार देगी।उन्होंने जानकारी दी है कि बुधवार को ब्रिटेन में उनके समकक्ष डेविड लैमी के साथ द्विपक्षीय संबंधों समेत कई मुद्दों पर बातचीत हुई। लैमी ने जयशंकर की मेजबानी की। केंट के शेवेनिंग हाउस में दो दिन तक दोनों नेताओं के बीच चर्चा हुई।



### बारबाडोस ने प्रधानमंत्री मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार से किया सम्मानित, विदेश राज्यमंत्री मार्गेरिटा ने किया ग्रहण



**नई दिल्ली**। कैरेबियाई देश बारबाडोस ने कोविड-19 महामारी के दौरान रणनीतिक नेतृत्व और बहुमूल्य सहायता के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार 'ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस' से सम्मानित किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि बारबाडोस के ब्रिजटाउन में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से पुरस्कार भारत के विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने ग्रहण किया। बयान के अनुसार, 20 नवंबर 2024 को गुयाना के जॉर्जटाउन में दूसरे भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान बारबाडोस की प्रधानमंत्री मिया अमोर मोटले और प्रधानमंत्री मोदी की मुलाकात हुई थी। इस दौरान बाराडोस की प्रधानमंत्री मोटले ने कोविड-19 महामारी की विकट परिस्थिति में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और समर्थन को मजबूत करने में प्रधानमंत्री मोदी की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहते हुए उन्हें ऑनरेरी ऑर्डर ऑफ फ्रीडम ऑफ बारबाडोस देने की घोषणा की थी।विदेश राज्यमंत्री मार्गेरिटा ने इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का प्रतिनिधित्व करना और उनकी ओर से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार स्वीकार करना उनके लिए बहुत सम्मान की बात है।

## भाजपा की तेलंगाना एमएलसी की तीन में से दो सीट पर जीत, प्रधानमंत्री और नड्डा ने दी बधाई



**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तेलंगाना विधान परिषद (एमएलसी) की तीन सीट में से दो पर जीत दर्ज की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा ने जीते उम्मीदवारों को बधाई दी।तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में एमएलसी चुनाव 27 फरवरी को हुए थे और मतों की गिनती तीन मार्च को शुरू हुई। मेडक-करीमनगर-आदिलाबाद-निजामाबाद (शिक्षक) निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के मलका कोमारैया विजयी हुए। करीमनगर-निजामाबाद-आदिलाबाद-मेडक (स्नातक) निर्वाचन क्षेत्र से चिन्नामेल अंजी रेड्डी ने जीत हासिल की। वारंगल-खम्मम-नलगोंडा शिक्षक एमएलसी चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार श्रीपाल रेड्डी पिंगिली ने जीत हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा का समर्थन करने के लिए तेलंगाना के लोगों को धन्यवाद दिया है। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं का आभार जताया है।प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा, "मैं तेलंगाना के लोगों को एमएलसी चुनावों में भाजपा के अभूतपूर्व समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं। हमारे नवनिर्वाचित उम्मीदवारों को बधाई। मुझे अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर बहुत गर्व है, जो लोगों के बीच बड़ी मेहनत से काम कर रहे हैं।"भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने भाजपा उम्मीदवारों की जीत पर बधाई दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए लोगों का भारी समर्थन प्रधानमंत्री मोदी के विकास-संचालित शासन के दृष्टिकोण में उनके विश्वास को दर्शाता है। यह जीत एक समृद्ध तेलंगाना के निर्माण की दिशा में एक और कदम है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति मुर्मु 'नारी शक्ति से विकसित भारत' सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी

एजेंसी। नई दिल्ली



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विज्ञान भवन में 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। इस अवसर पर हैश टैग शी बिल्ड भारत के माध्यम से एक व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों तथा दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ 'मेरा युवा भारत' के स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की सदस्य आदि भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की महिला अधिकारियों को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में विश्व बैंक, यूनिसेफ, यूएन महिला, यूएनडीपी, यूएनएफपीए जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। उद्घाटन सत्र के बाद दिनभर उच्चस्तरीय पैनल चर्चा कार्यक्रम जारी रहेगा। इस दौरान तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एसटीईएम, व्यवसाय, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता एक साथ मंच पर मौजूद रहेंगी। अग्रणी और प्रखर व्यक्तित्व-अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की 50वीं वर्षगांठ पर अतीत को झांकना और आगे बढ़ना इस सत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, व्यापार, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता अपने अनुभव साझा करेंगी और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। महिला शक्ति का लाभ उठाना–वित्तीय समावेशन में सफलता यह सत्र वित्तीय समावेशन, उद्यमशीलता और अर्थव्यवस्था में महिलाओं के सशक्तीकरण पर केंद्रित होगा।

## शिवाजी के समय में बहुत ही सुगठित था राजस्व का संग्रहण और वितरण : विलास तावड़े

**नई दिल्ली**। दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के दिल्ली स्कूल ऑफ जर्नलिज्म में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम "स्वराज उत्सव 2025" का आयोजन किया गया। इस अवसर पर "छत्रपति शिवाजी महाराज- द मैनेजमेंट गुरु" विषय पर विशेष व्याख्यान भी हुआ। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए ऑयल एंड गैस प्रोफेशनल, अनकंवेंशनल के सलाहकार विलास तावड़े ने कहा कि शिवाजी महाराज के समय में राजस्व का संग्रहण और वितरण बहुत ही सुगठित था। इस दौरान तावड़े ने शिवाजी महाराज के प्रबंधन कौशल की बारीकियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। तावड़े ने बताया कि छत्रपति शिवाजी के काल में किसानों को बीज और खाद के रूप में कर्ज तक देने की व्यवस्था थी। उनके समय में सब्जियों को लंबे समय तक सुरक्षित रखने की भी व्यवस्था थी, ताकि वे जल्दी खराब न हों और अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त हो सके। यही नहीं शिवाजी महाराज को 'फादर ऑफ इंडियन नेवी' भी कहा जाता है। उनके समय में शासन एवं सैन्य व्यवस्था भी बहुत सुगठित थी।


## तमिलनाडु में आबकारी मंत्री और उनके समर्थकों के घर पर ईडी का छापा




**करूर**। तमिलनाडु में धन शोधन मामले में ईडी ने गुरुवार को 10 से ज्यादा स्थानों पर छापे मारे। इस कार्रवाई के तहत राज्य के आबकारी मंत्री सेंथिल बालाजी और उनके समर्थकों के घरों पर भी छापेमारी की गई। सूत्रों के मुताबिक ईडी ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर छापेमारी की। इनमें प्रमुख रूप से करूर जिले के रायनूर स्थित कोंगू मेस के मालिक मणि का घर शामिल है। इसके अलावा, इरोड रोड पर सरकारी ठेकेदार एम शंकर आनंद और शक्ति मेस के मालिक कार्थी के आवासों पर भी छापा मारा। ये सभी लोग मंत्री सेंथिल के समर्थक माने जाते हैं। ईडी की यह छापेमारी धन शोधन के मामले में चल रही जांच का हिस्सा है, जिसके तहत कई अहम स्थानों पर कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक ईडी अधिकारी इस कार्रवाई में कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज और साक्ष्य जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। मंत्री सेंथिल पर कई गंभीर आरोप हैं, जिनमें वित्तीय धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार और धन शोधन जैसे मामले शामिल हैं। ईडी आरोपों की गहन जांच कर रही है, और इससे संबंधित दस्तावेजों को जब्त किया जा सकता है, जो कानूनी कार्रवाई में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

# बिहार में 40 किमी की रफ्तार से आएगा तूफान, उप्र सहित 14 राज्यों में बारिश

एजेंसी। नई दिल्ली



नॉर्थ-ईस्ट असम और उसके आस-पास एक चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इसके कारण मौसम का मिजाज बदल सकता है। इसके अलावा, एक नया पश्चिमी विक्षोभ 9 मार्च से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में प्रभाव डालने की संभावना है। बिहार में बारिश के साथ आंधी, बिजली गरजने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। 7 और 8 मार्च को गंगा से सटे पश्चिम बंगाल और सिक्किम में आंधी और बिजली गिरने की संभावना है। पिछले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और उत्तर महाराष्ट्र में उत्तर-पश्चिम दिशा से तेज हवाएं चलीं। इसके कारण इन राज्यों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई। वहीं, जम्मू-कश्मीर, गिलगिट, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की बारिश और बर्फबारी हुई। असम में भी हल्की बारिश हुई। मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश में दिन और रात के तापमान में 4-5 डिग्री की गिरावट आई, जबकि हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और गुजरात में 3-4 डिग्री की गिरावट आई।

**आज कैसा रहेगा मौसम का मिजाज** : अगले 24 घंटों में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, विदर्भ, राजस्थान, गुजरात और उत्तर महाराष्ट्र में उत्तर-पश्चिम दिशा से तेज हवाएं चलती रहेंगी और इसके बाद वे धीरे-धीरे कम हो जाएंगी। पूर्वी असम और अरुणाचल प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। लक्षद्वीप और केरल में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। राजस्थान और गुजरात में अगले 24 घंटों में अधिकतम तापमान में और गिरावट हो सकती है।

# किसानों की आमदनी बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बूस्ट देगा 'कृषि पर्यटन'



**नई दिल्ली**। भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, क्योंकि इससे करीब 65 प्रतिशत आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी हुई है। देश की कुल जीडीपी का 13 प्रतिशत हिस्सा खेती से आता है। लेकिन बदलते दौर में किसानों की आमदनी बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए 'कृषि पर्यटन' (एग्री टूरिज्म) एक नया और कारगर विकल्प बनता जा रहा है।

दरअसल कृषि पर्यटन का सीधा अर्थ है शहरों में रहने वाले लोगों को गांवों और खेतों से जोड़ना। इसके तहत पर्यटक खेतों में घूम सकते हैं, कृषि जीवनशैली को करीब से देख सकते हैं, जैविक खेती के तरीके सीख सकते हैं और ग्रामीण संस्कृति का आनंद ले सकते हैं।

**कैसे मिलेगा किसानों को लाभ**? : इसके लिए किसान केवल खेती पर निर्भर न रहकर पर्यटकों को आकर्षित कर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। पर्यटक खेतों में रुकने, पारंपरिक भोजन, जैविक उत्पादों और हस्तशिल्प खरीदने में रुचि रखते हैं। इतना ही नहीं कृषि पर्यटन बढ़ने से गांवों में गाइड, होमस्टे, परिवहन और खानपान सेवाओं की जरूरत बढ़ेगी, जिससे लोकल लोगों को रोजगार मिलेगा।

इसके अलावा कृषि पर्यटन से गांव के कारीगरों और किसानों के जैविक उत्पादों की सीधी बिक्री बढ़ सकती है। साथ ही ग्रामीण पर्यटन से स्थानीय कला, शिल्प, संगीत और पारंपरिक खेती के तरीकों को नया जीवन मिलेगा। जोकि हमारे युवाओं को ग्रामीण परिवेश और कृषि कामों से रुबरु कराएगा। इसके लिए महाराष्ट्र, राजस्थान, केरल और कर्नाटक जैसे राज्यों में कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष योजनाएं शुरु की हैं। ये सरकार किसानों को अनुदान और प्रशिक्षण दे रही है, ताकि वे अपनी जमीन पर एग्री टूरिज्म सेंटर शुरु कर सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'वोकल फॉर लोकल' अभियान के तहत कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया है।

## ट्रेन से ट्रैक पर कचरा फेंकते कर्मचारी का वीडियो वायरल, रेल मंत्रालय ने की कार्रवाई

**नई दिल्ली**। भारतीय रेलवे के एक कर्मचारी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें वह डस्टबिन से कूड़ा उठाकर चलती ट्रेन से ट्रैक पर फेंकते नजर आ रहा है। इस पर लोग कड़ी आपत्ति जताते हुए देश में कचरे के निपटान पर सवाल उठा रहे हैं। रेल मंत्रालय ने गुरुवार को इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि घटना वाले दिन ही संबंधित कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे हटा दिया गया था। रेल मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "इस कर्मचारी को 27/2 को हटा दिया गया था, उसी दिन जिस दिन उसने यह कृत्य किया था। 49 सेकंड का वायरल वीडियो रिकॉर्ड करने वाले यात्री को अपनी निराशा व्यक्त करते हुए सुना जा सकता है।

## ध्यान, योग, उपवास निवारक स्वास्थ्य सेवा के प्रमुख घटकः मनसुख मंडाविया



**नई दिल्ली**। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को कहा कि ध्यान, योग और उपवास निवारक स्वास्थ्य सेवा के प्रमुख घटक हैं। डॉ. मंडाविया हरियाणा के फरीदाबाद में कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सहयोग से आरोग्य भारती द्वारा आयोजित "स्वास्थ्य चुनौतियां और स्वस्थ जीवन शैली" विषय पर आयोजित एक सेमिनार में बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने ईएसआईसी अस्पताल में तीन अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं डिजिटल मैमोग्राफी, डिजिटल रेडियोग्राफी फ्लोरोस्कोपी सिस्टम और अगली पीढ़ी के अनुक्रमण अनुप्रयोग सहित उन्नत चिकित्सा सुविधाओं का लोकार्पण किया। डॉ. मंडाविया ने ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आयुर्वेद के देवता भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा का अनावरण भी किया। मंडाविया ने अपने संबोधन में स्वस्थ और तंदुरुस्त भारत के निर्माण में निवारक और संवर्धक स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर भी बल दिया। श्रम मंत्री ने चरक, सुश्रुत और भगवान धन्वंतरि जैसे प्राचीन भारतीय चिकित्सा अग्रदूतों के ज्ञान का हवाला देते हुए भारत की समृद्ध स्वास्थ्य सेवा की विरासत के बारे में बताया। इसके अलावा उन्होंने निवारक स्वास्थ्य सेवा के प्रमुख घटकों के रूप में ध्यान, योग और उपवास के महत्व पर बल दिया और समग्र स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए देशभर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने में आरोग्य भारती के प्रयासों की सराहना की।

## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड के तापमान में सात से फिर होगी वृद्धि

**एजेंसी : रांची।** देश के उत्तरी-पश्चिमी दिशा में हुई बर्फबारी की वजह से झारखंड के विभिन्न इलाकों में तापमान में हो रही गिरावट शुक्रवार से थम जाएगी। तापमान में शुक्रवार से फिर से बढ़ोतरी होने लगेगी। यह जानकारी मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने गुरुवार को दी। उन्होंने बताया कि बुधवार की तुलना में गुरुवार को तापमान में एक डिग्री की ही वृद्धि होगी। झारखंड के सभी जिलों में तापमान में धीरे धीरे वृद्धि होगी। अभिषेक आनद ने गुरुवार को बताया कि झारखंड में इस वर्ष भी गर्मी औसत से थोड़ी अधिक पड़ेगी।

### विधानसभा में सहिया और रसोईया के लिए 2500 रुपये मानदेय की मांग

**एजेंसी : रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन गुरुवार को सदन की कार्यवाही सुबह 11:07 बजे शुरू हुई। सत्र के दौरान विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने 'मंईयां योजना' की तर्ज पर सहिया और रसोईया को 2500 रुपये मानदेय देने की मांग उठाई।

### झारखंड विधानसभा में भाजपा विधायकों का हंगामा, दिव्यांग पेंशन बढ़ाने की मांग पर वॉकआउट

**एजेंसी : रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन गुरुवार को भाजपा विधायकों ने दिव्यांग पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर वेल में पहुंचकर हंगामा किया। विधायक जोरदार नारेबाजी करने लगे, जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हुई। स्पीकर ने विधायकों को समझाने की कोशिश की, लेकिन वे नहीं माने। स्पीकर ने भाजपा विधायकों से कहा कि आप सदन को बाधित भी करेंगे और प्रश्न का उत्तर भी लेंगे। चित भी आपका, पट भी आपका—ऐसा नहीं हो सकता। इसके बाद भाजपा विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

### विधानसभा में कोयलांचल में अवैध खनन का मुद्दा गरमाया, स्पीकर ने कमिटी गठन की कही बात

**एजेंसी : रांची ।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में कोयलांचल क्षेत्र में सरकारी और रैयती जमीन पर अवैध खनन, ओबी डंपिंग और रैयतों के साथ हो रही गुंडागर्दी का मुद्दा गरमाया। माले विधायक अरूप चटर्जी और चंद्रदेव महतो ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत यह मामला उठाया और आरोप लगाया कि राज्य सरकार केंद्र सरकार पर 136 करोड़ रुपये बकाया होने की बात करती है, लेकिन सरकारी जमीन पर जारी अवैध खनन पर ध्यान नहीं दे रही है। अरूप चटर्जी ने कहा कि जब जमीन के असली मालिक रैयत इस मुद्दे पर विरोध जताते हैं, तो उन्हें दबा दिया जाता है। यह पूरा खेल राजनीतिक और पुलिस संरक्षण में चल रहा है। उन्होंने कोल इंडिया पर राज्य सरकार की जमीन पर अवैध खनन करने का आरोप लगाया। विधायक सरयू राय ने कहा कि कोल कंपनियां नदियों में ओबी डंपिंग कर रही हैं, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है।विधायक जयराम महतो ने कहा कि कोयलांचल क्षेत्र के हर विधायक इस समस्या से परिचित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कंपनियों ने लठैत तैनात कर रखे हैं, जिससे लोकतंत्र की जगह "लठैत तंत्र" हावी हो गया है। उन्होंने देवप्रभा कंपनी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रशासन उनका सहयोगी नहीं, बल्कि प्रशासन ही उनका है। भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुआ ने मामले की गंभीर जांच की जरूरत बताई। कई विधायकों ने इस मामले की विधानसभा की कमिटी से जांच कराने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने इस मुद्दे पर कमिटी गठित करने की बात कही और आश्वस्त किया कि इस पर उचित निर्णय लेकर सदन को सूचित किया जाएगा।

### जुबली पहाडी में लगी भीषण आग

**एजेंसी : रांची : गिरिडीह ।** सीसीएल बनियाडीह स्थित कोलियरी के जुबली पहाड़ी में गुरुवार को भीषण आग लग गई ।गुरुवार की दोपहर लगी आग धीरे-धीरे पहाड़ी के कई हिस्सों में फैल गई । आग की लपटे पहाड़ी के ऊपर स्थित मैगजीन हाउस तक पहुंचने लगी, जिसके बाद जिला प्रशासन और सीसीएल प्रबंधन सक्रिय हुआ तुरंत अग्निशमन विभाग को दलबल के साथ भेजा गया। मौके पर पहुंची दमकल की टीम आग को बुझाने में लगी । बताया गया कि जिस पहाड़ी में आग लगी है उस इलाके में वन विभाग के जरिये हजारों पौधे लगाए गए पौधे झुलस गए है। एक अनुमान के अनुसार आग लगभग दो किलोमीटर एरिया में लगी है । बताया गया कि जुबली पहाड़ी का इलाका काफी संवेदनशील है। पहाड़ के ऊपर में सीसीएल का मैगजीन हाउस है, जहां पर बारूद रखा जाता है । पहाड़ की तलहटी में सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल अवस्थित है ।दमकल कर्मियों ने बताया कि शरारती तत्वों की ओर से यह आग लगाई गई है जो धीरे-धीरे फैल गई। इलाका संवेदनशील है ऐसे में पूरी सावधानी से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है और चंद घंटे में आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया जाएगा। यहां बता दें कि पिछले वर्ष भी इसी पहाड़ी में आग लग गई थी, जिसे बुझाने में प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ी थी ।

### प्रेमिका को पुणे भगा ले गया युवक, परिजनों ने वापस बुला कर की धुनाई

**एजेंसी : रांची : रामगढ़ ।** प्यार में दीवाने हुए युवक और युवती रामगढ़ से भाग कर पुणे पहुंच गए थे। लेकिन उनके परिजनों ने प्यार का भूत बड़ी फिल्मी तरीके से उतारा। युवक के परिवार वाले पहले पुणे पहुंचे और फ्लाइट से प्रेमी युगल को रामगढ़ ले आए। इसके बाद युवक की जमकर धुनाई कर दी। साथ ही लड़की को छोड़कर चले गए। अब अपने प्रेमी को दुबारा पाने के लिए प्रेमिका थाने का चक्कर लगा रही है। गुरुवार को पीड़िता रामगढ़ महिला थाने पहुंची। अब इस पूरे मामले की जांच रामगढ़ पुलिस कर रही है। महिला थाने में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर रंथु राम ने बताया कि पूरे मामले की जांच करने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। पीड़िता ने थाने के बाहर मीडिया से बात की और पूरी आप बीती सुनाई। उसने बताया कि वह 24 साल की है और वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के केदला तीन नंबर की रहने वाली है। उसे बोकारो थर्मल निवासी 25 वर्षीय अमरजीत के साथ प्रेम हुआ था। अमरजीत ने भाग कर शादी करने का प्लान बनाया। दो मार्च को वे लोग रामगढ़ से निकलकर पुणे के लिए रवाना हो गए। चार मार्च को जैसे ही वे लोग पुणे पहुंचे अमरजीत के परिजन भी शाम में पुणे पहुंच गए। वहीं से तत्काल फ्लाइट बुक की और प्रेमी युगल को रांची एयरपोर्ट ले आया गया। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही अमरजीत की पिटाई शुरू हो गई। वे लोग लड़के को लेकर अपने घर चले गए। लड़की को रामगढ़ में सड़क के किनारे छोड़ दिया। बाद में पीड़िता ने अपनी मां को फोन कर बुलाया और घर पहुंची।

### दुष्कर्म के मामले में आरोपित को भेजा गया जेल




**साहिबगंज :** जिला क्षेत्र के राधा नगर पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिग पुत्री की मां ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। जहां दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि उनकी नाबालिग पुत्री के साथ उक्त व्यक्ति ने दुष्कर्म किया है। उधर,राधानगर पुलिस ने पीड़िता के बयान पर थाना कांड संख्या 78/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया। उधर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बेगमगंज में छापामारी करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। इस छापेमारी दल में थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# मंईयां योजना पर उठे सवाल, कांग्रेस विधायक ने अपनी ही सरकार को घेरा

**एजेंसी : रांची**



झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के आठवें दिन गुरुवार को प्रश्नकाल के दौरान गढ़वा से भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने विधवा, दिव्यांग, रसोईयां और स्वास्थ्य सहियाओं को भी मंईयां योजना का लाभ देने की मांग उठाई। मामले पर जवाब देते हुए मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि मंईयां योजना का उद्देश्य पीढ़ी दर पीढ़ी सुधार लाना है और इसे विधवा या वृद्धा पेंशन से तुलना नहीं किया जा सकता। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से कुपोषण की रोकथाम, बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार तथा पलायन पर नियंत्रण संभव हो रहा है। चमरा लिंडा ने उदाहरण देते हुए कहा कि आदिवासियों में कुपोषणा का मामला अधिक है। मंईयां योजना के पैसे से मां और बच्चे दोनों के कुपोषण को रोका जा सकेगा। वहीं स्वास्थ्य पर बात करते हुए कहा कि मां के पास पैसा होगा तो वो अपने बच्चों का इलाज करा पायेगी। एजुकेशन पर बोलते हुए मंत्री ने कहा कि अगर एक मां अपने बच्चे को पढ़ाना चाहती है तो यह तभी संभव है, जब उसके पास पैसा होगा। चमरा लिंडा ने कहा कि मंईयां योजना के पैसे से पीढ़ी दर पीढ़ी को बेहतर करने वाली योजना है। इस योजना से राज्य में व्यापक परिवर्तन आयेगा। आने वाले कल में झारखंड से गरीबी, कुपोषण और स्वास्थ्य बेतहर होगा। विधवा या वृद्धा पेंशन एकल योजना है। लेकिन मंईयां योजना का पैसा पूरे समाज के लिए है। एक महिला अगर बेहतर होगी तो पूरा समाज बेहतर होगा, लेकिन एक पुरुष बेहतर होता तो सिर्फ उसका घर बेहतर होता है।

**रसोईयां और स्वास्थ्य सहियाओं के साथ भेदभाव का आरोप**-भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने सदन में सवाल उठाया कि रसोईयां और स्वास्थ्य सहियाओं को कम जबकि बिना काम करने वाली महिलाओं को अधिक लाभ क्यों दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस असमानता के कारण महिलाओं में विवाद उत्पन्न हो रहा है। भाजपा विधायक के सवालों का समर्थन करते हुए सत्ता पक्ष के कांग्रेस विधायक रामेश्वर उरांव ने भी अपनी ही सरकार से जवाब मांगा। उन्होंने कहा कि सैलरी काम के आधार पर और पेंशन प्रोत्साहन के लिए दी जाती है, लेकिन मंईयां योजना में बिना काम करने वाली महिलाओं को 2500 रुपये और काम करने वाली महिलाओं को कम राशि मिलना अनुचित है। उन्होंने सरकार से इस नीति पर पुनर्विचार करने की मांग की।

## श्री राधा वल्लभ मंदिर में में 10 मार्च को श्री श्याम फाल्गुन उत्सव

**एजेंसी : रांची**



श्री श्याम संघ रांची की ओर से 10 मार्च को अपर बाजार स्थित श्री राधा वल्लभ मंदिर में भव्य श्री श्याम फाल्गुन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर एकादशी के दिन निशान शोभा यात्रा निकाली जाएगी। संघ के अध्यक्ष कमलेश संचेती ने बताया कि उत्सव की शुरुआत सुबह 7 बजे गणेश पूजन से होगी। मुख्य यजमान निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय अपने परिवार के साथ निशान पूजन करेंगे। इसके बाद मंदिर से 301 निशानों के साथ शोभा यात्रा निकलेगी, जो नगर भ्रमण के पश्चात अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में समाप्त होगी। उसी दिन शाम सात बजे से श्री राधा वल्लभ मंदिर में श्याम प्रभु का नयनाभिराम श्रृंगार किया जाएगा और अखंड ज्योत प्रज्वलित करने के बाद सवामणि प्रसाद के साथ फूलों की होली होगी। उन्होंने बताया कि कोलकाता से आ रही प्रख्यात भजन गायिका प्रिया पोद्दार बाबा के दरबार में भजन प्रस्तुत करेंगी। रात में श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग लगाया जाएगा। महा आरती के साथ महोत्सव का समापन होगा। श्री श्याम संघ के संरक्षक विष्णु लोहिया और अध्यक्ष कमलेश संचेती ने श्याम भक्तों से बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

## डबल मर्डर का खुलासा, हत्या के डर से चार आरोपितों ने किया सरेंडर

**एजेंसी : रांची**



**पलामू।** पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के जंगल में हुई दो लोगों की हत्या का खुलासा हो गया है। दो लोगों की हत्या करने वाले चार लोगों ने अपनी हत्या के डर से मनातू थाना में सरेंडर कर दिया, जबकि दो फरार हैं। उनकी तलाश की जा रही है। थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने गुरुवार को बताया कि 19 फरवरी को राजखेता टोला के अमवातरी के जंगल में दो व्यक्तियों के शव मिले थे, जिसमें से एक की पहचान चुनका गांव के दिनेश यादव के रूप में हुई थी, जबकि एक मृतक की पहचान अब तक नहीं हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि चतरा जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के फलेन्दा गांव के रहने वाले रामलाल यादव , विकास गंझू , राजगीर गंझू , नौडिहा बाजार के अन्ता गांव के विसम्बर यादव , मनातू के नागद गांव निवासी बसंत सिंह और कुंडीलपुर निवासी ईश्वरी सिंह का अपहरण अफीम के खेत से किया गया था। जांच के दौरान पता लगा कि 17 फरवरी की रात बिपिन यादव, दिनेश यादव और अन्य चार अज्ञात अपराधियों द्वारा छह व्यक्तियों को अफीम के खेत से अपहरण कर बंधक बना लिया था और फिरौती के रूप में पैसे की मांग की जा रही थी। फिरौती नहीं मिलने पर बंधकों को जान से मारने की धमकी दी गई। अपहृत व्यक्तियों ने मौका पाकर दो अपहरणकर्ताओं पर हमला कर उन्हें मार दिया और सभी भाग निकले। दो साथियों की हत्या करने वालों को बिपिन यादव और उसके सहयोगियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जान बचाने की गुहार लगाते हुए चार अपहृत रामलाल यादव, विकास गंझू, राजगीर गंझू, विसम्बर यादव ने थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। पूरे घटनाक्रम की जानकारी उन्होंने पुलिस को दी। चारों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस हत्या में शमिल फरार बसंत सिंह और ईश्वरी सिंह की तलाश में जुट गई है।

## वाजपेयी के जीवन का एक-एक क्षण था राष्ट्र को समर्पित : यदुनाथ पांडेय

**एजेंसी : रांची**



**लोहरदगा ।** भाजपा की ओर से खेमराज स्मृति धर्मशाला में गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर अटल विरासत सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल वाजपेयी की तस्वीर पर पुष्प चढ़ाकर और दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित जनसंघ और अटल वाजपेयी के साथ पार्टी संगठन में कार्य कर चुके लगभग एक सौ वरिष्ठ कार्यकर्ताओ को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि हजारीबाग के पूर्व सांसद यदुनाथ पांडेय ने कहा कि अटल जी के जीवन का एक -एक क्षण राष्ट्र को समर्पित था।उनके विचार में राष्ट्र हमेशा सर्वोपरी रहा। वाजपेयी एक ऐसे राजनेता थे जो सर्वमान्य थे। उन्होंने 24 दलों को लेकर सहज तरीके से सरकार चलाई। पांडेय ने कहा कि अटल वाजपेयी का कृतत्व एवम ब्यक्तित्व की जितनी तारीफ की जाय कम है। वे निश्छल,निष्कपट,सरल,सहज,सादगी और अग्रसोची स्वभाव के धनी थे। अटल वाजपेयी हमेशा परिवार वाद से ऊपर उठ कर राष्ट्र के लिए काम किया।उन्होंने बिना किसी का परवाह किये निर्भीक हो कर परमाणु परीक्षण कर देश को शक्तिशाली राष्ट्र की पंक्ति में खड़ा किया। पांडेय ने अपने संबोधन में अटल वाजपेयी के साथ बिताए पलों को संस्मरण करते हुए कहा कि उनके जीवन से हमे ऊर्जा मिलती है। अटल ने लोगो की भावनाओ को समझते हुए एक साथ तीन राज्यो को अलग कर उनकी मुराद पूरी की। उन्होंने कहा कि अटल वाजपेयी के जरिये किये गए कार्य की लिस्ट बहुत लंबी है।जो कार्य उनके द्वारा अधूरी रह गयी उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरी कर रहे है।मौके पर बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

# राज्यपाल ने गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का किया उद्घाटन






**एजेंसी : रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि खेलकूद अनुशासन, टीम भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देता है। यह शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। राज्यपाल गुरुवार को धुर्वा स्थित झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता-2025 के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा विभाग के जरिए अपने जवानों के स्वास्थ्य और मनोबल को बढ़ाने के लिए इस तरह के आयोजन की सराहना की। राज्यपाल ने गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के जवानों की ओर से राज्य की आंतरिक सुरक्षा और आपदा प्रबंधन में निभाई जा रही भूमिका की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हमारे अग्निशमन कर्मी अपनी जान की परवाह किए बिना आगलगी की घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि केंद्र सरकार की ओर से झारखंड अग्निशमन विभाग को 150 करोड़ रुपये आवंटित किए जा रहे हैं, जिससे इस विभाग की तकनीकी दक्षता और प्रभावशीलता में वृद्धि होगी।

**राज्यपाल ने विगत वर्ष राष्ट्रपति द्वारा 'वीरता पुरस्कार' से सम्मानित अग्निशमन कर्मी को बधाई दी**- राज्यपाल ने कहा कि झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के जवान राज्य के विभिन्न प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था और चुनावी प्रक्रियाओं में भी अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि गृह रक्षकों के मानदेय में वृद्धि होने से उनके पारिवारिक जीवन और बच्चों की शिक्षा में सहायता मिल रही है। उन्होंने सुझाव दिया कि गृह रक्षकों को 'स्वास्थ्य बीमा' की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाए। राज्यपाल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि यह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता जवानों को अपनी प्रतिभा दिखाने और एक-दूसरे के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा करने का अवसर प्रदान करेगी। साथ ही उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगा और कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में 450 प्रतिभागी भाग लेंगे।


## झारखंड में बाबूलाल मरांडी बने नेता प्रतिपक्ष, भाजपा विधायक दल की बैठक में हुआ चयन



**एजेंसी : रांची**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चुना गया है। गुरुवार को भाजपा विधायक दल की बैठक में यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। भाजपा विधायक दल की बैठक में केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद डॉ. के. लक्ष्मण पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में पार्टी विधायकों ने रायशुमारी के बाद बाबूलाल मरांडी को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चुना।इस अवसर पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पार्टी नेतृत्व और विधायकों की पूर्ण सहमति से मुझे यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैं इसके लिए सभी का आभार व्यक्त करता हूं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा को धन्यवाद देता हूं।

## रांची में दो लोगों की गोली मारकर हत्या, बदले की आशंका




**एजेंसी : रांची**

झारखंड के चान्हो थाना क्षेत्र के चामा स्थित एक आश्रम में बुधवार देर रात दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गुरुवार सुबह घटना सामने आई। मृतकों की पहचान राजेंद्र यादव और महेश के रूप में हुई है, जो आश्रम में रह रहे थे। जानकारी के मुताबिक, रात करीब एक बजे कुछ हथियारबंद लोग आश्रम पहुंचे और राजेंद्र यादव को निशाना बनाकर फायरिंग की। गोलीबारी की आवाज सुनकर महेश जब उसकी ओर बढ़ा, तो अपराधियों ने उसे भी गोली मार दी। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए। ग्रामीणों ने खून से लथपथ दोनों को देखा और पुलिस को सूचना दी। महेश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल राजेंद्र यादव ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि हत्या के मामले की जांच जारी है और आरोपितों को पकड़ने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है।

## पशुपालन, गव्य विकास, मत्स्य पालन से जुड़े लाभुकों को दें केसीसी के लाभ : डीसी

**एजेंसी : रांची**



**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के वैसे किसानों को केसीसी का लाभ मिलना चाहिए, जो पशुपालन, गव्य विकास और मत्स्य पालन से जुड़े हुए हैं। यह बातें गुरुवार को समाहरणालय सभागार में बैठक के दौरान डीसी चंदन कुमार ने कही। कृषि और अन्य संबद्ध विभागों की ओर से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने वर्ष 2024-2025 में सभी संबंधित विभागों की योजनाओं की अद्यतन जानकारी ली और अब तक किए गए कार्यों में व्यय की समीक्षा की। उन्होंने कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी परियोजना निदेशक से ली गई। डीसी चंदन कुमार ने किसानों को योजनाओं से जोड़ने और जागरूक करने के लिए परियोजना निदेशक को कृषि मेला आयोजित करने का निर्देश दिया। कृषि योजना के तहत खरीफ फसल योजना 2024 - 25 में चल रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में संबंधित अधिकारियों को योजना पर विशेष ध्यान देते हुए अभियान मोड में योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ने को कहा। झारखंड कृषि ऋण माफी योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने लंबित ई केवाईसी का कार्य तत्काल रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने पीएम किसान योजना के तहत स्वयं से पंजीकरण करने वाले लाभुकों की जांच कर स्वीकृति देने तथा उनका ईकेवाईसी का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड के लाभ से आच्छादित करने को कहा। वहीं उन्होंने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित पशुपालन से जुड़ी अन्य योजनाओं के लाभुकों को केसीसी उपलब्ध कराने को लेकर जिला अग्रणी प्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के अलग-अलग क्षेत्र में निर्मित कोल्ड स्टोरेज, मिनी कोल्ड स्टोरेज की जानकारी लेने के क्रम में जिला सहकारिता पदाधिकारी को वर्तमान में कोल्ड स्टोरेज संबंधित कई निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को मत्स्य पालन से जुड़े लाभुकों को केसीसी उपलब्ध कराने तथा जिले के अलग-अलग खनन प्रभावित क्षेत्रों में बंद पड़ी खदानों में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए माइनिंग कोलपिट की पहचान कर संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने उद्यान, मत्स्य, भूमि संरक्षण सहित अन्य कृषि संबद्ध विभागों की ओर से विगत वित्तीय वर्ष तथा वर्तमान वित्तीय वर्ष में किया गए कार्यों एवं लक्ष्य के अनुरूप प्राप्ति सुनिश्चित करने को लेकर महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त रॉबिन टोप्पो, कृषि और अन्य संबद्ध विभागों के जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मोर्चा मनायेगा महिला दिवस

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** चास प्रखंड उत्तर विस्थापित क्षेत्र के तेनु बोकारो नहर के सामने झिकलप्पा फुटबॉल ग्राउंड में झारखंड युवा छात्र मोर्चा की ओर से आगामी आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जायेगा। मोर्चा के अध्यक्ष शिवचंद मुर्मू ने बताया कि कार्यक्रम में चार पंचायत के मुखिया को आमंत्रित किया गया है। पारंपरिक तरीके से सबों का स्वागत सरना गमछा देकर सम्मानित किया जायेगा। गांव की बालिकाओं का मनमोहक नृत्य कार्यक्रम शामिल है। सचिव विशेश्वर हेम्ब्रम कोषाध्यक्ष अमन किस्कू, उदित हांसदा, शिवम किस्कू, मंतोष सोरेन आदि तैयारी कर रहे हैं।

### दुकानों के स्वामित्व की केवाईसी खत्म, मालिकों में बढ़ी बेचैनी

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल डीवीसी सेंट्रल मार्केट स्थित दुकानों के स्वामित्व संबंधी केवाईसी की समय सीमा समाप्त हो जाने के बाद प्रबंधन क्या कार्रवाई करेगा, इसको लेकर दुकानों के वर्तमान मालिकों में बेचैनी देखी जा रही है। डीवीसी के भू-संपदाधिकारी अविनाश कुमार सिन्हा ने मार्केट स्थित सभी दुकानों के मालिकों को प्रबंधन द्वारा उन्हें आवंटित दुकानों के स्वामित्व को प्रमाणित करने को लेकर केवाईसी जमा करने की नोटिस जारी की थी। सभी दुकानदारों को 28 फरवरी तक केवाईसी जमा करनी थी। प्रबंधन को जानकारी मिली है कि डीवीसी मार्केट की ज्यादातर दुकानों के उनके वास्तविक मालिकों ने बिना डीवीसी प्रबंधन को सूचित किये हुए दूसरों के हाथों बेच डाला है, जबकि वैसे मालिकों को दुकान नहीं चलाने की स्थिति में अपना दुकान प्रबंधन को सौंप देना है।

### रेलवे स्टेशनों पर ओलचिकी भाषा में उद्घोषणा की मांग



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** आदिवासी सेंगेल अभियान ने रेलवे स्टेशनों पर ओलचिकी भाषा में यात्री अलर्ट सिस्टम की उद्घोषणा और सूचना-प्रदर्शन सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। अभियान की तरफ से बोकारो सेंगेल जिला अध्यक्ष सह बोकारो जोनल हेड सुखदेव मुर्मू के नेतृत्व में संताली भाषा के ओलचिकी लिपि से रेलवे स्टेशनों में साइनबोर्ड अंकित और उद्घोषणा के लिए बोकारो स्टील सिटी स्टेशन मैनेजर अजय कुमार हालदर के मार्फत गुरुवार को आद्रा जोन रेलवे मंडल प्रबंधक के नाम ज्ञापन पत्र सुपुर्द किया। बोकारो सेंगेल जिला अध्यक्ष सह बोकारो जोनल हेड सुखदेव मुर्मू ने कहा कि झारखंड राज्य के बोकारो जिला के आद्रा जोन के शेष रेलवे स्टेशन बोकारो स्टील सिटी, तुपकाडीह और राधागांव स्टेशन के इर्द गिर्द क्षेत्रों में संताली भाषा-भाषी प्रेमी लोगों का निवास है। ज्ञापन पत्र सौंपने वाले का नाम झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा, जयराम सोरेन, चास प्रखंड सेंगेल युवा मोर्चा अध्यक्ष कालीचरण किस्कू, सेंगेल महिला मोर्चा महासचिव सविता मरांडी, चंदनकियारी प्रखंड सेंगेल अध्यक्ष राजेश मुर्मू, सेंगेल परगना भुटेल टुडू आदि शामिल थे।

### कसमार के रांगामाटी में गिट्टी लदा मालवाहक कुएं में गिरा, बाल बाल बचा चालक



**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** कसमार थाना क्षेत्र के रांगामाटी गांव में गुरुवार को गिट्टी लदा एक 407 मालवाहक वाहन कुएं में गिर गया। घटना में वाहन चालक बाल-बाल बच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार कुएं के सामने सड़क पर पीसीसी ढलाई का कार्य चल रहा था। जिसके कारण मंजूरा की तरफ से आ रहा वाहन पीछे मोड़कर डायवर्सन से होकर पार करना चाह रहा था। पीछे मोड़ने के क्रम में वाहन का पिछले हिस्से का दोनों चक्का कुएं में आ गया। जिससे गिट्टी भरा वाहन पीछे की ओर से कुएं में गिर गया। हालांकि कुएं में ज्यादा पानी नहीं था। कुंए में गिरने के साथ ही वाहन चालक सामने का ग्लास तोड़कर बाहर निकल आया। वाहन में सिर्फ चालक ही था। मालूम हो कि ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बोकारो की ओर से मंजूरा कॉलेज मोड़ से रांगामाटी तक पथ का मजबूती एवं मरम्मतीकरण कार्य किया जा रहा है। रांगामाटी में पीसीसी ढलाई किया जा रहा है। जिसके कारण सभी वाहनों को डायवर्सन से पार करवाया जा रहा है।

# झारखंड-बिहार से एकमात्र डीपीएस बोकारो का आयुष आईएनएमओ में सफल

## एशिया पैसिफिक मैथमेटिकल ओलंपियाड और अंतरराष्ट्रीय गणित ओलंपियाड के ट्रेनिंग कैंप में लेगा हिस्सा

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** डीपीएस (दिल्ली पब्लिक स्कूल) बोकारो में 10वीं कक्षा के मेधावी छात्र आयुष लच्छीरामका ने अपनी शानदार गणितीय प्रतिभा की बदौलत न केवल अपने विद्यालय और शहर, बल्कि पूरे झारखंड-बिहार का नाम गौरवान्वित किया है। होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन (एचबीसीएसई) द्वारा नेशनल बोर्ड ऑफ हायर मैथमेटिक्स (एनबीएचएम) के तत्वावधान में आयोजित इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आईएनएमओ) में आयुष ने उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। इसके साथ ही वह आगामी 08-31 मई 2025 को चेन्नई (तमिलनाडु) में होने वाले आईएमओटीसी (इंटरनेशनल मैथैमेटिकल ओलंपियाड ट्रेनिंग कैंप) के लिए भी क्वालीफाई कर चुका है। उसे 11 मार्च 2025 को आयोजित एपीएमओ (एशिया पैसिफिक मैथमेटिकल ओलंपियाड) के लिए भी चयनित किया गया है। पूरे झारखंड-बिहार से यह उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करने वाला आयुष एकमात्र विद्यार्थी है। आईएमओटीसी के लिए पूरे भारतवर्ष से 69 तथा एपीएमओ के लिए कुल 67 छात्र-छात्राएं चयनित किए हैं। उसकी इस महत्वपूर्ण कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए गुरुवार को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने उसे बधाई दी तथा उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय छात्र की मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन तथा विद्यालय के बेहतर शैक्षणिक वातावरण को दिया है। आयुष ने भी प्राचार्य एवं शिक्षकों सहित पूरे विद्यालय परिवार के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

आईएनएमओ में ए कैटेगरी (कक्षा 8-11) और जूनियर बैच के प्रतिभागी आयुष लच्छीरामका ने अपने कट ऑफ मार्क्स 31 से भी अधिक कुल 41 अंक प्राप्त किए हैं। ज्ञातव्य है कि इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आईएनएमओ) एक हाई स्कूल गणित प्रतियोगिता है, जो वर्ष 1989 से प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही है। यह अंतरराष्ट्रीय गणितीय ओलंपियाड के लिए भारतीय टीम की चयन प्रक्रिया का द्वितीय चरण है। होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन (एचबीसीएसई) द्वारा नेशनल बोर्ड ऑफ हायर मैथमेटिक्स (एनबीएचएम) के तत्वावधान में यह परीक्षा आयोजित की जाती है। चेन्नई में मई में होनेवाले ट्रेनिंग कैंप के बाद अंतिम रूप से चयनित विद्यार्थियों को इंटरनेशनल मैथेमेटिकल (आईएमओ) में भाग लेने का मौका मिलेगा। सफल विद्यार्थी प्रतिष्ठित पुरस्कार के साथ अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित करते हैं।

**सफल इंजीनियर बनना चाहता है सीए दंपत्ति का पुत्र-** चास-बोकारो के प्रसिद्ध चार्टर्ड एकाउंटेंट दंपत्ति अमोल लच्छीरामका और रूबी लच्छीरामका का होनहार पुत्र आयुष आगे चलकर जीवन में एक सफल इंजीनियर बनना चाहता है। वर्तमान में सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा दे रहे आयुष को बचपन से ही गणित में रुचि रही है। वह सीबीएसई आर्यभट्ट गणित चैलेंज, आर्यभट्ट मैथमेटिक्स चैलेन्ज, केएएमपी-एनएएसटीए, अमेरिकन मैथमेटिक्स कॉम्पिटिशन सहित गणित की विभिन्न राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय परीक्षाओं में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दे चुका है। डीपीएस बोकारो में कक्षा नर्सरी से ही अध्ययनरत आयुष को पढ़ाई के अलावा शतरंज खेलने और फोटोग्राफी का भी शौक है। पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए वह सोशल मीडिया से पूरी तरह दूर है। उसकी इच्छा सॉफ्टवेयर अथवा क्वांटम मैकेनिक्स इंजीनियर बनने की है। दो भाई-बहन में छोटे आयुष की बड़ी बहन शिवांगी लच्छीरामका लॉ (विधि) की पढ़ाई कर रही है।

## बीएसएल में महिला अनुबंध कर्मियों के लिए स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पृष्ठभूमि में गुरुवार को मानव संसाधन के ठेका श्रमिक प्रकोष्ठ द्वारा बीएसएल में कार्यरत महिला अनुबंध कर्मियों के लिए एक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया। बीजीएच की डॉ. जया लक्ष्मी, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (मेडिसिन) ने स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर महिला अनुबंध कर्मियों को संबोधित किया। उन्होंने स्वयं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के महत्व के बारे में विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि महिलाएं आमतौर पर अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग नहीं रहतीं और अपनी स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं को नजरअंदाज कर देती हैं। डॉ. जया लक्ष्मी ने महिला स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों, स्वास्थ्य देखभाल और सामान्य स्वास्थ्य जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा के दौरान महत्वपूर्ण सुझाव दिए। स्वास्थ्य वार्ता में 100 से अधिक महिला संविदा कर्मियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और अपनी शंकाओं का समाधान भी किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में सुश्री प्रिया प्रेरणा टोप्पो, उप प्रबंधक (एचआर-सीएलसी), सुश्री सोनाली गुप्ता, सहायक प्रबंधक (एचआर-सीएलसी), प्रबीर कुमार (एचआर-कल्याण), गौरी शंकर ओहदार, धीरेंद्र कुमार, सुरेंद्र दास, एमडी शादाब अख्तर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## बोकारो डीसी के समर्थन में आया बोकारो विकास फोरम

### मुख्यमंत्री से मिलकर बताएंगे सारी सच्चाई : अनिल

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** बोकारो विधायक श्वेता सिंह और जिले की उपायुक्त जाधव विजया नारायण राव के बीच हुआ विवाद लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में गुरुवार को बोकारो विकास फोरम ने डीसी के समर्थन में अपना मोर्चा खोल दिया। फोरम के अध्यक्ष अनिल सिंह, कांग्रेस के वरीय नेता रास नारायण सिंह और समाजसेवी धनंजय सिंह उनसे मिले। अनिल सिंह के अनुसार बातचीत के दौरान उपायुक्त ने कहा जिले में रजिस्ट्री ऑफिस काफी जर्जर होने के कारण वह उसे नए एसडीओ ऑफिस में शिफ्ट करना चाहती हैं। वहां न तो महिलाओं के शौचालय, पानी और न ही बैठने का व्यवस्था है। डीसी ने उनसे कहा कि वह एक महिला उपायुक्त हैं। महिलाओं का दर्द समझते हुए जर्जर निबंधन कार्यालय को नए अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में शिफ्ट करना चाहती थी, जिसमें बोकारो विधायक ने हस्तक्षेप कर कहा कि बिना उनसे पूछे वह निबंधन कार्यालय कैसे वहां ले जा रही हैं? विधायक की असहमति को लेकर ही विवाद हुआ।

अनिल सिंह ने कहा कि बोकारो में पहली बार कोई महिला जिला उपायुक्त अच्छी सूझबूझ और जनहित में सही फैसला लेने वाली हैं, जो बिना किसी दबाव के विकास के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द को भी स्थापित करने में लगी हैं। इसके कारण वह बहुत से राजनेताओं की आंख की किरकिरी बनी हुई हैं। श्री सिंह ने कहा - बोकारो उपायुक्त के साथ बोकारो जिला की पूरी जनता खड़ी है। हम राज्य सरकार को बोकारो उपायुक्त की सारी उपलब्धियां की जानकारी बहुत जल्द विधानसभा अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री से मिलकर देंगे।

## बीएसएल के आरएमएचपी विभाग में नवीनीकृत टिपलर नंबर 03 का शुभारंभ

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट के आरएमएचपी (रॉ मैटेरियल हैंडलिंग प्लांट) विभाग के नवीनीकृत टिपलर नंबर 03 का उद्घाटन गुरुवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी आर महापात्रा ने किया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (आरएमएचपी) धनञ्जय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सर्विसेज) पी के बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (मैकेनिकल) प्रकाश तिवारी, मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) पीताम्बर चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह, मुख्य महाप्रबंधक (शॉप्स) जे वी शेखर के साथ आरएमएचपी विभाग के वरिष्ठ अधिशासी कर्मचारीगण तथा संविदाकर्मी उपस्थित थे। उद्घाटन के बाद आरएमएचपी विभाग में टिपलर नंबर 03 का आज से सुचारू एवं सुरक्षित संचालन आरंभ हो गया है।

आरएमएचपी विभाग में कुल पांच टिपलर का उपयोग होता है और कोयले के अलावा इस्पात उत्पादन की प्रक्रिया में उपयोग होने वाले सभी प्रकार के कच्चे माल (रॉ - मटेरियल) जैसे कि आयरन ओर, लाइम स्टोन, डोलोमाइट, पैलेट, सिंटर इत्यादि को आरएमएचपी विभाग में रेलवे वैगन के द्वारा लाया जाता है। टिपलर के द्वारा रेलवे वैगन के कच्चे माल को हॉपर में डाला जाता है, जहां से बे-फ़ीडर के द्वारा इसे अलग-अलग बेड्स में ब्लेंडिंग और स्टैकिंग किया जाता है। ब्लेंडेड कच्चे माल को ब्लास्ट फर्नेस, सिंटर प्लांट या आरएमपी विभाग की ज़रूरत के अनुसार कन्वेयर बेल्ट के द्वारा संबंधित विभाग तक पहुंचाया जाता है। वर्ष 2025 के जनवरी माह में आरएमएचपी विभाग ने 10,18,791 टन कच्चे माल का डिस्पैच कर एक नया रिकॉर्ड बनाया है।

दरअसल, पिछले 10 फरवरी 2025 को टिपलर नंबर 03 को कैपिटल रिपेयर के लिए शटडाउन में लिया गया था और आरएमएचपी के मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल और ऑपरेशन सेक्शन के अलावा बीएसएल के जनरल मेंटेनेंस, हैवी मेंटेनेंस, ट्रैफिक, सिविल इंजीनियरिंग विभाग आदि की टीम भावना के साथ पूरी सामंजस्यपूर्ण तरीके से काम कर आज इसे पुनः संचालित किया गया।

## बोकारो थर्मल में महिलाओं ने होली मिलन समारोह में उड़ाये गुलाल



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल में गुरुवार को डीवीसी कामगारों की पत्नियों की संस्था 'बोकारो ब्यूटी क्वीन' ने होली मिलन समारोह का आयोजन ई टाइप कॉलोनी में किया। होली मिलन समारोह में महिलाओं ने एक दूसरे को रंग, अबीर, गुलाल लगाकर, ढोल बजा, होली गीत गाकर खूब होली खेली। साथ ही सभी ने होली के अवसर पर क्षेत्रवासियों को होली की बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं ने कहा कि समाज के विकास के लिए हम सभी अपने बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान दें और हम महिलायें अपनी एकता को बनाए रखकर समाज हित में मिलकर कार्य करना है। कहा कि होली के त्योहार में दूसरे समुदाय के लोगों की भी भावनाओं का ख्याल रखें, ताकि उन्हें कोई परेशानी का सामना करना नहीं पड़े, क्योंकि उनके भी इबादत का माह रमजान चल रहा है। मौके पर अंजली सिन्हा, पम्मी कुमारी, शालिनी श्रीवास्तव, रश्मि, नीतू, बॉबी, श्रावणी, कंचन आदि शामिल थीं।

## 10 मार्च से नए अनुमंडल कार्यालय में संचालित होगा चास अवर निबंधन कार्यालय

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** पुराने चास अनुमंडल कार्यालय परिसर में पूर्व से संचालित अवर निबंधन कार्यालय, चास को भवन प्रमंडल द्वारा निष्प्रयोजित घोषित किये जाने के बाद आगामी 10 मार्च से चास के नवनिर्मित अनुमंडल कार्यालय भवन में भू-तल से नए अवर निबंधन कार्यालय का संचालन होगा। यह जानकारी जिला प्रशासन की ओर से दी गई है। दरअसल, पुराने अनुमंडल कार्यालय के भवन की स्थिति अत्यंत ही जर्जर होने एवं इसके खिड़की, दरवाजा, छत की जर्जर स्थिति, सुरक्षा का अभाव आदि के कारण निबंधन से संबंधित अति महत्वपूर्ण दस्तावेज सुरक्षित नहीं हैं। साथ ही, पुराने अनुमंडल कार्यालय को नये भवन में हस्तांतरित होने के कारण पुराना अनुमंडल कार्यालय परिसर असुरक्षित हो गया है। वहां लोगों के लिए आवश्यक मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं हैं।

फलस्वरूप जिला प्रशासन ने वर्तमान में चास के आईआईटी मोड़ के समीप स्थित नवनिर्मित अनुमंडल कार्यालय भवन के भू-तल में नए अवर निबंधन कार्यालय को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है। दिनांक-10.03.2025 से अवर निबंधन कार्यालय, चास का संचालन नये अनुमंडल कार्यालय के भू-तल से होगा।

## यूनियन के साथ वार्ता में सहमति के बाद बीएसएल में आज से प्रस्तावित हड़ताल स्थगित

राष्ट्रीय मुख्यधारा



**बोकारो :** सेल/बोकारो इस्पात संयंत्र प्रबंधन और क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ (एचएमएस) के बीच गुरुवार को हुई वार्ता में यूनियन की मांगों पर सहमति के बाद यूनियन द्वारा शुक्रवार से प्रस्तावित हड़ताल टालने की घोषणा की गई है। यूनियन के महामंत्री राजेन्द्र सिंह ने कहा कि हमारी मुख्य तीन मांगों को प्रबंधन ने पूर्णतया मान लिया है। सा ही, यह भी आश्वासन दिया है कि हमारी अन्य मांगें जैसे, ठेका मजदूरों को ग्रेच्युटी, नाइट शिफ्ट एलाउंस, ग्रेड प्रमोशन आदि पर वार्ता कर जल्द ठोस पहल करेंगे।

श्री सिंह ने बताया कि क्रान्तिकारी इस्पात मजदूर संघ (हिन्द मजदूर सभा) द्वारा चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण में आहूत 07 मार्च की हड़ताल के मद्देनजर लगातार तीन दिनों तक चली यूनियन एवं प्रबंधन की वार्ता में आखिरकार अधिशासी निदेशक (संकार्य) के हस्तक्षेप के बाद सहमति बनी और प्रस्तावित हड़ताल वापस ले ली गई है। वार्ता दो दिन मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) कार्यालय में हुई, जिसमें प्रबंधन की ओर से मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन के साथ, महाप्रबंधक प्रभारी, संकार्य (मानव संसाधन), महाप्रबंधक ठेका मजदूर प्रकोष्ठ संकार्य (मानव संसाधन), महाप्रबंधक सी एण्ड आई.टी, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बोकारो जेनरल अस्पताल, महाप्रबंधक सुरक्षा विभाग, सहायक महाप्रबंधक औद्योगिक संबंध तथा वरीय प्रबंधक, औद्योगिक संबंध मौजूद रहे। वहीं, यूनियन की ओर से महामंत्री सह-सदस्य एनजेसीएस राजेंद्र सिंह के साथ आर.के.सिंह, रमेश राय, शशिभूषण, सुभाष चंद्र कुंभकार और विपिन कुमार सिंह शामिल रहे। उन्होंने कहा कि पहले दोनों दिनों की वार्ता बेनतीजा रही। लेकिन गुरुवार को अधिशासी निदेशक (संकार्य) के नेतृत्व में प्रबंधन तथा महामंत्री के नेतृत्व में पुनः वार्ता हुई। एक तरफ वार्ता चल रही थी तो दूसरी तरफ हड़ताल की सफलता हेतु कोक ओवन एवं धमन भट्ठी के मजदूर फ्लैग मार्च कर रहे थे। आखिरकार 1:00 बजे दिन में वार्ता खत्म हुई। वार्ता के उपरान्त श्री सिंह ने दोनों विभागों में जाकर मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी एकता ने फिर जीत हासिल की है। मेडिकल चेकअप के काले कानून के आड़ में जो मजदूरों को काम से बैठाने का जो षड्यंत्र चल रहा था, अब खत्म हो गया। ई डी वर्क्स ने साफ शब्दों में कहा है कि आप प्लांट चलने दीजिए, प्रबंधन की ओर से मेरा वादा है कि एक भी मजदूर मेडिकल चेकअप के कारण काम से बाहर नहीं होगा। हम घोषणा करते हैं कि आज से मेडिकल चेकअप का गेट पास से किसी प्रकार का लिंक नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि, ईएसआईसी की सीमा से बाहर हो चुके मजदूरों के इलाज पर भी सहमति बन गई है, प्रबंधन ने वादा किया है कि मार्च तक अगर ईएसआईसी 21000/= रुपये की सीमा को आगे नहीं बढ़ाती है तो अप्रैल से मजदूरों के इलाज की जवाबदेही बोकारो स्टील प्लांट की होगी। वहीं, इन्सेंटिव रिवार्ड स्कीम पर बोलते हुए श्री सिंह ने कहा कि प्रबंधन ने वादा किया है कि जितना जल्द हो सकता है, हम नवीकृत इन्सेंटिव रिवार्ड स्कीम को लागू करेंगे। वार्ता के दौरान ही ई.डी वर्क्स ने कमेटी से फोन से बात कर जल्द से जल्द निर्णय लेने का आदेश भी दिया। अंत में श्री सिंह ने कहा कि हम एक जिम्मेदार यूनियन हैं। उन्होंने हड़ताल की स्थगित करने की घोषणा की।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
RNI : JHAHIN/2014/54374
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 07 मार्च, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### गंगा नदी थाना में मारपीट व दहेज प्रताड़ना के मामले में दिया आवेदन

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंजः** गंगा नदी थाना क्षेत्र के गोपालपुर पिलहर टोला निवासी विवाहिता युवती प्रियंका कुमारी उम्र 22 वर्ष पति धनंजय सिंह ने गुरुवार को मारपीट करने, दहेज प्रताड़ना तथा पति के द्वारा दूसरी शादी कर लेने को लेकर लिखित आवेदन देते हुए कानूनी कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। जहां गंगा नदी थाना क्षेत्र की पुलिस ने युवती के द्वारा दिए गए आवेदन पत्र पर थाना कांड संख्या 05/25 के तहत दहेज प्रतिषेध अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज करते हुए पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। उधर मामले को लेकर गंगा नदी थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

### पुलिस केंद्र में प्रशिक्षण दिया गया

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंजः** अपर पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण एवं आधुनिकीकरण) झारखंड राँची के आदेशानुसार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित 03 (तीन) नए अपराधिक कानून क्रमशः भारतीय न्याय संहिता-2023 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के सफल क्रियान्वयन हेतु गैर पुलिस कर्मियों यथा चिकित्सक, नर्श, एवं पारामेडिक्स इत्यादि को दिनांक-06.03.2025 को पुलिस केन्द्र, साहेबगंज में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक (मु०), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहेबगंज, पुलिस निरीक्षक सह-थाना प्रभारी नगर, तथा अन्य उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्रदान किये। प्रशिक्षण के दौरान पिड़िता एवं अभियुक्त के मेडिकल जाँच एवं अभियुक्त से साक्ष्य संकलण पोस्टमार्टम रिपोर्ट अपंगता एवं मानसिक दुर्बलता संबंधी जाँच एवं प्रमाण-पत्र सहित अन्य दुर्घटना से संबंधित जाँच तथा ससमय अनुसंधानकर्ता को रिपोर्ट समर्पित करनें इत्यादि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया .

उल्लेखनीय है कि उक्त तीनों नये क्रिमिनल लॉ के संबंध में साहेबगज जिला के सभी अनुसंधानकर्ता प्रशिक्षण पूर्व में ही प्रदान किया जा चुका है।

### केंद्रीय विद्यालय में एक दिवसीय दक्षता विकास कार्यशाला आयोजित



**राष्ट्रीय मुख्यधारा :बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल स्थित केंद्रीय विद्यालय में गुरुवार को एक दिवसीय दक्षता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य डॉ बीआर डे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम आरंभ की। कार्यशाला में पधारे अभिभावकों का स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य ने दक्षता कौशल विकास कार्यक्रम (कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम) विषय पर कार्यशाला का को संबोधित किया। दक्षता कौशल विकास कार्यक्रम, समावेशी शिक्षा के क्रियान्वयन, अतिरिक्त विषयों के पठन-पाठन, खिलौना आधारित शिक्षण, मूल्यांकन, कथावाचन आदि विषयों पर संबोधित किया। कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थियों का विकास होता है। हम सबको जिज्ञासु प्रवृत्ति का होना चाहिए। कार्यशाला का संचालन विभा रानी श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन मो इमरान ने किया। कार्यशाला में राकेश पाठक, शशि रंजन, बेला तिर्की, अजय महतो, लुगुन, कल्पना, मीना, दिव्या सरोज, अब्दुल रहमान, मंजीत तिवारी, हरेंद्र महतो, सारिका रानी, दीक्षा दत्त, शुभम कुमार, साक्षी पांडेय मौजूद थीं।

### सिंचाई योजनाओं की समीक्षा बैठक की

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में सिंचाई अंचल संख्या-1, बरहेट के अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली गई। गुमानी बैराज योजना के तहत सैडल डाइक के बाएं छोर से मोरंग नदी तक बाएं एफ्लक्स बंड/पोंडिंग बंड के निर्माण कार्य,



दाएं एवं बाएं एफ्लक्स बंड पर पीसीसी सड़क निर्माण और बरमसिया गांव के पास भूमि अधिग्रहण कार्यों की समीक्षा की। साथ ही उन्होंने बरहेट ब्लॉक के सरजामघुटू, कुशमा लखनटोला, हाटपारा समेत अन्य स्थानों पर कटाव निरोधक कार्यों की प्रगति की जानकारी ली।सभी योजनाओं को समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बरती जाए और भूमि अधिग्रहण संबंधी कार्यों में तेजी लाई जाए।

### महाराजपुर में छापामारी करते हुए साइबर थाना बिहार के नवादा पुलिस


**राष्ट्रीय मुख्यधाराः साहिबगंजः** जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के महाराजपुर रेलवे स्टेशन के समीप तालझारी थाना प्रभारी अमर कुमार मिंज के सहयोग से बिहार के नवादा जिले की साइबर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही की है। यहां आपको बता दें कि नवादा साइबर थाने के पदाधिकारी सुमित कुमार के नेतृत्व



में छापेमारी कर महाराजपुर के एक युवक को गिरफ्तार किया है इतना ही नहीं नवादा पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन भी जब्त किया है। वही छापेमारी करने पहुँचे पुलिस पदाधिकारी सुमित कुमार का कहना है कि नवादा के साइबर थाना में एक युवक ने लिखित आवेदन देकर मोबाइल चोरी का एफआईआर दर्ज कराया था इसी मामले में पुलिस के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

### खैराचातर के समाजसेवी कौशलेंद्र किशोर नाथ सिंह का निधन

**राष्ट्रीय मुख्यधाराः बोकारो :** कसमार प्रखंड के खैराचातर राज परिवार के सदस्य व समाजसेवी कौशलेंद्र किशोर नाथ सिंह (उम्र 65 वर्ष) का इलाज के दौरान गुरुवार को निधन हो गया। वह पिछले कुछ दिनों से बीमार थे और मेडिका में इलाज चल रहा था। स्वर्गीय सिंह खैराचातर राज परिवार के इकलौते दामाद के रूप में इसी गांव में बसे थे और सामाजिक



गतिविधियों से जुड़े थे। खैराचातर के हाट बजार के संचालन और प्राचीन दुर्गा मंदिर समेत अन्य सामाजिक कार्यों में उनकी विशेष भूमिका थी। वह अपने पीछे तीन पुत्र व एक पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, प्रखंड प्रमुख नियोती कुमारी, पूर्व मुखिया रामसेवक जायसवाल, समाजसेवी राजेश कुमार राय, लोकेश दे, पंकज कुमार जायसवाल, विमल राय, सौरभ राय, उपेंद्र कुमार जायसवाल, सुंदरलाल घांसी समेत अन्य लोगों ने शोक जताया है।

# जगदंबा ज्वेलर्स चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद





राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारोः** बोकारो के जगदंबा ज्वेलर्स में हुई चोरी के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने आरोपी सोनू कुमार, पिता रामानंद सिंह, निवासी सेक्टर 1सी, विकास नगर, थाना बीएस सिटी, जिला बोकारो को गिरफ्तार किया है। आरोपी सेक्टर 1 में राशन दुकान चलाता था और उसने इस चोरी को अकेले अंजाम दिया था।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपने पिता के करीब 9 लाख रुपये ऑनलाइन गेम में हार गया था। यह बात घरवालों को पता नहीं थी। हारे हुए पैसे की भरपाई करने के लिए उसने अपने दुकान के नजदीक स्थित जगदंबा ज्वेलर्स में सेंधमारी की योजना बनाई। चोरी के बाद उसने जेवरातों को अपने दुकान के पास एक पुराने फल दुकान में छिपा दिया, ताकि सही समय पर उन्हें बेच सके।

आरोपी के बयान के आधार पर पुलिस ने चोरी गए सभी जेवरात बरामद कर लिए हैं। इस कांड का खुलासा करने और चोरी गए सामान को बरामद करने के लिए पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गीयारी के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक नगर आलोक रंजन के नेतृत्व में एसआईटी टीम गठित की गई थी। गुप्त सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर एसआईटी टीम ने आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई।

आरोपी सोनू कुमार का आपराधिक इतिहास पहले से ही दर्ज है। इसके खिलाफ सेक्टर 4 थाना कांड संख्या 139/21 (दिनांक 24.10.21) और बीएस सिटी थाना कांड संख्या 216/14 (दिनांक 29.10.24) में मामले दर्ज हैं।

पुलिस ने चोरी के सामान को भी जब्त कर लिया है, जिसमें चांदी की 3 थालियां, 1 ट्रे, 6 प्लेट, 1 कड़ा, 7 किया, 2 मझली, 1 लोटा, 2 दिए, 4 परत घड़ा नोट, 2 सिक्के और अन्य सामान शामिल हैं।

पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है और आरोपी से जुड़े अन्य पहलुओं की भी पड़ताल जारी है।

## मनरेगा का प्रखंडस्तरीय सामाजिक अंकेक्षण शुरू



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**गोमिया (बोकारो) :** गोमिया प्रखंड कार्यालय सभाकक्ष में मनरेगा अन्तर्गत प्रखण्ड स्तरीय सामाजिक आंकेक्षण की जनसुनवाई एवं संकलन 2023- 24 का काम गुरुवार को शुरू हुआ। इस अवसर पर बीडीओ महादेव कुमार महतो, डीआरपी कुलदीप मिश्र, लोकपाल मनरेगा बोकारो भूपेंद्र श्रीवास्तव, बीपीओ आशीष रंजन, मनोहर दास, सहायक अभियंता अरविन्द कृष्ण खास आदि मौजूद रहे। डीआरपी कुलदीप मिश्र ने बताया कि इस सामाजिक अंकेक्षण के तहत जनसुनवाई करना, मनरेगा कार्यक्रम के क्रियान्वयन की जांच करना और मनरेगा के तहत योजनाओं की गुणवत्ता और उसके प्रभाव को पता लगाना है। उन्होंने ने यह भी बताया कि अब तक गोमिया प्रखण्ड की 14 पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है और बाकी पंचायतों में प्रतिवेदन की जांच चल रही है। मौके पर कनीय अभियंता अभय कुमार, मो इकबाल, सोनू मंडल रोजगार सेवक पन्नालाल शर्मा, एकराम शम्सी, खुलेश्वर महतो, विशाल डे, कपिलदेव रविदास, मुकेश प्रजापति, छोटेलाल रजक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पीजीटी शिक्षक सलमान के निधन पर कसमार में शोक सभा का आयोजन

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** कसमार स्थित पीएम श्री प्लस टू हाई स्कूल में रामगढ़ के पीजीटी शिक्षक मोहम्मद सलमान के असामयिक निधन पर गुरुवार को शोक सभा आयोजित की गयी। इस दौरान राजबल्लभ प्लस टू उच्च विद्यालय सांडी, रामगढ़ के 2024 बैच के नवनियुक्त युवा पीजीटी शिक्षक मोहम्मद सलमान के असामयिक निधन पर सभी शिक्षकों ने शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बताया गया कि शिक्षक साथी के इतनी कम उम्र में दुनिया छोड़ कर चले जाने से सभी शिक्षक शोकाकुल हैं। इस दौरान उच्च विद्यालय कसमार के सभी शिक्षकगण ने विद्यालय के प्राचार्य फारुक अंसारी एवं झारखण्ड प्लस टू शिक्षक संघ, बोकारो के सचिव



डॉ अवनीश कुमार झा के नेतृत्व में शोक सभा में दिवंगत मेधावी शिक्षक के नेतृत्व एवं कृतित्व को याद किया एवं उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। मौके पर विद्यालय के वरीय शिक्षक सत्येन्द्र कुमार, डॉ रणजीत कुमार झा, रामबाबू शुक्ल, डॉ अवनीश कुमार झा,महाकांत झा, अशोक कुमार रजवार, धनंजय कुमार, सीमा ठाकुर, सुमन कुमारी, कैलाश कुमार, सुजाता कुमारी, सुभय कुमार चक्रवर्ती, प्रशांत कुमार ओझा, परमेश्वर बेसरा, सीमा कुमारी, अमित कुमार, जितेन्द्र कुमार सिंह, खुर्शीद रजा, सुशीला कुमारी, रितेश कुमार महथा, अजय कुमार दुबे, रिशु कुमार, नितेश कुमार प्रजापति एवं मेहताब खातून उपस्थित थे।

## महारुद्र यज्ञ का 17 मार्च को होगा शुभारंभ, थाना प्रभारी ने लिया जायजा



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंज :** अति महारुद्र यज्ञ सह विराट मेला का शुभारंभ आगामी 17 मार्च को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा व यज्ञ की पूर्णाहुति 27 मार्च को होना सुनिश्चित हुआ है। जहां अति महारुद्र यज्ञ के सफल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए अति महारुद्र यज्ञ कमेटी के सदस्य व्यापक रूप से तैयारी में जुटे हुए हैं। उधर अति महारूद्र यज्ञ व मेले का सफल संचालन हेतु थाना प्रभारी पवन कुमार ने मेला क्षेत्र का जायजा लिया। जहां अति महादूद्र यज्ञ कमेटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वही थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि अति महरुद्र यज्ञ सह मेला परिसर में अस्थाई पुलिस कैंप बनाया जाएगा जिसमें मेले की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात रहेंगे। वही यज्ञ स्थल पर सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। वही यातायात व्यवस्था यातायात प्रबंधन के तहत वाहनों की पार्किंग और यातायात को सुगम बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए जाएंगे। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी ना हो को लेकर यज्ञ में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए उचित भीड़ प्रबंधन योजना बनाई जाएगी। इन दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने से यज्ञ का आयोजन शांति और सुव्यवस्थित ढंग से किया जा सकेगा।

## आवेदन देकर थाना में लगाई गुहार

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंजः** मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र के सकरीगली, समदा निवासी हरेराम यादव ने मुफ्फसिल थाना में आवेदन देकर कुछ लोगों पर गाली-गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाया है। दिए गए आवेदन में पीड़ित ने बताया कि मंगलवार की शाम 5:30 बजे हर्ष यादव अपना टोटो लेकर उसकी मां के सुखा हुआ गोइठा पर चढ़ा दिया। पूछने पर मां ने दस चक्का चढ़ा देने की बात कही। उधर बीच-बचाव करने गया तो धक्का मार कर उसे गिरा दिया। इसके बाद अवध यादव, पार्वती देवी, निशा कुमारी ने उसे व उसकी मां व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। पीड़ित ने उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले छात्र पुरुस्कृत



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**रामगढ़ः** प्रखंड क्षेत्र में स्थित लालकृष्ण सोना मति मध्य विद्यालय में गुरुवार को छात्रों के बीच खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया।इस दौरान बालक वर्ग में मेढक दौड़ बोरा दौड़,चम्मच गोली और बालिका वर्ग में मेढक दौड़ सुई धागा,चम्मच गोली,कुर्सी दौड़ का आयोजन किया गया।जिसमे बालक वर्ग में मेढक दौड़ में प्रथम स्थान गौरव रजवार,दित्तीय स्थान समीर कुमार,तृतीय स्थान साहिल कुमार,बोरा दौड़ बालक में प्रथम स्थान नैतिक कुमार,दित्तिय स्थान अंकित साव,तृतीय स्थान अरविंद कुमार,चम्मच गोली में प्रथम स्थान गौरव रजवार,दित्तीय स्थान शुभम कुमार,तृतीय स्थान खुशबू कुमारी,मेढक दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम स्थान वैष्णवी ,दित्तीय स्थान इशिका कुमारी,तृतीय स्थान आरोही कुमारी,सुई धागा में प्रथम स्थान राधिका कुमारी,दितीय स्थान संध्या कुमारी,तृतीय स्थान अनवी कुमारी,चम्मच गोली बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पूर्णिमा कुमारी,दित्तीय स्थान रीमा पोद्दार,तृतीय स्थान लक्ष्मी भगत और कुर्सी दौड़ में प्रथम स्थान मनीषा कुमारी,दित्तीय स्थान रीमा पोद्दार,तृतीय स्थान सिमरन कुमारी चुनी गई।सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को स्कूल प्रबंधक के द्वारा पुरुस्कार देकर छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए शुभकामनाएं किया गया।मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनूप चंद्र पोद्दार,शिक्षक पंकज कुमार झा,संजय कुमार नायक,मीरा कुमारी,मंजू पाठक,फरहा यास्मीन,मंजू किंकर,मृणालनी विजय लक्ष्मी, देवब्रत चंद्र पोद्दार,संगीता सिन्हा,पुतुल कुमारी,बबिता पोद्दार आदि मौजूद थे।

## विधायक दल के नेता चुने जाने पर बाबूलाल मरांडी को दी बधाई

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**रामगढ़ः** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को विधायक दल प्रतिपक्ष के नेता चुने जाने पर मंडल के तरफ़ से बहुत बधाई दी है।कहा गया कि बाबूलाल के बनने पर सदन से लेकर सड़क तक झारखंड की जनता की आवाज बनकर अपने बातों को रखेंगे। हेमंत सरकार को घेरने में कोई कशर नहीं छोड़ेंगे। बधाई देने वालों में मंडल अध्यक्ष बबलु साव, महामंत्री जितेन्द्र साहु, बिजय ओझा जिला उपाध्यक्ष स्नेहलता चौधरी, डोमन नायक ,पंचम चौधरी, अर्जुन प्रसाद, उपाध्यक्ष संतोष कुशवाहा, हरिश बर्मन, राकेश पंडा, देंवती देवी, गोपाल सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष बिकास मणि पाठक, प्रदीप बर्मन ,प्रदीप ठाकुर ,रामकुमार नायक, ललन कुशवाहा ,उज्जवल चक्रवर्ती ,प्रीतम झा ,सुलेखा देवी, सुधा



देवी, अनिता देवी, अनिल कुमार, आर एन सिंह, मुन्ना नायक, प्रमोद रजवार, झुलन महथा, सचिन कुमार, भागीरथ कश्यप, प्रकाश कपुर, उतम कुशवाहा, जितलाल मुंडा, एहसानुल हक, निरंजन तिवारी ,संतोष साव, प्रमोद रंजन शिव मंगल प्रसाद जितेन्द्र कुशवाहा बालेश्वर प्रजापति नन्द किशोर महतो प्रकाश पोद्दार आदि शामिल हैं।

## गव्य विकास विभाग का औचक निरीक्षण



राष्ट्रीय मुख्यधारा

**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा गव्य विकास विभाग का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान विभाग में कई अनियमितताएं पाई गईं, जिसपर उपायुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। जिसमें गाय वितरण के उपरांत भुगतान नहीं होने एवं अन्य अनियमितताओं की शिकायत की गई थी। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने बिना देर किए गव्य विकास कार्यालय का निरीक्षण करने का निर्णय लिया गाय वितरण से संबंधित संचिकाओं की गहन जांच की। इस दौरान उपायुक्त ने लाभुकों को फोन कर गाय प्राप्ति की स्थिति, पशु के स्वास्थ्य एवं दूध उत्पादन की जानकारी ली। कई लाभुकों द्वारा पशु प्राप्ति में देरी एवं गाय के स्वास्थ्य को लेकर नकारात्मक बातें बताई, जिसपर उपायुक्त ने गव्य विकास पदाधिकारी को संबंधित व्यापारी के भुगतान में कटौती करने के निर्देश दिए। गव्य व्यापारी द्वारा संचिका सीधे उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत करने के मामले को गंभीर मानते हुए कड़ी फटकार लगाई। साथ ही पदाधिकारी पर आरोप पत्र गठित करने एवं प्रधान लिपिक से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया।पशुओं के स्वास्थ्य एवं रखरखाव की स्थिति को लेकर संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए गए।

## खैराचातर में किशोरियों को दिया गया नेतृत्व क्षमता का प्रशिक्षण

राष्ट्रीय मुख्यधारा

**बोकारो :** सहयोगिनी संस्था की ओर से गुरुवार को खैराचातर पंचायत सचिवालय में किशोरियों में नेतृत्व क्षमता विकास को लेकर जीवन कौशल प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पंचायत के मुखिया विजय कुमार जायसवाल ने कहा कि लड़कियों को सरकारी योजना से जोड़ना हम सभी स्टेकहोल्डर की जिम्मेदारी है। किशोरियों के पास जानकारी का अभाव होने के कारण जीवन में आगे नहीं बढ़ पा रही है। सहयोगिनी की ओर से दिए जा रहे लाइफ स्किल प्रशिक्षण से उन्हें जीने के तरीको की जानकारी मिल रही है। इससे उन्हें अपने भविष्य में आगे बढ़ने में काफी मदद मिलेगी। प्रशिक्षक




प्रेम कुमार महतो ने कहा कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से लड़कियां अपना भविष्य में सफलता प्राप्त कर सकती है। समन्वयक प्रकाश कुमार महतो ने बताया कि कसमार प्रखंड के 7 पंचायत के 30 गांव में किशोरी क्लब बनाकर उनके नेतृत्व क्षमता विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ने तथा उनके साथ महिला हिंसा रोकथाम पर काम किया जा रहा है। एनिमेटर प्रतिमा सिंह ने कहा कि किशोरियों का क्षमता विकास हेतु प्रशिक्षण, किशोरी क्लब का संचालन, कानूनी प्रशिक्षण, पियर लीडर के माध्यम से गतिविधि जैसी विभिन्न गतिविधिया आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान समन्वयक प्रकाश कुमार महतो, अनुष्का राय, वैष्णवी कुमारी, सूजा कुमारी, न्यासा खुशी, बरसा कुमारी, एकता कुमारी, सानिया सोम, टिंकी कुमारी, मालती कुमारी व अन्य उपस्थित थी।

संक्षिप्त समाचार

## होली से पहले स्वास्थ्य विभाग के इन कर्मचारियों को खुशखबरी, बढ़ी 5 हजार सैलरी, एरियर भी मिलेगा

**रांची, एजेंसी।** स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत बहुद्देश्यीय कार्यकर्ताओं (एमपीडब्ल्यू) के मानदेय में पांच हजार रुपये की वृद्धि की गई है।

अब उन्हें 20 हजार रुपये मासिक की जगह 25 हजार रुपये का भुगतान होगा। सबसे बड़ी बात यह है कि इसका लाभ एक सितंबर 2024 की तिथि से ही मिलेगा। ऐसे में इन स्वास्थ्य कर्मियों को एरियर का भुगतान किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने मानदेय बढ़ाने पर कहा है कि राज्य सरकार ने कर्मियों को होली और रमजान का तोहफा देने का काम किया है। यह एमपीडब्ल्यू कर्मियों की मेहनत का सम्मान भी है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री और विभागीय पदाधिकारियों के प्रति आभार भी प्रकट किया। इधर, एमपीडब्ल्यू कर्मियों ने सरकार के इस निर्णय पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से मानदेय वृद्धि की मांग हो रही थी, लेकिन अब सरकार ने इसपर निर्णय लिया है। सरकार की यह पहल झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को और सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कर्मियों ने इसके लिए मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और विभागीय अधिकारियों को सम्मानित करने का निर्णय लिया है।

बताते चलें कि बहुद्देश्यीय कार्यकर्ता मलेरिया उन्मूलन के लिए सैंपल लेने के अलावा कई अन्य स्वास्थ्य योजनाओं में अपनी भूमिका निभाते हैं। सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल ने बुधवार को विधानसभा के शून्य काल में टंडवा व गिद्धौर स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस सहित अन्य स्वास्थ्य सुविधा के नहीं रहने का मामला उठाया। उन्होंने कहा सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के टंडवा व गिद्धौर प्रखंड में स्वास्थ्य सुविधा की स्थित ठीक नहीं है। भवन तो बना दिए गए। परंतु सुविधा आज तक बहाल नहीं किया गया। जमशेदपुर के परसुडीह स्थित सदर अस्पताल में अब सभी चिकित्सकों को समय पर ड्यूटी आना होगा। इसे लेकर सिविल सर्जन डॉ. साहिर पाल ने सख्त निर्देश जारी किया है।

## सदन में गूंजा 1.36 लाख करोड़ का मामला, कल्पना बोलीं- लेकर रहेंगे बकाया



**रांची, एजेंसी।** मूल बजट पर दूसरे दिन वाद-विवाद के दौरान 1.36 लाख करोड़ रुपये बकाया के मामले पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई. इस दौरान झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने दो टूक कहा कि 1.36 लाख करोड़ लेकर रहेंगे. जनता लड़ाई के लिए तैयार है. इस पर भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि जनता को गुमराह ना करें. यह बताएं कि पैसे की मांग आखिर किससे हो रही है. अगर केंद्र के पास बकाया है तो विपक्ष हर तरह से सहयोग के लिए तैयार है, लेकिन यहां तो पब्लिक सेक्टर वाली कंपनियों का मामला है.

**बकाया राशि के मसले पर क्या बोलीं कल्पना सोरेन:** झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि बता दीजिए कि 1.36 लाख करोड़ कब हमको देंगे . आप जो भी इंवेस्टमेंट कर रहे हैं, चाहे वो रोड या ट्रेन हो. आपका इंटेंशन है यहां का खजाना ले जाना. कौन-कौन रास्ता से खजाना ले जाना चाहते हैं. अगर कोई नया रास्ता अख्तियार किया है तो बताएं. हवाई जहाज के माध्यम से खजाना ले जाएंगे तो पहले बकाया 1.36 लाख करोड़ दीजिए. नहीं तो झारखंड अपनी लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हो गया है. झामुमो विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि 1.36 लाख करोड़ लेकर रहेंगे. कान में सुना कर रखिएगा. यह झारखंड का पैसा है. भाजपा ने यहां 16 से 18 साल राज किया है. इसके लिए कोर्ट से रोड तक लड़ाई लड़ने के लिए तैयार हैं. दरअसल, गिरिडीह में 4 मार्च को स्थापना दिवस के दिन सीएम हेमंत सोरेन कह चुके हैं कि झारखंड की अपनी जमीन, अपनी इज्जत, घर का जल अगर यहां से बाहर जाएगा तो सिर्फ यहां के विधायक नहीं, बल्कि यहां की जनता लड़ने के लिए तैयार है. वहीं भाजपा विधायक नीरा यादव ने कहा कि माननीय सदस्या को विश्वास दिला दें कि अगर झारखंड का एक रुपया भी बकाया है तो हम सभी विपक्ष के लोग साथ आएंगे, लेकिन आप स्पष्ट बताएं कि क्या झारखंड का पैसा केंद्र सरकार के पास बकाया है या कंपनियों के पास. पूरे आंकड़े के साथ बताएं. झारखंड की जनता को गुमराह करने का काम ना करें।

# सब्जियों की उचित कीमत नहीं मिलने से देवघर के किसानों में मायूसी

## कहा- खेती में मेहनत के अनुरूप नहीं मिल रहा लाभ



**देवघर, एजेंसी।** झारखंड एक कृषि प्रधान राज्य है. सूबे के ज्यादातर लोग कृषि के माध्यम से ही अपना जीवन-यापन करते हैं. खासकर संथाल परगना क्षेत्र के ज्यादातर लोग खेती के भरोसे ही अपनी आजीविका चला रहे हैं. लेकिन यहां किसानों की हालात बहुत अच्छी नहीं है. देवघर के सारवां प्रखंड के कई किसानों ने कहा कि दिन-रात खेती में लगे रहते हैं, लेकिन मेहनत के हिसाब से उन्हें लाभ नहीं मिल पाता है.

**सब्जी की कीमत नहीं मिलने से मायूसी:** सारवां प्रखंड के किसान मुरली वर्मा बताते हैं कि सारवां से तीन-चार जिलों में सब्जी का निर्यात किया जाता है. देवघर के सारवां से दुमका, बांका और गिरिडीह जैसे जिलों में प्रतिदिन सब्जी सप्लाई की जाती है, लेकिन किसानों को उनके मेहनत के हिसाब से सब्जी की कीमत नहीं मिलती है.

**खेत में बर्बाद हो रहे टमाटर:** किसान मुरली वर्मा बताते हैं कि वर्तमान में उन्होंने बीट की खेती की है. बाजार में बीट की कीमत 35 से 40 रुपये प्रति किलो है, लेकिन किसानों को 15 से 20 रुपये ही प्रति किलो रेट मिल रहा है. उन्होंने बताया कि उनके खेत में टमाटर बर्बाद हो रहे हैं, लेकिन बाजार में टमाटर के दाम नहीं मिल पा रहे हैं.

**खेती के लिए सिंचाई की सुविधा नहीं:** किसान राधिका देवी और किसान मुरली वर्मा ने कहा कि किसानों को देवघर में सरकारी सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है. इसलिए किसान पूर्ण संसाधन के साथ खेती नहीं कर पाते हैं. किसानों ने कहा कि जब तक बेहतर सिंचाई की सुविधा नहीं मिलेगी, तब तक देवघर के किसानों को खेती से अच्छी आमदनी नहीं हो पाएगी.

सरकारी योजना के तहत सौर्य ऊर्जा योजना, कीटनाशक छिड़काव, अत्याधुनिक मशीन नहीं मिल पा रही है.जिस वजह से किसान खेती नहीं कर पाते हैं. जबकि किसान मुरली वर्मा की मेहनत को देखते हुए कई निजी संस्थाओं ने उन्हें कई इनाम भी दिए हैं और उनके मेहनत के लिए उन्हें प्रोत्साहित भी किया है.

**किसानों की समस्याओं पर लेंगे संज्ञान: डीएओ:** किसानों की समस्या को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी यशराज ने कहा कि किसानों के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही हैं. योजनाओं को किसान तक पहुंचाने के लिए सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं. उन्होंने बताया कि वर्तमान में पीएम किसान योजना और राज्य सरकार की किसान समृद्धि योजना जिले में सभी किसानों के लिए चलाई जा रही है. इसके बावजूद यदि किसानों को लाभ नहीं मिल रहा है तो वह इस पर जरूर संज्ञान लेंगे.

### ड्रिप सिस्टम से सिंचाई करने की सलाह

उन्होंने सिंचाई की समस्या पर कहा कि देवघर जिले में पानी की दिक्कत शुरू से ही है. इस वजह से सिंचाई के लिए किसानों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पाता है, लेकिन उन्होंने सभी किसानों को सुझाव देते हुए कहा कि यदि ड्रिप सिस्टम से सिंचाई करें तो उन्हें खेती में लाभ मिलेगा और कम पानी में जिले के किसान बेहतर खेती कर पाएंगे.

### प्रगतिशील किसानों को किया जाएगा चिन्हित

इसके अलावा जिन किसानों को संसाधन नहीं मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रखंड कृषि पदाधिकारी के माध्यम से वह सभी प्रखंडों के किसानों की समस्या से अवगत होंगे और प्रगतिशील किसानों को चिन्हित कर उनपर विशेष ध्यान दिया जाएगा. गौरतलब है कि देवघर जिले में किसानों की स्थिति को सुधारने के लिए किए जा रहे प्रयासों का लाभ सभी किसानों को नहीं मिल रहा है. जरूरत है जिला प्रशासन और सरकार किसानों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए वृहत स्तर पर काम करें.



## अब 17 मार्च को भी रहेगा अवकाश, कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से हुआ फैसला !

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान रंगोत्सव होली के लिए पूर्व से 12 मार्च से 16 मार्च तक अवकाश घोषित है. 05 मार्च को विधानसभा के स्पीकर कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलाकर सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 17 मार्च को भी होली की वजह से सदन की कार्यवाही स्थगित रहेगी. 17 मार्च के लिए पूर्व से लिस्टेड बिजनेस 22 मार्च को होगा. पहले शनिवार होने की वजह से 22 मार्च को अवकाश घोषित था.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, माले विधायक अरूप चटर्जी, लोजपा (आर) के विधायक, जनार्दन पासवान, भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव, कल्पना सोरेन, मथुरा महतो, बसंत सोरेन की उपस्थिति में स्पीकर रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में हुई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि षष्ठम विधानसभा के वर्तमान बजट सत्र में अब होली का अवकाश 12 से 16 मार्च की जगह 12 से 17 मार्च तक रहेगा. पहले से जो विधायी कार्य 16 मार्च के लिए लिस्टेड थे, अब उसे 22 मार्च को पूरा किया जाएगा. शनिवार 22 मार्च को भी सदन की कार्यवाही आहूत होगी.

भाजपा की वरिष्ठ विधायक और पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ नीरा यादव, पूर्व शिक्षा मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव ने कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में हर दिन शून्यकाल के लिए माननीयों के प्रश्न जमा करने में हो रही परेशानियों को उठाया. भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि शून्यकाल के लिए हर दिन सिर्फ 25 प्रश्न लिए जाते हैं. सभी विधायकों को अपने अपने क्षेत्र की समस्या के समाधान के लिए प्रश्न लगाने के लिए रात 12 बजे से ही विधानसभा की दौर लगानी पड़ती है. नीरा यादव ने बताया कि एक दिन अर्धरात्रि 12 बजकर 03 मिनट पर आकर प्रश्न जमा करने पर 27 वां नंबर मिला, जबकि 25 प्रश्न ही लिए जाते हैं.

कार्यमंत्रणा समिति के ज्यादातर सदस्यों ने बैठक के दौरान शून्यकाल के लिए प्रश्न जमा करने के लिए सुबह 05 से 07 बजे तक विशेष व्यवस्था करने की मांग की. ताकि माननीय सदस्यों को रतजागा नहीं करना पड़े.

# मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को होली गिफ्ट, तीन माह की किस्त भेजने की तैयारी!




**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के लिए खुशखबरी है. उनको होली गिफ्ट मिलने जा रहा है. इसबार एक साथ तीन माह यानी जनवरी, फरवरी और मार्च का किस्त मिलेगा. हर लाभुक के खाते में 2,500 रु. प्रति माह के हिसाब से तीन माह के 7,500 रु. ट्रांसफर हो जाएंगे. लेकिन पात्रता नहीं रखने के बावजूद आवेदन देकर अगस्त 2024 से दिसंबर 2024 तक का किस्त उठाने वाली लाभुकों को झटका लगने वाला है. सूत्रों को मुताबिक 13 लाख से ज्यादा लाभुकों के खाते में पैसे नहीं जाएंगे.

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सभी जिलों के सामाजिक सुरक्षा कोषांग को तीन माह की किस्त से जुड़ी राशि भेज दी गई है. विभाग के पूर्व के आदेश के तहत अपात्र लाभुकों की छंटनी का काम चल रहा था. इसकी वजह से जनवरी और फरवरी माह की राशि जारी नहीं की गई थी. इसबार पीएफएम यानी पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम से लाभुकों के खाते में पैसे ट्रांसफर किए जाएंगे. सबसे खास बात है कि 5 मार्च से जिला स्तर पर राशि ट्रांसफर करने की प्रक्रिया शुरु हो जाएगी.

सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना पोर्टल से 43,85,357 लाभुकों का पेमेंट लिस्ट डाउनलोड किया जा चुका है. इनमें से 43,08,088 लाभुकों का आधार नंबर [illegible] पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है. लेकिन आधार सीड डाटा में 37,55,233 लाभुकों का नाम दर्ज हुआ है.

सूत्रों का कहना है कि ऐसे में जनवरी, फरवरी और मार्च माह की किस्त 37,55,233 लाभुकों के खाते में ट्रांसफर होगी. शेष 5,52,855 लाभुकों के खाते में आधार सीडिंग के बाद पैसे जाएंगे. टॉप 5 जिलों की बात करें तो सबसे ज्यादा रांची में 3,65,512 लाभुक, गिरिडीह में 3,54,511 लाभुक, धनबाद में 3,09,879 लाभुक, पलामू में 2,84,006 और बोकारो में 2,79,746 लाभुक हैं.

बता दें कि 6 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची के नामकुम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 56,61,791 लाभुकों के खाते में बढ़ी हुई 2,500 रु. की किस्त जारी की थी. इस लिहाज से देखें तो स्क्रूटनी के बाद पात्र लाभुकों की संख्या 43,08,088 हो गई है. इस हिसाब से 13,53,703 लाभुकों को झटका लगने वाला है.

खास बात है कि इस बारे में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग का कोई भी अधिकारी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है. वैसे 27 फरवरी को सदन में एसटी,एसटी, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा था कि 15 मार्च से पहले लाभुकों के खाते में जनवरी और फरवरी माह की किस्त चली जाएगी.

## मानदेय वृद्धि को लेकर रसोइया संयोजिका का धरना, एमडीएम बंद करने की दी चेतावनी



**रांची, एजेंसी।** सरकारी विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन तैयार करने वाली रसोइया संयोजिका सरकार की वादाखिलाफी से खासे नाराज हैं. राज्य सरकार के साथ हुए समझौते को लागू कराने की मांग को लेकर रसोईया संयोजिका ने हड़ताल पर जाने की धमकी दी है. अपनी मांगों को पूरा कराने को लेकर बीते 28 फरवरी से पांच दिवसीय आंदोलन के क्रम में मंगलवार को कोल्हान प्रमंडल के रसोईया संयोजिका ने विधानसभा के समक्ष धरना प्रदर्शन कर सरकार से अविलंब समझौते को लागू करने की मांग की. आंदोलन कर रहे रसोईया संयोजिका ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि 6 मार्च तक यदि सरकार मांगों को पूरा नहीं करती है तो विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनना बंद हो जाएगा. संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष अनीता देवी केसरी ने सरकार के वादा खिलाफी पर नाराजगी जताते हुए कहा कि समझौते के वक्त यह कहा गया था कि अक्टूबर 2024 से यह लागू हो जाएगा और इसके लिए कैबिनेट में भी पास हुआ था. लेकिन दुख के साथ यह कहना पड़ रहा है कि यह अभी तक लागू नहीं हुआ है. रसोईया संयोजिका की ये है मांगआंदोलनरत रसोईया संयोजिका न्यूनतम वेतन लागू करने सहित कई मांगों को पूरा करने के लिए सरकार पर दबाव बना रहे हैं. समझौता के तहत रसोईया को 1 हजार रुपए प्रतिमाह वृद्धि करने, 10 महीने के बजाय 12 महीने का मानदेय देने, साल में दो साड़ी सेट देने और रसोइया का स्थायी नियमावली जब तक नहीं बनता है, तब तक 60 साल की उम्र का बाध्यता समाप्त करने की बात कही गई थी. इसके अलावा संघ का मानना है कि रसोईया संयोजिका को 5 लाख तक का निशुल्क बीमा के साथ–साथ पीएफ और ग्रेच्युटी लागू करने की बात कही गई थी।

## 17 मार्च को स्थगित रहेगी विधानसभा की कार्यवाही

**रांची, एजेंसी।** झारखंड विधानसभा में होली के त्योहार के मद्देनजर 17 मार्च की कार्यवाही स्थगित रहेगी। पहले इस दिवस को कार्यवाही निर्धारित थी। इस निमित्त निर्णय के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर की उपस्थिति मे स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो के कक्ष में कार्यमंत्रणा समिति की बैठक हुई।

तय किया गया कि होली के त्योहार के मद्देनजर सदस्यों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए चलते बजट सत्र के 17 मार्च के कार्यदिवस को स्थगित करते हुए उस दिन होने वाली सदन में समस्त कार्यवाहियों को शनिवार, 22 मार्च को लिए जाने का निर्णय लिया गया। उधर, नागरमल मोदी सेवा सदन ब्लड सेंटर के तत्वाधान में झारखंड विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जा रहा है। ब्लड डोनेशन कैंप में भारी संख्या में लोग रक्तदान कर रहे हैं।

बुधवार को स्पीकर के विशेष कार्य पदाधिकारी विवेक कुमार(छुस), स्टेट प्रोटोकॉल ऑफिसर राहुल कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी रविंद्र कुमार मिश्रा सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। झारखंड में हेमंत सोरेन कैबिनेट की बैठक बुधवार 12 मार्च को निर्धारित की गई है। मंत्रिमंडल समन्वय एवं निगरानी विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। होली के पूर्व आयोजित इस बैठक को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि इस दौरान कर्मियों और राज्य के लोगों को होली का उपहार देने से संबंधित कुछ निर्णय लिए जा सकते हैं। सदन से बुधवार को वाकआउट करने के बाद मीडिया से बात करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि विधानसभा अध्यक्ष सदन को मनमाने ढंग से चलाना चाहते हैं। सत्ता पक्ष को बोलने में तरजीह दी जाती और समय भी अधिक मिलता है। वहीं विपक्ष के सदस्य जब बोलने के लिए खड़ा होते हैं तो बार बार टोकाटोकी की जाती है। भाजपा विधायक नीरा यादव जब सदन में बोल रही थी तो सत्तापक्ष के विधायकों ने टोका। कहा कि दुर्भाग्यजनक यह है कि आसन से उनको संरक्षण प्राप्त हुआ। नीरा यादव ने जब स्पीकर से टोकाटोकी में बर्बाद समय के बदले समय की मांग की तो अध्यक्ष ने अस्वीकृत कर दिया।

## देवघर में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए चलाया जाएगा अभियान, विद्युत विभाग ने सेट किया टारगेट

**देवघर, एजेंसी।** जिले में बिजली की चोरी एक बड़ी समस्या है. शहर के करीब 80त्न घरों में अब तक स्मार्ट मीटर नहीं लगा है. देवघर के बिजली विभाग के कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार शहर में करीब सवा लाख उपभोक्ता हैं. जिसमें करीब 700 उपभोक्ता ही फिलहाल स्मार्ट मीटर का उपयोग कर रहे हैं.

**53 करोड़ रुपये का बिजली बिल माफ:** इस संबंध में विद्युत आपूर्ति प्रमंडल देवघर के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नीरज आनंद बताते हैं कि राज्य सरकार की योजना के तहत देवघर जिले के लोगों का 53 करोड़ रुपये का बिजली बिल माफ किया गया है. वहीं प्रत्येक उपभोक्ता को 200 यूनिट बिजली माफी का लाभ दिया जा रहा है. जिनके घरों में स्मार्ट मीटर लगे हैं वह सरकार की इस योजना का आसानी से लाभ उठा रहे हैं. एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नीरज आनंद ने बताया कि जिन घरों में स्मार्ट मीटर नहीं लगे हैं उन घरों की मीटर रीडिंग सही तरीके से नहीं आ पा रही है. इस कारण कई उपभोक्ताओं को 200 यूनिट बिजली फ्री का लाभ नहीं मिल पा रहा.

**लोगों को बताए जाएंगे स्मार्ट मीटर के फायदे:** उन्होंने बताया कि वर्तमान में जो साधारण मीटर लगे हुए हैं उसमें छेड़छाड़ की वजह से रीडिंग सही नहीं आ पाती है. जिससे कहीं ना कहीं राजस्व का भी नुकसान हो रहा है. उन्होंने कहा कि देवघर के हर घर में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए बिजली विभाग के द्वारा अभियान चलाया जाएगा. साथ ही लोगों को स्मार्ट मीटर के फायदे बताए जाएंगे.

## महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुई भाजपा नेत्री लवली

**पलामू, एजेंसी।** पांकी प्रखंड के बसडीहा स्थित सोनरे नदी तट पर भगवान भास्कर का भव्य मंदिर का कार्य पूर्ण होने के बाद बुधवार को अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास एवं नगर भ्रमण किया गया. वहीं गुरुवार को प्राण प्रतिष्ठा देव पूजन एवं प्रसाद वितरण के साथ पूर्णाहुति किया जाएगा. बता दें कि कलश यात्रा के साथ भगवान भास्कर प्राण प्रतिष्ठा सह भव्य ज्ञान महायज्ञ कार्यक्रम की शुरुआत रविवार को ही हो गयी थी.

कलश यात्रा कार्यक्रम पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान भास्कर की मूर्ति को गाजे बाजे के साथ भगवान भास्कर की जय जयकार करते हुए नगर भ्रमण किया था. भगवान भास्कर प्राण प्रतिष्ठा सह ज्ञान महायज्ञ कार्यक्रम अयोध्या से आए विजय प्रपन्न जी महाराज एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य अवध बिहारी मिश्रा एवं पंडित महावीर पांडे के सानिध्य में शुरू हुआ थी. कलश यात्रा कार्यक्रम के दौरान यज्ञ समिति लवली गुप्ता ने कहा कि कहा कि वर्षों से यह मंदिर अधूरा पड़ा था. लेकिन भगवान भास्कर की कृपा से कुछ महीनो में ही मंदिर का कार्य पूर्ण करवाया गया, जो बेहद हर्ष की बात है.

लवली ने कहा कि करोड़ों की लागत से बना यह भव्य सूर्य मंदिर पांकी प्रखंड को एक अलग पहचान दिलाएगा. मंदिर की भव्यता और दिव्यता लोगों की आस्था को और बढ़ाएगी. उन्होंने यह भी कहा कि यह मंदिर पांकी को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करेगा. बड़े ही गर्व की बात है कि पांकी जैसे छोटे प्रखंड में कई बड़े मंदिरों का निर्माण कार्य कुछ वर्षों में किया गया. उन्होंने मंदिर निर्माण एवं यज्ञ समिति के लोगों की सराहना करते हुए कहा कि यह मंदिर पांकी की पहचान को बढ़ाएगा.

# दुमका में पुलिस 2 महिला समेत 7 लोगों को किया गिरफ्तार

## डायन बिसाही को लेकर युवक की हत्या मामले में हुई कार्रवाई



**दुमका, एजेंसी।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मालभंडारो पंचायत के पकड़िया गांव में मंगलवार को डायन-बिसाही के शक में महिला की पिटाई और उसके पति बथन राणा पर जानलेवा हमला और बेटे नरेश राणा की पोल में बांधकर पीट-पीट कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कारवाई की है. पुलिस ने एक ही परिवार की दो महिला समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया. आरोपियों के साथ दो छोटे बच्चे भी हैं.

**आरोपियों को भेजा जेल:** पुलिस ने गिरफ्तार सभी सात लोगों को बुधवार की शाम कोर्ट में प्रस्तुत कर उन्हें जेल भेज दिया. जेल जाने वालों में दीबु उर्फ दीपक मड़ैया, उनके पुत्र लालबाबू मड़ैया उर्फ चुन्नू मड़ैया, गुलाब मड़ैया, रवि मड़ैया और बबलू मड़ैया, गुलाब मड़ैया की पत्नी अनीता देवी और लालबाबू मड़ैया की पत्नी अंजली देवी शामिल हैं.

**मृतक नरेश राणा की पत्नी ने कराई थी एफआईआर:** मंगलवार को मृतक नरेश राणा की पत्नी कोइनावती देवी के बयान पर हत्या का मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने रात को आरोपितों के घर पर दबिश दी. उस समय सभी नामजद आरोपित घर में थे. पुलिस को देखकर सभी आरोपित युवकों ने भागने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सके. पांचों पुरूष के अलावा हत्याकांड में शामिल घर की दो महिलाओं को भी गिरफ्तार कर लिया गया. दोनों महिलाओं के साथ उनके दो बच्चे भी हैं. हत्या में प्रयुक्त लोहे की छड़ आदि को जब्त कर लिया गया है. इसमें कुल आठ लोगों को आरोपी बनाया गया था. जिसमें सात की गिरफ्तारी के बाद एक महिला अभी भी फरार है. उसकी तलाश की जा रही है.

**ए.एस.पी के नेतृत्व में गठित हुई थी टीम:** इस घटना को लेकर पुलिस ने 8 नामजद अभियुक्तों के खिलाफ मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी दर्ज की थी. बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 117(2),117(4) एवं 103(2) तथा डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001की धारा 3/4 के तहत दर्ज इस मामले में अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए प्रशिक्षु अपर पुलिस अधीक्षक सह मुफस्सिल थाना प्रभारी डॉ सैय्यद मुस्तफा हाशमी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, जिसने सघन छापेमारी करते हुए आठ में से सात को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया. टीम में दिग्घी थाना प्रभारी अनुज कुमार, एसआई नंदन कुमार सिंह शामिल थे.

**एसपी ने गिरफ्तारी की दी जानकारी:** इस पूरे मामले में जिले के एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि डायन बिसाही को लेकर नरेश राणा की हत्या कर दी गई थी. इस मामले में पुलिस ने सात आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली है. जबकि एक को पकड़ने के प्रयास किया जा रहा है.

# बसपा के अंदर का घमासान सतह पर

**बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी सुप्रीमो मायावती के हालिया फैसले ने एक बार फिर उत्तर भारत की सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी के साथ ही राष्ट्रीय राजनीति को सरगर्म कर दिया है। मायावती ने सभी को चौंकाते हुए भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक (नेशनल कोआर्डिनेटर) समेत सभी पदों से हटाने का फैसला लिया है। साथ ही पार्टी प्रमुख ने अपने जीते-जी किसी को भी उत्तराधिकारी नहीं बनाने का सख्त निर्णय भी सुना दिया। स्वाभाविक है, मायावती के इस फैसले से न केवल उनकी पार्टी के लोगों को बल्कि राजनीतिक विश्लेषकों को भी अचरज में डाल दिया है। आकाश पार्टी का युवा चेहरा हैं। हालांकि जिम्मेदारी के पद पर रहते हुए पार्टी का प्रदर्शन निचले स्तर का रहा। 2019 के लोक सभा चुनाव के बाद आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया था, लेकिन पार्टी का प्रदर्शन बेहद फीका रहा। यहां तक कि पिछले महीने संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आकाश आनंद पार्टी के प्रभारी थे, लेकिन सीट जीतना तो दूर की बात है, वोट शेयर में भी गिरावट आई थी। गौरतलब है कि मायावती ने आकाश को पहली बार राष्ट्रीय समन्वयक पद से नहीं हटाया है। पिछले साल लोक सभा चुनाव से पहले भी आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया था। हटाने का तर्क दिया गया था कि अभी उन्हें और परिपक्व होने की जरूरत है। मायावती के साथ एक नकारात्मक बात यह है कि वह कभी भी सड़क पर नहीं उतरती हैं। राजनीति की गहरी समझ रखने वाले और विपक्षी दलों के नेता भी यह मानते हैं कि अब खुल कर राजनीति करने के मायावती के दिन नहीं आने वाले। खासकर भाजपा के खिलाफ आक्रामक रुख रखने के स्वभाव को मायावती ने बहुत पहले साइडलाइन कर रखा है। वह भाजपा के दबाव में हैं। बहरहाल, मायावती के फैसले के बाद आकाश की प्रतिक्रिया में ही भविष्य के संकेत निहित हैं। आकाश का यह कहना कि 'परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है0, इस बात को भलीभांति स्पष्ट करती दिखती है कि बसपा में अभी बहुत कुछ घटित होने वाला है।**

# इलाज पर खर्च होने वाले व्यय को कम करता है जन औषधि

**कुमार कृष्णन**

(जन औषधि दिवस 7 मार्च पर विशेष)

प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत सरकार का उद्देश्य लोगों को ब्रांडेड महंगी दवाइयों के स्थान पर गुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाइयां प्रदान करना है। सरकार के प्रयास के बावजूद अभी भी देश में बड़े पैमाने पर जेनेरिक दवाओं का प्रयोग नहीं हो पा रहा है। समय आ गया है कि सामुदायिक स्तर पर जेनेरिक दवाओं को प्रोत्साहित किया जाए। देश में बढ़ती महंगाई के दौर में लोगों को सस्ती और गुणवत्तापरक दवाइयों के जरिए स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध कराना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना का मुख्य मकसद जन औषधि परियोजना के तहत देश की जनता को उच्च गुणवत्ता युक्त जैनेरिक दवाईयां सस्ते दामों पर उपलब्ध कराना है। जेनेरिक दवाइयों को बढ़ावा देना जिससे प्रति व्यक्ति इलाज पर खर्च होने वाले व्यय को कम किया जा सके। पिछले 10 वर्षों में जन औषधि परियोजना ने आम जनता के लगभग 30 हजार करोड़ रूपये बचाये है।भारतीय औषधि और चिकित्सा उपकरण ब्यूरो पीएमबीआई) के मुख्यकार्यकारी अधिकारी श्री रवि दाधीच के मुताबिक वित्त वर्ष 2022-23 में 1236 करोड़ रूपये की दवाईयाँ जन औषधि केंद्रों के माध्यम से बेची जा चुकी हैं, जिसके माध्यम से देश की आम जनता के लगभग 7000 करोड़ रूपये बचा चुके हैं क्यूंकि जन औषधि केंद्रों पर मिलने वाली दवाइयों की कीमतें बाजार में बिक रही दवाइयों की तुलना में 50 से 80 प्रतिशत तक कम हैं। इसी प्रकार वित्त वर्ष 2023-24 में 1470 करोड़ रूपये की बिक्री की गयी है जिससे आम जनता के लगभग 7350 करोड़ रूपये बचाये गए हैं। चालू वित्त वर्ष में 28.02.2025 तक 1767 करोड़ रूपये की बिक्री कर ली गयी है। पिछले दस वर्षों में जन औषधि केंद्रों की संख्या में लगभग 185 गुना की वृद्धि हुयी है और इसी प्रकार जन औषधि की दवाइयों की बिक्री भी 200 गुना से ज्यादा बढ़ी है। सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी को सस्ते मूल्यों पर गुणवत्ता युक्त जेनेरिक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और जेनेरिक औषधियों को बढ़ावा देने के लिए, प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोले गए हैं । देश भर में 28.02.2025 तक 15,000 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं । इन केंद्रों में सरकार द्वारा खरीदी गयी जेनेरिक दवाइयां बेचीं जा रही हैं जिनके मूल्य खुले बाजार में उपलब्ध ब्रांडेड दवाइयों के मूल्यों की तुलना में 50-80 प्रतिशत तक कम होते हैं। वर्तमान में इन केंद्रों पर 2047 दवाइयां एवं 300 अन्य सर्जिकल आदि उत्पाद उपलब्ध हैं। प्रधानमंत्री जन औषधि परियोजना बिहार के नोडल पदाधिकारी कुमार पाठक के अनुसार प्रधानमंत्री जन औषधि योजना अंतर्गत अभी तक सभी प्रमुख श्रेणियों की दवाईयां जैसे कि मधुमेह, रक्तचाप, गैस्ट्रो ,आदि की दवाएं उपलब्ध् हैं। जनऔषधि केन्द्रो से बिकने वाली दवाइयों के प्रत्येक बैच को एन ए बी एल प्रत्यायित प्रयोगशालाओं से परीक्षण कराया जाता है। वहीं पी. एम्. बी. आई. ने आयुष प्रोडक्ट्स जैसे त्रिफला, शिलाजीत, अश्वगंधा और च्यवनप्राश स्पेशल जैसे प्रोडक्ट्स भी सस्ते दामों पर जन औषधि केंद्रों के जरिये उपलब्ध कराये हैं। पी एम बी आई. अनेक प्रकार के फ़ूड प्रोडक्ट्स जो की एफ एस एस आई के अंतर्गत आते हैं उनको भी जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध करवाता है। पिछले दस वर्षों में जन औषधि केंद्रों की संख्या में लगभग 185 गुना की वृद्धि हुयी है और इसी प्रकार जन औषधि की दवाइयों की बिक्री भी 200 गुना से ज्यादा बढ़ी है। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत 29 से भी ज्यादा विशिष्ट श्रेणियों की दवाइयों को रखा गया




है। जैसे एंटीबायोटिक्स और एंटी-इन्फेक्टिव, एंटी-एलर्जिक, एंटी-कैंसर, गैस्ट्रो-आंत्र एजेंट ,एंटी डायबिटिक, विटामिन और मिनरल्स, कार्डियोवैस्कुलर दवाएं, फ़ूड सप्लीमेंट्स/ न्यूट्रास्यूटिकल्स, एनाल्जेसिक और एंटीपीयरेटिख् टोपिकल मेडिसिन्स इत्यादि। वहीं 300 सर्जिकल उपकरण एवं अन्य उत्पादों को भी रखा गया है। इनमें मास्क, टांके, आर्थोपेडिक रिहैबिलिटेशन प्रोडक्ट्स, डायपर, सर्जिकल ड्रेसिंग, रबर ग्लव्स, सीरिंज और सुई,ऑक्सीमीटर, सैनिटरी नैपकिन, रैपिड एंटीजन टेस्ट किट हैं।इन दवाइयों को डब्लू एच ओ - जी एम पी सर्टिफाइड दवा उत्पादक कंपनियों से ही खरीदा जाता है। देश के हर हिस्से में दवाइयां पहुंचने के लिए एक सुदृढ़ व्यवस्था की गयी है जिसके लिए डब्लू एच ओ गाइडलाइन्स पर आधारित केंद्रीय गोदाम गुरुग्राम एवं चार क्षेत्रीय गोदाम जो की गुवाहाटी, सूरत, चेन्नई एवं बेंगलुरु में उपस्थित हैं। इसके अलावा 36 डिस्ट्रीब्यूटर की भी नियुक्ति की गयी गई है जहाँ से देश भर के जन औषधि केंद्रों को दवाइयां मुहैया कराई जाती है । केंद्रीय गोदाम, क्षेत्रीय गोदाम, डिस्ट्रीब्यूटर एवं जन औषधि केंद्रों को पूरी तरह से एस.ए.पी आधारित सॉफ्टवेयर से जोड़ा गया है साथ ही साथ सभी केन्द्रो पर पॉइंट ऑफ़ सेल सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन भी लगाया गया है जिससे दवाइयों की आपूर्ति ठीक तरह से हो सके एवं देश के किसी भी केंद्र पर दवाइयों की कमी न हो। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना का विस्तार करते हुए अब तक देश में 15000 से अधिक जन औषधि केंद्र खोले जा चुके हैं, जन औषधि परियोजना के तहत अब तक पूरे देश के 36 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के सभी जिले इस योजना के तहत लाभान्वित हो चुके हैं। सरकार ने इन केंद्रों की संख्या बढ़ाकर मार्च 2027 तक 25000 करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना के द्वारा रोजगार के नए अवसर भी पैदा कर रहा है । जन औषधि केंद्र कोई भी व्यक्तिगत व्यक्ति, फार्मासिस्ट, उद्यमी, एनजीओ, ट्रस्ट, सोसाइटी, इंस्टीटयूशन इत्यादि, जिनके पास 120 वर्ग फुट की दुकान हो एवं एक प्रशिक्षित फार्मासिस्ट उनके पास हो, जन औषधि केंद्र खोल सकता है। जन औषधि केंद्र खोलने के लिए आवेदन आधिकारिक वेबसाइट janaushadhi.gov.in पर उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था भी वेबसाइट पर उपलब्ध है। आवेदन करने के पश्चात पी. एम्. बी. आई. हेड ऑफिस से प्रिंसिपल अप्रूवल लेटर जारी किया जाता है जिसके आधार पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र के नाम पर लाइसेंस लेने के लिए लाइसेंसिंग अथॉरिटी को अप्लाई कर सकते हैं। लाइसेंस मिलने के बाद आप पी. एम्. बी. आई. से दवाइयां ले सकते हैं।जन औषधि केंद्र संचालक को सरकार की तरफ से मासिक खरीद पर 20% की दर से प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जिसकी अधिकतम सीमा 20,000/- रुपये प्रति माह होगी। इसे दवाओं की न्यूनतम भंडारण अनिवार्यता से जोड़ा गया है। महिला उद्यमी, विकलांग, सेवानिवृत सैनिक, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति, नार्थ ईस्टर्न स्टेट्स, पर्वतीय क्षेत्रों के आवेदकों को 2.00 लाख रूपये की वित्तीय सहायता उनको केंद्र तैयार करने के लिए अलग से दी जाती है। बिक्री करने के लिए एक सॉफ्टवेयर भी दिया जाता है। प्रचार-प्रसार सामग्री भी केंद्र संचालक को उपलब्ध कराई जाती है। उद्यमिता और फ्रेंचाइजी मॉडल पर आधारित यह योजना नियमित कमाई के साथ-साथ स्वरोजगार का एक अच्छा स्रोत भी प्रदान कर रही है। भारत में जेनेरिक दवाओं के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं, इसलिए नियमित आधार पर बिक्री बढ़ रही है जिससे उद्यमियों को अधिक आय का लाभ हो रहा है। ग्रामीण कवरेज के लिए, देश के आंतरिक हिस्सों में परियोजना का लाभ लोगों तक पहुँचाने के लिए पीएमबीजेपी को सहकारी क्षेत्र के साथ एकीकृत किया गया है। इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं और उद्यमियों को पीएमबीजेपी का लाभ पहुंचाना है जो अपना खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं। 28 फ़रवरी 2025 तक 2700 से ज्यादा पैक्स को जन औषधि केंद्र खोलने हेतु प्रारंभिक अनुमोदन पत्र दिया गया है जिनमें से 727 जन औषधि केंद्र खुल चुके हैं। पिछले 10 वर्षों में उद्यमियों को रुपये 297.95 करोड़ की कुल प्रोत्साहन राशि वितरित हुई है। इसके अलावा, बिक्री का मार्जिन, एमआरपी का 20 फीसदी की दर से रुपये 1394.70 करोड़ केंद्र मालिकों के पास भी पहुंचा हैं। इस प्रकार न केवल नागरिकों को बल्कि उद्यमियों को भी इस तरह की वित्तीय सहायता से बड़े पैमाने पर लाभ हुआ है, और उन्होंने सफलतापूर्वक केंद्रों की श्रृंखला स्थापित कर ली है। योजना की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोग और मीडिया का एक वर्ग इन दवाओं को मेडिसिन के नाम से संदर्भित कर रहे है। इसके अलावा, आम आदमी जनऔषधि केंद्र को प्रधानमंत्री जी की दुकान के रूप में संदर्भित कर रहा है। महिला स्वस्थ्य सुरक्षा का संज्ञान लेते हुए भारत सरकार ने जन औषधि सुविधा सेनेटरी पैड महिला दिवस 2019 पर लॉंच किया था, जिसकी बिक्री सभी जन औषधि केंद्रों से शुरू हो गयी है और अब यह पैड्स सरकार ने 1/- रुपये प्रति पैड उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है।

## सूडोकु नवताल- 7362

✱✱✱✱✱ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 7361 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

# ट्रंप की गणित, दुनिया भ्रमित

**विक्रम उपाध्याय**

दुनिया तेजी से बदलती है...। और उससे भी ज्यादा तेजी से बदलते हैं वे देश, जो अपने हित के लिए पूरी व्यवस्था बदलने का माद्दा रखते हैं। अमेरिका इस मामले में अकेला देश है, जो खेल का नियम अपने लाभ के लिए बनाता है। राष्ट्रपति ट्रंप अकेले उदाहरण नहीं हैं। कुछ लोग भले ही उनको सनकी मान रहे हों, पर इसके पहले भी अमेरिका फर्स्ट के नारे को साधने के लिए नियमों के साथ खिलवाड़ अमेरिकी हुक्मरानों ने किया है। पिछले चार दशकों में अमेरिकी मनमानेपन के शिकार कई देश हुए हैं। इराक, अफगानिस्तान, ईरान जैसे देश कुछ तो अपने कारण, और बहुत कुछ वाशिंगटन नीति के कारण ही तबाह हुए। पिछली सदी के 90 के दशक में यह अमेरिका और उसके साथ जुड़े कुछ खास दोस्त ही थे, जिन्होंने डंकल प्रस्ताव लाकर पूरी दुनिया के व्यापार को एक साथ अपने इशारे पर चलने का कुचक्र रचने का सफल प्रस्ताव किया, कृषि पर ट्रिप्स और व्यापार पर ट्रिम्स लागू कर सभी देशों को अपने हिसाब से चलाने की कोशिश की गई। ट्रिप्स प्रावधानों में यहां तक ज्यादती की गई, कि इन समझौतों पर हस्ताक्षर करने वाला देश अपने गरीब किसानों को कोई सब्सिडी न देने पाए। एक तरफ अमेरिका और यूरोप अपने उत्पादों को दुनिया के बाजार में आसानी से उतारने के लिए अपने यहां भारी इनसेंटिव दे रहे थे और दूसरी तरफ भारत जैसे विकासशील देशों पर तरह के प्रतिबंध लगा रहे थे। जब देश में प्रधानमंत्री के रूप में भाजपा के सर्वशक्तिमान नेता अटल बिहारी वाजपेयी विराजमान थे, तब अमेरिका ने मात्रात्मक प्रतिबंध नियमों के बहाने कई वस्तुओं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। तब मदनलाल खुराना संसदीय कार्य मंत्री थे। उन्होंने मात्रात्मक प्रतिबंध का अमेरिकी फैसले का पुरजोर विरोध किया था, तब उनको अपना पोर्टफोलियो खोना पड़ा था। अमेरिका तब पाकिस्तान के प्रेम में था और अपना प्रभाव पाकिस्तान को भारतीय कोप से बचाने में भी करता था। तब जार्ज बुश ने पाकिस्तान को तो अपने हित साधने के लिए एफ 16 युद्धक विमान दे दिया, लेकिन भारत के लिए इनकार कर दिया। राष्ट्रपति ट्रंप व्यापार के नए नियम बनाना और चलाना चाहते हैं। उनके लिए कोई देश उनका अपना नहीं है, भारत भी नहीं। तमाम विशेषज्ञों ने ये दावे किए थे कि प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों को निभाते हुए ट्रंप भारत के खिलाफ कोई आक्रामक रुख अख्तियार नहीं करेंगे। पर ये सारे कयास धरे के धरे रह गए। जो व्यवहार ट्रंप ईर्ष्यावश मैक्सिको के साथ कर रहे हैं, वही व्यवहार वह भारत के साथ भी करते दिख रहे हैं। जिस तरह से अमानवीय व्यवहार भारत के गैरकानूनी प्रवासियों के साथ ट्रंप प्रशासन ने किया, उसके बाद यह अपेक्षा बेमानी है कि ट्रंप, मोदी सरकार को कोई विशेष छूट देने की सोच भी रहे हैं। वह कोई मौका नहीं चूक रहे हैं, जहां भारत को लेकर चेतावनी वाले लहजे की गुंजाइश बनती हो। वह प्रधानमंत्री मोदी को अपने से ज्यादा हार्ड बार्गेनर तो बताते हैं, लेकिन यह कहना भी नहीं चूकते कि वह जल्दी ही इंपोर्ट ड्यूटी नई दिल्ली के खिलाफ भी लगाने जा रहे है। ट्रंप की नजर में भारत का ऑटो सेक्टर, इंजीनियरिंग सेक्टर, केमिकल इंडस्ट्री और कपड़ा इंडस्ट्री चुभ रही है। वह इन सभी क्षेत्रों पर अलग ड्यूटी बढ़ाने की धमकी दे रहे है। यह धमकी सच साबित हुई तो, संभव है कि भारत का निर्यात 30 प्रतिशत तक घट जाए। यह एक बड़ा झटका साबित हो सकता है। अगले साल तक भारत की अर्थव्यवस्था पांच ट्रिलियन की बनाने की मोदी की योजना को भी झटका लग सकता है । ट्रंप की एकतरफा कार्रवाई, अमेरिका के लिए कितनी लाभकारी होगी, इसे लेकर बहुत सारी आशंकाएं व्यक्त की जा रही हैं। ट्रंप ने जो भी कदम उठाए हैं, वे अभी तक फलीभूत नहीं हो पा रहे हैं। उसका सबसे बड़ा कारण यह है कि सभी फैसले बिना सोच विचारे किए जा रहे हैं। किसी भी देश के साथ ट्रेड ड्यूटी या शुल्क को लेकर ट्रंप प्रशासन ने कोई वार्ता या समिट भी नहीं की है। इसलिए जिन देशों के खिलाफ ट्रेड ड्यूटी बढाई गई हैं, वे भी अब अमेरिका के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की तैयारी में हैं। कनाडा ने तो अमेरिका के कई प्रांतों को अपने यहां से दी जा रही बिजली रोकने की धमकी दी है। चीन भी अमेरिका को परेशान करने वाले कदमों की तैयारी कर रहा है। ट्रंप चाहे जितना शोर मचा ले, अंत में अकेले रहने का जोखिम नहीं उठा सकते। भारत में मोदी सरकार अभी खामोशी अख्तियार किए हुए है। सभी संदर्भित मंत्रालय अपनी-अपनी तैयारी में लगे है। एक कूटनीतिक प्रयास के तहत देश के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल अपने अमेरिकी समकक्ष के साथ बातचीत में जुटे हुए हैं। इन सबसे अलग मोदी इस बात से आश्वस्त हैं कि यदि ट्रंप सरकार, चीन को अपना प्रमुख प्रतिद्वंद्वी मानती है, और कोई अलायंस बनाती है तो भारत को अनदेखा नहीं कर सकती है।




**मेष राशि** : आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है, आपको कुछ नया सुनने को मिलेगा। ऑफिस के दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा।

**वृष राशि** : आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को और मेहनत करने की जरूरत है। कपड़े का व्यापार कर रहे लोगों का कारोबार अच्छा चलेगा।

**मिथुन राशि** : आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता मिलेगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं। डॉक्टर्स के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपका मन शांत व संतुष्ट रहेगा। किसी को दिया हुआ धन वापस मिलेगा।

**कर्क राशि** : आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे। पिता की सलाह से आपको अपने बिजनेस में काफी मदद मिलेगी।

**सिंह राशि** : आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप बहुत कुछ सीखेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया करेंगे, किसी प्रतियोगिता में भाग भी ले सकते है।

**कन्या राशि** : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ टाइम स्पेंड करेंगे।

**तुला राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कम्प्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा। आज कारोबार में आपको ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है।

**वृश्चिक राशि** : आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरुरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज नया काम शुरू करने से पहले, उसके जानकर व्यक्ति की सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी।

**धनु राशि** : आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। मल्टीनेशनल कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की पदोन्नति होगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी बड़ी कंपनी से जॉब का प्रपोजल आयेगा।

**मकर राशि** : आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा, जिससे आपको रिलैक्स फील होगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियाँ बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि** : आज आपका दिन खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

**मीन राशि** :आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी।

# अब असेसमेंट ईयर की जगह टैक्स ईयर

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

इन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोक सभा में पेश किया गया नया आयकर विधेयक भारत की आयकर व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने की बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है। वित्त मंत्री ने पिछले वर्ष जुलाई, 2024 के बजट भाषण में कहा था कि आयकर कानून की कई धाराएं प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई थीं। कानूनी जटिलताएं भी कर अनुपालन में उभरीं और मुश्किलों व मुकदमेबाजी का सबब बनीं। नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून, 2025 के रूप में एक अप्रैल, 2026 से मौजूदा आयकर कानून, 1961 की जगह ले लेगा। गौरतलब है कि 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार प्रयास किए जाते रहे। खास तौर से 1981 में कंप्यूटरीकरण की शुरु आत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में 2009 में ई-फाईल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उनसे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली वहीं उनकी संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचानरहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचानरहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्त्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है, जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन विभिन्न प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी




भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक और विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं, या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने ही आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है। सरकार की मु_ी में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है, बल्कि सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में भी मदद करता है। खास तौर से इस समय जब 2047 में देश को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी विभिन्न मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नये आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नये आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढऩे-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है। इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून के 5.20 लाख शब्दों से घटा कर नये विधेयक में केवल 2.60 लाख शब्द रखे गए हैं। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं, मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नये विधेयक ने इन्हें घटा कर 536 कर दिया है। नये आयकर विधेयक में 'चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी। वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नये विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है। अब 'असेसमेंट ईयर की जगह 'टैक्स ईयर होगा। टैक्स ईयर एक अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरंसी और अन्य डिजिटल असेट्स को 'कैपिटल असेट माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नये टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। नये आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना लगाना सुनिश्चित किया गया है। जानबूझकर टैक्स चोरी करने वालों पर मुकदमा चलाया जा सकता है। इन सबसे आयकर संग्रहण बढ़ेगा और ईमानदार करदाताओं को लाभ होगा। निश्चित रूप से एक अप्रैल, 2026 से लागू होने वाले नये आयकर कानून की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर होगी कि इस कानून को कितने कारगर तरीके से लागू किया जाता है।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित।पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।

संपादक : **पूर्णेन्दु सिन्हा 'पुष्पेश'**❀; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची** – 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड।

फोन– 9142412511/9102251947; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com

❀समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

# नौकरी का फॉर्म फ्री और आने-जाने का किराया भी देंगे, चुनाव से पहले बेरोजगारों से तेजस्वी का वादा



**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने बेरोजगारों से कई वादे किए हैं. उन्होंने कहा कि बिहार में आरजेडी-महागठबंधन की सरकार बनेगी तो एक महीने में युवा आयोग बनाया जाएगा. राज्य में डोमिसाइल नीति लागू की जाएगी. इससे स्थानीय युवाओं को नौकरियों में तरजीह मिलेगी.

## युवा चौपाल में तेजस्वी यादव गरजे

तेजस्वी यादव ने बुधवार को पटना के मिलर स्कूल में युवा राष्ट्रीय जनता दल द्वारा युवा चौपाल को संबोधित करते हुए ये ऐलान किए. उन्होंने कहा कि जब बिहार में हमारी सरकार आएगी तो प्रतियोगिता परीक्षा के आवेदन लिए अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने का पैसा नहीं लगेगा. बल्कि परीक्षा केंद्र तक आने और जाने का भाड़ा भी सरकार की ओर से दिया जाएगा.

## नीतीश कुमार अब खटारा गाड़ी

युवा चौपाल में युवाओं के बीच साफ-साफ कहा कि नीतीश कुमार अब खटारा गाड़ी के तरह हो गए हैं. ज्यादा दिन तक उसे नहीं चलाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि 60 साल की उम्र में कोई भी व्यक्ति रिटायर हो जाता है लेकिन हमारे मुख्यमंत्री जी आप 75 साल के हो गए हैं. इसीलिए उन्होंने युवाओं से अपील की अब बिहार का मुख्यमंत्री बदलना होगा. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार में हमारी सरकार आएगी तो प्रतियोगिता परीक्षा के आवेदन लिए अभ्यर्थियों को फॉर्म भरने का पैसा नहीं लगेगा. बल्कि परीक्षा केंद्र तक आने और जाने का भाड़ा भी सरकार की ओर से दिया जाएगा. राज्य में डोमिसाइल नीति लागू की जाएगी

### उम्रदराज नहीं युवा मुख्यमंत्री चाहिए

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने युवाओं से हाथ उठाकर 2025 में आरजेडी की सरकार बनाने की हामी भरवाई. उन्होंने युवाओं से युवा चौपाल में अपील किया कि एक-एक युवा कम से कम 10 वोट का प्रबंध करेंगे तब ही बिहार में बदलाव आएगा.उन्होंने कहा कि बिहार युवा प्रदेश है. 18 से 25 साल के लोगों की 58 फीसदी आबादी है. जहां युवा इतने रहते हैं वहां उम्रदराज मुख्यमंत्री नहीं चाहिए.

# 20 मार्च से गुप्ताधाम महोत्सव का होगा आयोजन

## स्थानीय के साथ भोजपुरी के प्रसिद्ध कलाकार करेंगे प्रस्तुति, सुरक्षा को लेकर विशेष तैयारी



**सासाराम (रोहतास), एजेंसी।** रोहतास जिला प्रशासन और राज्य पर्यटन विभाग की ओर से 20 मार्च 2025 को गुप्ताधाम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। कार्यक्रम चेनारी के राम दुलारी गंगा उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में होगा। इस बार महोत्सव का थीम शिवभक्ति और शिव गीतों-भजनों पर केंद्रित रहेगा। जिलाधिकारी ने भोजपुरी के प्रसिद्ध कलाकार और स्थानीय प्रतिभाओं को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम में नामचीन कलाकार भी अपनी प्रस्तुति देंगे। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने गुप्ताधाम की गुफा का निरीक्षण किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया। जिलाधिकारी ने बताया कि सावन में यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है। सड़क मार्ग बनने के बाद से गुप्ताधाम में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगातार बना रहता है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क हादसे में मजदूर की मौत

● सहरसा में टहलने के दौरान वाहन ने मारी टक्कर, 4 महीने पहले लौटा था घर



**सहरसा, एजेंसी।** सहरसा में बलुआहा हाट थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बरसम गांव निवासी शिवन राम के बेटे दिलीप कुमार( 25 ) के रूप में हुई है। युवक की मौत के बाद अज्ञात वाहन मौके से फरार है। पुलिस कानूनी कार्रवाई मे जुटी है। मृतक के जीजा कनरिया निवासी महेश राम ने बताया कि दिलीप मदनपुर चौक के पास टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल युवक सड़क किनारे देखा और उसके परिजनों को सूचना दी।

**सदर अस्पताल किया रेफर :** पुलिस की मदद से एम्बुलेंस से उसे पहले बरियाही स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जंहा डॉक्टर ने मरहम-पट्टी के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए सहरसा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल पहुंचते ही दिलीप की मौत हो गई। मृतक पांच भाई-बहनों में चौथे नंबर पर था। वह दूसरे राज्य में ही मजदूरी करता था और चार महीने पहले ही घर लौटा था। पुलिस शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्रवाई मे जुटी है।

### एनटीपीसी कहलगांव में सुरक्षा जागरूकता का लिया संकल्प

**भागलपुर, एजेंसी।** एनटीपीसी कहलगांव में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 का आयोजन हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक संदीप नायक ने सुरक्षा ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की। सभी कर्मचारियों को सुरक्षा की शपथ दिलाई और सभी से अपने कार्यक्षेत्र और निजी जीवन में सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि सुरक्षा केवल एक नियम या औपचारिकता नहीं बल्कि यह हमारी कार्य संस्कृति का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें और कार्यस्थल को दुर्घटना-मुक्त बनाने में अपना सक्रिय योगदान दें। इस अवसर पर सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए आयोजित स्लोगन लेखन, निबंध, और क्विज प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# गया में 4.5 करोड़ का चांदी और 45 लाख कैश बरामद

## आंध्र प्रदेश का शख्स समेत दो गिरफ्तार



**गया, एजेंसी।** बिहार के गया में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने अंतरजिला चोर के अपराधियों की गिरफ्तारी की है. खुलासे के बाद 473 किलोग्राम चांदी और 45 लाख कैश की बरामदगी हुई है. पिछले कुछ दिनों से ज्वेलरी शॉप में चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह के अपराधियों के खिलाफ गया पुलिस की विशेष टीम काम कर रही थी. फिलहाल दो को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस मिले इनपुटों के आधार पर कार्रवाई को और आगे बढ़ा रही है. गया के अलावे नवादा जिले की पुलिस भी संयुक्त कार्रवाई में शामिल है. गया और नवादा में कई ठिकानों पर कार्रवाई चल रही है. रामानंद कुमार कौशल, सिटी एसपी, गया का कहना है कि पूर्व में इमामगंज थाना क्षेत्र में चोर गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था. बाद में पता चला कि इसी गिरोह के अपराधियों द्वारा नवादा के हिसुआ में भी आभूषण दुकान में चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया था. इसी घटना की तहकीकात की गयी तो गया के सर्राफा बाजार में आभूषण दुकान में बेचने और आभूषण को गलाने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गया, नवादा में हुए जवेलरी शॉप में चोरी की घटनाओं का खुलासा हुआ है.




**गया और नवादा में हुई थी ज्वेलरी शॉप में चोरी की घटनाएं :** गिरफ्तार अपराधियों में से एक चोरी के आभूषण को बेचने और एक आभूषण दुकानदार जो कि आभूषण को गलाकर बेचता था, दोनों को गया के कोतवाली थाना क्षेत्र के सर्राफा मंडी से गिरफ्तार किया गया है. फिलहाल पुलिस अन्य अपराध कर्मियों की भी तलाश कर रही है.

### एक के बाद एक तार जुड़ते गए

बताया जाता है कि बीते दिनों इमामगंज थाना अंतर्गत से दो सदस्यों को पकड़ा गया था. वहीं अब दो और की गिरफ्तारी हुई है. इमामगंज थाना क्षेत्र से चोर गिरोह के सदस्य खेसारी उर्फ बाबर खान कि निशानदेही पर गया शहर के विष्णुपद और कोतवाली थाना के सहयोग से ज्वेलरी शॉप से चोरी की भूमिका निभाने वाले संतोष कुमार (टावर चौक, थाना कोतवाली, गया) और इसकी निशानदेही पर शिवाजी करण्डे (मचेन्द्रगढ, थाना भवानी नगर, जिला सांगली आंध्र प्रदेश) को गिरफ्तार किया गया.

### ज्वेलरी शॉप में छापेमारी

इसके बाद गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर कोतवाली थाना अंतर्गत एक ज्वेलरी शॉप में छापेमारी की गई. जहां से चोरी के ज्वेलर्स खरीदने के आरोप में एक की गिरफ्तारी की गई और कैश व चांदी के आभूषण की बरामदगी हुई.

## कपड़ा व्यवसायी और चालक को अपराधियों ने मारी गोली

**दरभंगा, एजेंसी।** दरभंगा जिले के एपीएम थाना क्षेत्र के बलहा गांव में बीती रात करीब 2 बजे कपड़ा व्यवसायी अमित कुमार और उनके चालक अशोक कुमार को अपराधियों ने गोली मार दी। इस हमले में व्यवसायी के सीने में गोली लगी, जबकि चालक के पैर में गोली लगने की जानकारी मिली है। दोनों घायलों को इलाज के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है, जहां व्यवसायी अमित कुमार की हालत नाजुक बनी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब 10 की संख्या में आए अपराधियों ने पहले बम फेंककर इलाके में दहशत फैलाई, फिर दुकान के शटर पर गोलीबारी की। इसके बाद जबरन दुकान का शटर उठाकर अपराधियों ने व्यवसायी अमित कुमार पर गोली चला दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चालक अशोक कुमार को भी गोली मारी गई। घटना के बाद गोली चलने की आवाज सुनकर जब ग्रामीण बाहर निकले, तो अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एपीएम थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस को घटनास्थल से एक खोखा बरामद हुआ है, जबकि दुकान के शटर पर गोलियों के कई निशान मिले हैं।

# बीपीएससी टीचर ने स्कूल से भागकर रचाई शादी वीडियो भेज पिता और भाई पर लगाए गंभीर आरोप



**सुपौल, एजेंसी।** खबर बिहार के सुपौल से है जहां एक बीपीएससी शिक्षिका ने स्कूल से भागकर अपने बॉयफ्रेंड के साथ शादी रचा ली। पिता ने उसके प्रेमी के खिलाफ पुलिस में शिकायत की तो वीडियो भेजकर अपने परिवार के सदस्यों और स्थानीय मुखिया पर गंभीर आरोप लगा दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि लाइव हिन्दुस्तान वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता है। शिक्षिका ने सरकार और प्रशासन से सुरक्षा की गुहार भी लगाई है। पुलिस मामले में कानूनी कार्रवाई कर रही है। वायरल वीडियो में शिक्षिका खुशी कुमारी ने खुद कहा है कि वह दरभंगा जिले की रहने वाली है और सुपौल जिले के छातापुर प्रखंड के मध्य विद्यालय कामत किशनगंज में शिक्षिका के पद पर पदस्थापित है। उसने शादी को अपनी मर्जी से बताते हुए प्रशासन से सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि उनके पति गौतम सिंह पर अपहरण का गलत आरोप लगाया जा रहा है जबकि शादी उनकी मर्जी से हुई है। उधर, स्कूल के एचएम अशोक कुमार ने बताया कि शिक्षिका के शादी के बारे में जानकारी मिल रही है लेकिन शिक्षिका फिलहाल छुट्टी पर है। वीडियो में शिक्षिका ने कहा है कि 28 फरवरी को ही उसने अपने प्रेमी के साथ शादी कर ली और अपने पति के साथ खुश है। उसने कहा है कि गौतम सिंह और उसके परिजनों के खिलाफ साजिश रची जा रही है। उसने अपनी मर्जी से गौतम के साथ शादी की है। इसमें उसके परिवार के लोगों का कोई हाथ नहीं है। हालांकि शिक्षिका का पति गौतम जो वीडियो में दिख रहा है वह पीछे से कुछ सिखा भी रहा है। खुशी एक लिखित बयान को वीडियो में पढ़ती हुई दिख रही है। इसस मामले में पुलिस कानूनी कार्रवाई कर रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो को लेकर कई प्रकार की चर्चा की जा रही है।

# नीतीश कुमार अगला सीएम नहीं बनेंगे: प्रशांत किशोर



**पश्चिम चंपारण (बेतिया) , एजेंसी।** बीजेपी नीतीश कुमार को मुखौटा बनाकर चुनाव लड़ेगी. सिर्फ वोट पाने के लिए नीतीश कुमार को आगे किया जा रहा है. परिणाम आने के बाद बीजेपी नीतीश कुमार का गला काटेगी और अपना मुख्यमंत्री बनाएगी. बेतिया में जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने बड़ा दावा किया है. प्रशांत किशोर ने कहा है कि 2025 में नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे. अगर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बनते हैं तो मैं अपना अभियान वापस ले लूंगा. उन्होंने कहा कि बिहार को राजद, कांग्रेस, भाजपा और जदयू सब मिलकर लूट रहे.

### बिहार में शराबबंदी नहीं है

पीके ने कहा सरकार बनने पर जनसुराज की सरकार एक घंटे में शराबबंदी हटा देगी. शराबबंदी से नेता अफसर कमाई कर रहे हैं. अगर शराबबंदी ठीक है तो भाजपा यूपी और देश में शराबबंदी कानून लागू कर दे. शराबबंदी से बिहार कों 20 हजार करोड़ का नुकसान हो रहा है.

### किसी से जन सुराज का गठबंधन नहीं

पीके ने कहा कि 2025 में 243 सीट पर जनसुराज चुनाव लड़ेगी. 2029 तक जनसुराज किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करेगी. उन्होंने कहा कि अबकी बार बदलाव होगा. आज से चम्पारण की धरती से जनसभा का शुरुआत कर रहें है. जनसभा कार्यक्रम खत्म करने के बाद फिर पदयात्रा करेंगे. प्रशांत किशोर ने कहा किजेडीयू में ताकत नहीं है कि वह बीजेपी के बगैर चुनाव लड़ सके. नीतीश कुमार अस्वस्थ हैं. अपने पूरे मंत्रियों का नाम भी नहीं बता सकते हैं.

### भाजपा के पैसे पर जदयू लड़ती चुनाव

प्रशांत किशोर ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नीतीश कुमार बीजेपी के पैसे से चुनाव लड़ते हैं. नीतीश कुमार में दम नहीं है कि वह अपने बल पर चुनाव लड़ लें. इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में बिहार में भले ही कोई मुख्यमंत्री बन जाए लेकिन नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे.

### मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं नीतीश

पीके ने कहा कि नीतीश कुमार का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है. यह बात सबसे पहले नवंबर 2023 में भाजपा के बड़े नेता सुशील कुमार मोदी ने कही थी. तेजस्वी यादव या प्रशांत किशोर ने यह बात नहीं कही थी.


# नालंदा की शोभना साकेत का बिहार टीम में चयन

## घरेलू क्रिकेट अंडर-23 वनडे ट्रॉफी के लिए हुआ सिलेक्शन, पिता किसान और मां हैं शिक्षिका

**नालंदा, एजेंसी।** ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाली शोभना साकेत एक ऐसी युवा क्रिकेटर हैं, जिनकी कहानी प्रेरणा और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड के महुरी गांव की यह युवती, बीसीसीआई द्वारा आयोजित घरेलू क्रिकेट अंडर-23 वनडे ट्रॉफी 2024-25 के लिए बिहार की महिला टीम में चयनित हुई हैं। किसान राकेश रंजन और शिक्षिका वीणा कुमारी की पुत्री शोभना ने अपने जज्बे और कठिन परिश्रम से यह उपलब्धि हासिल की है।

### संघर्ष और सफलता की कहानी

शोभना का क्रिकेट से रिश्ता बचपन से ही गहरा रहा है। डीएवी स्कूल में क्रिकेट टीम के



माध्यम से उन्होंने अपने कौशल को निखारा और नालंदा जिला क्रिकेट संघ में अपना नाम दर्ज कराया। उनकी लगन और मेहनत का यह परिणाम है कि आज वह बिहार टीम का हिस्सा बन चुकी हैं।

### क्षेत्रीय नेतृत्व की प्रशंसा

नालंदा जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने इन युवा खिलाड़ियों के चयन पर खुशी व्यक्त की है। संघ के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा की ये युवा हमारे जिले की प्रतिभा का प्रतीक हैं और भविष्य में भी हम इन्हें और अधिक ऊंचाइयों पर देखेंगे।

इनके चयन पर नालंदा जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अजय कुमार, सचिव गोपाल सिंह, संयुक्त सचिव सजीव कुमार, कोषाध्यक्ष मनोरंजन कुमार, पूर्व सचिव सय्यद जावेद इक़बाल, हैदर अली, संतोष पांडे ,विजय प्रकाश पिन्नु, दीपक, बिक्रम, परवेज़ मुस्तफ़ा, मनीष, अंकित, सफा रिज़वी, अखिलेश कुमार इत्यादि ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। शोभना साकेत का यह चयन न केवल व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि ग्रामीण भारत में क्रिकेट के बढ़ते महत्व का भी प्रमाण है।

### नालंदा का गौरव

वर्ष 2024-25 में नालंदा जिले के लिए यह एक गौरवशाली समय है। वीर प्रताप सिंह रणजी टीम के कप्तान बने हैं, अर्णव किशोर राज्य अंडर-23 टीम में चयनित हुए हैं, जबकि गौतम कुमार अंडर-19 और लक्ष्य प्रकाश अंडर-16 टीम में शामिल हुए हैं।

# सिवान में होली से पहले पुलिस की गाड़ी से शराब बरामद




**सिवान, एजेंसी।** शराबबंदी वाले बिहार में उत्पाद विभाग की गाड़ी से भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया है. सिवान पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है. यह कार्रवाई गोपालगंज मोड़ के पास एंटी लिकर टास्क फोर्स ने यह कार्रवाई की. पुलिस की गाड़ी से शराब बरामद होने के बाद हड़कंप मच गया.

**पुलिस की गाड़ी से शराब बरामद :** मुफ्फसिल थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि एएलटीएफ की टीम ने स्कॉर्पियो से ड्राइवर के साथ शराब बरामद की है. एएलटीएफ अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक पुलिस लिखी स्कॉर्पियो से शराब की खेप जा रही है.

**शराब के साथ ड्राइवर गिरफ्तार :** सूचना मिलने के बाद गोपालगंज मोड़ के पास छापेमारी की गई. जहां पुलिस लिखी स्कॉर्पियो गाड़ी से शराब और बियर बरामद की गई.शराब के साथ ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया.ड्राइवर की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बाघड़ा निवासी केशव कुमार के रूप में हुई है. गिरफ्तार ड्राइवर को मुफ्फसिल थाने के हवालात में बंद कर दिया गया है.

**शराब छापेमारी में गया था रघुनाथपुर**

उत्पाद विभाग की जिस गाड़ी से शराब बरामद हुई है. उस पर सामने के शीशे पर बड़े अक्षरों में पुलिस लिखा हुआ है और ऊपर लगा शीशा काले रंग का है. गिरफ्तार ड्राइवर केशव कुमार ने बताया कि वह पिछली रात उत्पाद विभाग के अधिकारी के साथ शराब छापेमारी के लिए रघुनाथपुर गया था. मुफ्फसिल के थाना प्रभारी आशोक कुमार दास का कहना है कि पुलिस लिखी हुई गाड़ी से शराब बरामद हुई है. ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है. उत्पाद विभाग की ही गाड़ी है. इसकी जांच की जा रही है.

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 07 मार्च, 2025



## संक्षिप्त समाचार

### गोरखपुर हवाला प्रकरणः रुपये छीनने वाले दरोगा संग 5 आरोपियों पर लगेगा गैंगस्टर

**गोरखपुर, एजेंसी।** कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मिले 50 लाख रुपये हड़पने वाले तत्कालीन चौकी इंचार्ज आलोक सिंह, उसके साथी प्रिंस श्रीवास्तव, मुकेश, प्रचंड प्रताप सिंह, विशाल तिवारी पर गैंगस्टर का केस दर्ज किया जाएगा। इसके लिए आरोपियों का गैंग चार्ट पुलिस ने तैयार कर लिया है। बहुत जल्द आरोपियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है।

दरअसल, तीन अप्रैल 2024 को बेनीगंज चौकी इंचार्ज रहे बलिया निवासी आलोक सिंह चेकिंग कर रहे थे। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने 50 लाख रुपये के साथ नवीन श्रीवास्तव नाम के शख्स को पकड़ा था। उसे एनकाउंटर का डर दिखाकर 50 लाख रुपये छीन लिया था।

मामला एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के संज्ञान में आया तो उन्होंने बेनीगंज चौकी प्रभारी आलोक सिंह को सस्पेंड कर दिया और एसपी सिटी को पूरे मामले की जांच सौंप दी थी।

सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य माध्यमों से की गई जांच के दौरान मामला सही पाया गया। पुलिस ने चौकी इंचार्ज और उसके साथी राजेन्द्र नगर निवासी प्रिंस श्रीवास्तव को गिरफ्तार कर उनके पास से 44 लाख रुपये बरामद कर लिया था। नवीन श्रीवास्तव की तहरीर पर कोतवाली थाने में चौकी इंचार्ज आलोक सिंह और उसके साथी प्रिंस श्रीवास्तव और 03 अज्ञात के खिलाफ भ्रष्टाचार सहित अन्य धाराओं में केस कर दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज गया था। अब इनके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की तैयारी है।

इस संबंध में एसपी सिटी अभिनव त्यागी ने बताया कि रुपये हड़पने के मामले में पांच आरोपियों पर चार्जशीट दाखिल है। सभी आरोपियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम का निर्देश- अभी से ही शुरू करें माइक्रो प्लान

**गोरखपुर, एजेंसी।** गोरखपुर में आने वाले दिनों में गर्मी से निपटने के लिए प्रशासन की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। डीएम कृष्णा करुणेश ने बिजली निगम के सभी अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिया है कि समय से पहले तैयारी पूरी करते हुए माइक्रो प्लान बना लिया जाए।

डीएम ने कहा कि तेज हवा चलने और हाईटेंशन तारों में टकराव के कारण उत्पन्न चिंगारी से फसलों में आग लगने की संभावनाएं अधिक रहती हैं। ऐसे में तारों को टाइट किया जाए। लू प्रकोप के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए पर्याप्त मात्रा में ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए।

जरूरत के मुताबिक पोर्टेबल ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की जाए। प्रत्येक खंड, केंद्र स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम, इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर (ईओसी) की स्थापना करते हुए मोबाइल नंबर का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए। व्यापक सर्वे कर जर्जर पोल, तार, ट्रांसफार्मर की मरम्मत किया जाए। डीएम ने इन सभी मामलों की सूची उपलब्ध भी बिजली निगम से मांगी है।

### अपर निदेशक ने शुरू की जांच, तीन अफसरों की टीम गठित

**रायबरेली, एजेंसी।** सीएमओ कार्यालय में दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने के लिए पति को पीठ पर लादकर पिंकी पहुंची थी। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने मंडलीय अपर निदेशक से तीन दिन में जांच कर रिपोर्ट मांगी है। अपर निदेशक ने जांच शुरू भी कर दी है। वहीं सीएमओ ने भी तीन अधिकारियों की जांच कमेटी गठित करके तुरंत जवाब देने के निर्देश दिए हैं। गत मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। सोमवार के इस वीडियो में दिखने वाली महिला सतांव ब्लॉक के दरीबा निवासी पिंकी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मंडलीय अपर निदेशक जीपी गुप्ता को जांच कर तीन दिन में रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। उधर, सीएमओ ने भी एसीएमओ डॉ. अरविंद कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डीएस अस्थाना और जतुआ-टप्पा सीएचसी अधीक्षक डॉ. ब्रजेश कुमार की कमेटी गठित कर दी है। मामले में एडी ने भी जांच शुरू कर दी है। सीएमओ डॉ. नवीन चंद्रा ने बताया कि गठित कमेटी को जांच कर तुरंत रिपोर्ट देने को कहा गया है।

# महाकुंभ में नाविक परिवार ने नाव चलाकर कमाए करोड़ों, सीएम ने की थी प्रशंसा

**प्रयागराज, एजेंसी।** प्रयागराज महाकुंभ कई मायनों में खास रहा। सड़क पर दुकान लगाने से लेकर, लक्जरी टेंट लगाने, होटल, ढाबा चलाने वालों से लेकर नौका संचालन करने वालों की दुनिया बदल गई। कई परिवार तो मालामाल हो गए। उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था कि महाकुंभ में उनके पास इतनी दौलत आ जाएगी जिसकी उन्हें कल्पना भी नहीं है। ऐसा ही कारनामा हुआ है नैनी के अरैल में नौका संचालन करने वाले माहरा परिवार के साथ। एक सौ से अधिक नौकाओं का संचालन करने वाले पिंटू माहरा के परिवार ने महाकुंभ में करोड़ों रुपये अर्जित किए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माहरा परिवार की आमदनी की बात सदन में बताई तो पिंटू माहरा के अरैल स्थित आवास पर मीडियाकर्मियों का तांता लग गया। बड़ी संख्या में लोग पिंटू से मिलने और उसको देखने के लिए पहुंच रहे हैं।

पिंटू माहरा की मां शुकलावती देवी ने बताया उनके बच्चों ने दिन रात की परवाह न करके कड़ी मेहनत की है, तब जाकर यह दिन देखने को मिला है। उनका बहुत बड़ा परिवार है। उनके पति के दो भाइयों के परिवार को मिलाकर कुनबे में करीब 100 लोग हैं। सभी ने कड़ी मेहनत की। नाव का संचालन करने के लिए स्टैंड नए पुल के पास बनाया गया था। उनके बच्चे भूख और प्यास की परवाह किए बिना श्रद्धालुओं की सेवा में लगे रहते थे। यह सब गंगा मैया का आशीर्वाद है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में माहरा परिवार की सफलता की कहानी बताई। उन्होंने कहा कि सपा कहती थी कि नाविकों का शोषण हो रहा है, नाविकों की देखभाल नहीं की जा रही है। मैं एक नाविक परिवार की सक्सेज स्टोरी बता रहा हूं। ये एक नाविक परिवार है, जिसके पास 130 नौकाएं थीं। 45 दिनों की अवधि में इन लोगों ने 30 करोड़ रुपये की शुद्ध बचत की है। यानी एक



नाव ने 45 दिनों में 23 लाख रुपये की बचत की है। प्रतिदिन की उनकी बचत देखेंगे तो एक नाव 50 से 52 हजार कमा रही थी। नैनी के अरैल में रहने वाला यह माहरा परिवार एक सौ से अधिक नावों का संचालन करता है। इस माहरा खानदान में नाव चलवाना ही मुख्य कारोबार है। महाकुंभ के बाद इस परिवार में खुशी का माहौल है। दरअसल कुंभ में इतने ज्यादा श्रद्धालु आए, जिससे इनको पूरे 45 दिन काम मिला और एक भी दिन इनकी नाव खाली नहीं रही। इस परिवार में 100 से ज्यादा नाव हैं। सभी ने मिलकर 30 करोड़ की कमाई की है। माहरा परिवार में 500 से ज़्यादा सदस्य नाव चलवाने का ही करोबार करते हैं। इनकी सौ से ज्यादा नाव हैं और आसपास के इलाकों से भी इन लोगों ने नाव मंगवाकर चलवाई। माहरा परिवार का कहना है कि निषादों के बारे में इससे पहले कभी किसी ने नहीं सोचा और इस सरकार में उन्हें सम्मान मिला और रोजगार भी मिला। इस कुंभ की कमाई वो कभी भुला नहीं सकते। शुकलावती बताती हैं कि कितनी कमाई हुई है इसकी गिनती अभी नहीं की जा सकी है, लेकिन कमाई छप्पर फाड़ के हुई है इतना जरूर कह सकते हैं। यह सब योगी-मोदी की अच्छी व्यवस्था और गंगा मइया के आशीर्वाद से संभव हुआ है।

## हेल्थ एटीएम की सेहत खराब, कैसे हो मरीजों की जांच




**पीलीभीत , एजेंसी।** मरीजों की करीब 50 तरह की जांचों के लिए सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगवाए गए हेल्थ एटीएम की खुद की सेहत खराब है। यह हेल्थ एटीएम शोपीस बनकर रह गए हैं। कहीं चिप की कमी तो कहीं तकनीकी खराबी से हेल्थ एटीएम बंद पड़े हैं।

मरीजों को हेल्थ एटीएम की सुविधा तो मिल नहीं रही, जिम्मेदार भी इनके रखरखाव से बेपरवाह हैं।

एक हेल्थ एटीएम पर चार से पांच लाख रुपये खर्च किए गए थे। बुधवार को बरखेड़ा, अमरिया, ललौरीखेड़ा, नगरीय स्वास्थ्य केंद्र बीसलपुर और पूरनपुर सीएचसी की पड़ताल में हेल्थ एटीएम शोपीस बने नजर आए।

## विद्युत विभाग ने महाकुंभ मेले को 211 करोड़ से उजाला कर कमाए 28 करोड़, बांटे गए थे 4.25 लाख कनेक्शन

**प्रयागराज , एजेंसी।** महाकुंभ मेले में 3.20 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई है। इससे विभाग को नौ रुपये प्रति यूनिट के हिसाब से लगभग 28.80 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। जबकि, विभाग ने कुल 211.20 करोड़ रुपये खर्च कर मेला को उजाला किया था। मेले का 13 जनवरी से लेकर 26 फरवरी तक आयोजन किया गया। विद्युत विभाग ने बिजली सप्लाई के लिए 54 हजार खंभे लगाए।

इन पर 1405 किलोमीटर एलटी लाइन और 182 किलोमीटर 11 केवी की एचटी लाइन बिछाई गई। 85 सब स्टेशनों से पूरे मेला क्षेत्र को बिजली दी गई। इसके लिए लगभग 4.25 लाख कैंप कनेक्शन बांटे गए थे। इसके चलते रोज 30 मेगावोल्ट एम्पीयर (एमवीए) बिजली खपत का अनुमान था। लेकिन, प्रतिदिन लगभग 27 एमवीए बिजली की खपत हुई। मेला समापन के बाद अब बिजली के तार, एलईडी लाइट्स और ट्रांसफार्मर उतार लिए गए हैं। इन सामानों को महाकुंभ परिसर के पास बने गोदाम में रखा गया है।

**व्यावसायिक कनेक्शन के लिए 80 लाख यूनिट खर्चः**

इस मेला क्षेत्र में एक से लेकर 1600 किलोवोल्ट एम्पीयर (केवीए) तक



कनेक्शन दिए गए। इसमें हजारों की संख्या में व्यावसायिक कनेक्शन भी शामिल हैं। विद्युत विभाग के अफसरों ने बताया कि इन कनेक्शनों से लगभग सात करोड़ रुपये की आमदनी हुई है।

**शहर में 27.30 करोड़ यूनिट बिजली की खपतः**

विद्युत विभाग के आंकड़ों के अनुसार मेले के दौरान 45 दिनों में शहर में कुल 27.30 करोड़ यूनिट बिजली की खपत हुई है। इस तरह मेला और शहर में मिलाकर कुल 30.50 करोड़ यूनिट बिजली खर्च हुई है, जो मेले से लगभग 90 फीसदी से अधिक है।

**पांच करोड़ यूनिट का था अनुमानः** विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता पीके सिंह समेत अन्य अफसरों ने मेले में तकरीबन पांच करोड़ यूनिट तक बिजली खपत होने का अनुमान लगाया था। वहीं, मेला क्षेत्र में बिजली की जरूरत को पूरा करने के लिए सोलर एनर्जी का भी सहारा लिया गया था।

**कुल 380.20 करोड़ का प्रोजेक्टः** विद्युत विभाग ने कुल 380.20 करोड़ का प्रोजेक्ट बनाया था। इसे दो हिस्सों में बांटा गया। पहला मेला क्षेत्र के लिए कुल 211.20 करोड़ और दूसरा शहर के लिए कुल 179 करोड़ का बजट था। प्रोजेक्ट में बिजली घर, स्ट्रीट लाइट, ट्रांसफॉर्मर, केबल आदि की व्यवस्था की गई थी।

## काशिवासियों से अपील, साधु-संतों और अघोरियों के लिए है मसान की होली



**वाराणसी , एजेंसी।** श्री पंचायती निरंजनी अखाड़े के नागा संन्यासी खुशहाल भारती ने कहा कि सोशल मीडिया के बहकावे में आकर काशीवासियों को कोई निर्णय नहीं करना चाहिए। मसान की होली उनके लिए नहीं है। इसे साधु-संतों और अघोरियों के लिए ही छोड़ दें। काशीवासी बाबा विश्वनाथ से अपने संबंधों का निर्वाह करते हुए उनके विवाह का उत्सव मनाएं। तिलक, तेल, हल्दी, विवाह के बाद गौने की परंपरा का निर्वहन करें। पूर्व महंत के परिवार की अगुवाई में कई सौ वर्षों से काशी के गृहस्थ इस परंपरा को निभाते आ रहे हैं। यही काशी का गौरव और विशिष्टता है। यह परंपरा बनी रहे इसका दायित्व काशीवासियों का है।

बुधवार को मणिकर्णिका घाट में बातचीत के दौरान उदयपुर शाखा के प्रभारी संत दिगंबर खुशहाल भारती ने कहा कि काशी की जो परंपराएं हैं उन परंपराओं को उनके मूल स्वरूप में ही आगे बढ़ाने जाने की जरूरत है। काशी एकमात्र ऐसी नगरी है जहां बाबा विश्वनाथ अपने गृहस्थ और आदियोगी दोनों ही स्वरूपों में विराजमान हैं। इस अद्वितीय नगरी की शास्त्रीय और लोकपरंपराएं भी अद्वितीय हैं।

काशीवासियों का बाबा विश्वनाथ से संबंध सिर्फ भक्त और भगवान तक ही सीमित नहीं है। यहां के लोग बाबा विश्वनाथ को अपने दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा मानते हैं। यहां के लोगों का कोई भी काम बाबा के बिना नहीं होता। काशी में गृहस्थों और संन्यासियों द्वारा बाबा विश्वनाथ के साथ होली खेलने की अलग-अलग लोकपरंपरा रही है।

**गलती से भी गृहस्थ न शामिल हों महाश्मशान की होली में:** खुशहाल भारती ने कहा कि रंगभरी एकादशी की तिथि पर काशीवासी पूर्व महंत के आवास पहुंचकर गौरी-शंकर-गणेश के साथ होली खेलते हैं। उसके ठीक अगले दिन महाश्मशान पर बाबा के साथ साधु संन्यासियों और अघोरियों के होली खेलने की परंपरा है। गृहस्थों को गलती से भी महाश्मशान की होली में शामिल नहीं होना चाहिए। इससे बड़ा दोष पड़ता है। काशीवासियों से स्पष्ट आग्रह है कि वे रंगभरी एकादशी के दिन पूर्व महंत के आवास पर शिव-पार्वती-गणेश के साथ होली खेलें। परंपरानुसार बाबा की पालकी महंत आवास से विश्वनाथ मंदिर तक लेकर जाएं। द्वादशी की तिथि पर साधु-संन्यासी मसान पर बाबा के साथ होली खेलेंगे।

**काशीवासी हैं बाबा के दूत, नागा साधु हैं गणः** खुशहाल भारती ने कहा कि काशी की शास्त्रीय और लोक परंपराओं का मूलरूप में निर्वाह करने का दायित्व काशीवासियों का ही है। शास्त्र और लोक के इस संतुलित सामंजस्य के आधार पर ही काशी संपूर्ण विश्व में श्रेष्ठ है। सनातन का गर्व है। हम नागा साधु बाबा के गण हैं लेकिन काशीवासी तो सीधे-सीधे बाबा के ही दूत हैं। वे बाबा के दूत हैं इसीलिए वे काशी में हैं और हम सब गण है इसलिए हिमालय की कंदराओं में हैं।

## कानपुर में 10 लाख के लिए दोस्तों ने किशोर को मार डाला , शव बरामद, गिरफ्तार

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** अपने-अपनी प्रेमिकाओं की जरूरत पूरा करने के लिए फिरौती में 10 लाख की मांग नहीं पूरी करने पर तीन दोस्तों ने अपने ही किशोर साथी की हत्या कर दी। पुलिस ने उसकी लाश कुएं से बरामद करने के साथ ही तीनों दोस्तों को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना बिल्हौर थाना क्षेत्र में हुई।

पुलिस सूत्रों के दावे पर यकीन तो हत्या करने वाले तीनों दोस्तों ने अपनी अपनी प्रेमिकाओं की जरूरत पूरी करने के लिए ही 10 लाख की फिरौती नहीं मिलने पर ही घटना को अंजाम दिया।

परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि घटना के समय खुर्शीद अनवर जिम जाने के लिए निकला था। इसी दौरान उसके तीन दोस्तों ने उसका अपहरण कर लिया। और फिर 10 लख रुपए की फिरौती मांगनी शुरू की लेकिन जब मांग पूरी नहीं हो पाई तो उन्होंने गांव से एक किलोमीटर दूर उसकी हत्या कर शव कुएं में फेंक दिया। उसकी हत्या पत्थर से कुचल कर की गई।

इसके पहले परिवार वालों द्वारा दी गई सूचना के आधार पर पुलिस की तलाश में लगातार जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से तीन आरोपियों - हुसैनी, अनफ और अवशाद को हिरासत में ले लिया है। एक आरोपी अज्जू अभी फरार है। हुसैनी के पास से मृतक का मोबाइल बरामद किया गया है।

परिवार वालों ने पुलिस को बताया कि 11 भाई बहनों में मृतक सबसे छोटा था। उसके पिता नजीर अहमद प्रॉपर्टी डीलिंग और घरों में रंग-पुताई का काम करते हैं। एसीपी अमरनाथ यादव ने बताया कि लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे के किनारे स्थित कुएं से बरामद खुर्शीद की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

# मिलावटः कहीं आप भी तो मिट्टी-घास मिला जीरा तो नहीं खा रहे...6 क्विंटल माल जब्त




**गोरखपुर, एजेंसी।** खोवा के बाद अब मिलावटी जीरा भी पकड़ा गया है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने बुधवार को हार्बर्ट बांध के पास से छह क्विंटल मिलावटी जीरा जब्त किया है। यह माल दिल्ली से आ रहा था। इसे होली में खपाने की तैयारी थी। जीरा में पानी डालते ही उसमें मिट्टी और घास अलग हो गई।

विभाग को जानकारी मिली कि दिल्ली से जीरा लदी गाड़ी आ रही है। इसमें मिलावट होने का शक था। पिकअप में एक ब्रांडेड कंपनी की बोरियों में जीरा रखा था, लेकिन बिल से पता चला कि यह संबंधित ब्रांड का नहीं है। नौ क्विंटल का बिल था, जबकि गाड़ी में करीब छह क्विंटल जीरा लदा था। जीरा में मिट्टी, घास और सौंफ दिखी। इसे पानी में डालते ही कुछ दाने सफेद हो गए, जबकि जीरा पानी में रंग नहीं बदलता। पूछने पर व्यापारी ने बताया कि इसका रेट 150 रुपये किलो है। लेकिन बाजार में जीरा की कीमत 400 रुपये किलो है। इससे भी इसके मिलावटी होने की आशंका है। उसी गाड़ी में रखे गए बादाम का नमूना लिया गया, जिसकी पैकिंग नकली बताई जा रही है।

**फूल झाड़ू के घास का होता है इस्तेमालः** जीरे में मिलावट के लिए फूल झाड़ू की घास का उपयोग किया जाता है। इससे तौल का वजन बढ़ता है। दरअसल, फूल झाड़ू के ये घास देखने में बिल्कुल जीरे के तरह ही होते हैं। मिलावटखोर इन जंगली घास की पत्तियों को गुड़ के पानी में मिलाते हैं।

इसे सुखाते ही यह जीरे की तरह दिखने लगता है। घास का रंग जीरे जैसे होते ही इसे पत्थर के बने पाउडर में डाल दिया जाता है। इसके बाद इसे छलनी से छान लिया जाता है। इसके अलावा इसमें स्लरी पाउडर भी मिलाया जाता है, ताकि इसका रंग ठीक जीरे की तरह हो जाए।

### जीरा खाने के फायदे

बीआरडी मेडिकल कॉलेज के डॉ. राजकुमार ने बताया कि जीरा में मौजूद फाइबर और एंजाइम पाचन में सुधार करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद फाइबर और एंजाइम वजन कम करने में मदद करते हैं। फाइबर और एंजाइम ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। जीरा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।

### इम्यूनिटी को कमजोर करता है मिलावटी जीरा

डॉ. राजकुमार ने कहा कि नकली जीरा शरीर की इम्यूनिटी को कमजोर कर सकता है। इसके सेवन से स्टोन की समस्या हो सकती है। साथ ही साथ त्वचा संबंधी रोग भी होने की प्रबल संभावना होती है।

### टीम ने रेस्टोरेंट से लिया नमूना

टीम ने मोहद्दीपुर स्थित एक रेस्टोरेंट पनीर, ग्रेवी, खड़ा मसाला सहित पांच नमूने लिए। बिछिया में मंगलवार को 10 क्विंटल खोवा पकड़ा गया था। वहीं से टीम को मिलावटी घी के बारे में सूचना मिली थी। बुधवार को टीम ने कुनराघाट स्थित एक एजेंसी से देसी घी के दो नमूने लिए। वहां बताया गया कि उसके वहां गोपालगंज बिहार की डेयरी से घी आता है। कार्रवाई के दौरान सहायक आयुक्त खाद्य डॉ. सुधीर कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष सिंह, नरेंद्र चौहान, प्रतिभा उपाध्याय, आशा सरोज एवं विजय आनंद मौजूद रहे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शुक्रवार, 07 मार्च, 2025



# चैंपियंस ट्रॉफी: न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हराया, फाइनल में भारत से होगा मुकाबला

एजेंसी, लाहौर

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताबी मुकाबला भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को 50 रन से हरा दिया है। इस जीत में हरफनमौला रचिन रविंद्र और केन विलियम्सन के शानदार शतक ने अहम भूमिका निभाई। हालांकि अफ्रीकी टीम के लिए डेविड मिलर ने 10वें विकेट के लिए ताबड़तोड़ 56 रन ठोककर कीवी गेंदबाजों पर अपनी भड़ास जरूर निकाली लेकिन उनका नाबाद शतक टीम को जीत नहीं दिला सका। इस तरह एक बार फिर दक्षिण अफ्रीका का आईसीसी टूर्नामेंट जीतने का सपना टूट गया। न्यूजीलैंड की ओर से मिले 363 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफ्रीकी टीम एक समय तक शानदार ढंग से आगे बढ़ रही थी। उसने 27वें ओवर में 163 रनों के कुल योग पर अपना तीसरा विकेट गंवाया था, जब रासी वेन डेर ड्यूसन (69) कप्तान मिचेल सेंटनर की गेंद




पर बोल्ड हो गए। इसके बाद टीम संभल ही नहीं पाई और उसने एक के बाद एक अपने विकेट गंवा दिये। अंत में वह 50 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 321 रन ही बना पाई। ड्यूसन के अलावा कप्तान टेंबा बवूमा (56) ने हाफ सेंचुरी और डेविड मिलर (100*) ने नाबाद सेंचुरी जरूर जमाई लेकिन यह टीम की जीत के काफी नहीं था। न्यूजीलैंड की तरफ से मिचेल सेंटनर ने तीन विकेट अपने नाम किए जबकि मैच हेनरी और ग्लेन फिलिप को दो-दो सफलता मिली। वहीं माइकल ब्रेसवेल और रचिन रविंद्र के खाते में एक-एक विकेट रहा। इससे पहले, न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 362 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज विल यंग (21) और रचिन रवींद्र की जोड़ी ने टीम को दमदार शुरुआत देने की कोशिश की। इस बीच विल यंग लुंगी गिडी का शिकार हो गए। लेकिन रचिन रवींद्र और केन विलियमसन ने इसके बाद अफ्रीकी गेंदबाजों को थकाने की ठान ली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 164 रनों की साझेदारी की। इस बीज दोनों बल्लेबाजों ने अपने शतक पूरे किए। रचिन रविंद्र ने 108 और विलियम्सन ने 102 रन की पारी खेली। 40 ओवर से पहले न्यूजीलैंड का स्कोर 250 पार था। अंतिम 10 ओवरों में कीवी टीम के लिए ग्लेन फिलिप्स और डैरेल मिचेल ने ताबड़तोड़ पारियां खेलकर टीम का स्कोर 350 पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। डैरेल 37 बॉल में 49 रन बनाकर आउट हुए, वहीं ग्लेन फिलिप्स ने 27 बॉल में नाबाद 49 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए लुंगी नगिदी ने तीन और कगिसो रबाडा ने दो विकेट चटकाए। जबकि वियान मुल्डर को एक सफलता मिली। अब रविवार को दुबई में होने वाले फाइनल में कीवी टीम की खिताबी भिड़ंत भारत से होगी। इस टूर्नामेंट में साल 2000 के बाद यह पहला मौका होगा, जब दोनों टीमें इस खिताब के लिए एक साथ आमने-सामने होंगी। भारत यहां 25 साल पहले मिली उस हार का बदला लेने को बेताब होगा, जब सौरव गांगुली की कप्तानी वाली टीम को स्टीफन फ्लेमिंग की टीम से हार का सामना करना पड़ा था।

## आईसीसी वनडे रैंकिंग में विराट कोहली चौथे स्थान पर पहुंचे, शुभमन गिल शीर्ष पर कायम

एजेंसी, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईसीसी की ताजा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथा स्थान हासिल कर लिया है। कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 84 रनों की शानदार पारी खेली थी, जिसकी बदौलत उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ते हुए यह स्थान हासिल किया। रोहित एक स्थान खिसककर पांचवें स्थान पर आ गए हैं, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ, जिन्होंने भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी, भी छह स्थान की




छलांग लगाकर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अजमतुल्लाह ओमरजई बने नंबर 1 ऑलराउंडर अफगानिस्तान के उभरते सितारे अज़मतुल्लाह ओमरजई ने आईसीसी वनडे ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने अपने हमवतन मोहम्मद नबी को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम पाया। 25 वर्षीय ओमरजई ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ पांच विकेट हॉल और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक शामिल था। उन्होंने कुल 126 रन बनाए, जिससे उन्हें बल्लेबाजों की रैंकिंग में भी 12 स्थानों का उछाल मिला और अब वह 24वें स्थान (598 रेटिंग अंक) पर आ गए हैं। भारत के अक्षर पटेल भी ऑलराउंडर रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाकर 17 स्थान ऊपर चढ़े और अब 13वें स्थान (194 रेटिंग अंक) पर पहुंच गए हैं, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है।

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी को चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला और वह तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान (649 रेटिंग अंक) पर पहुंच गए। गेंदबाजों की रैंकिंग में श्रीलंका के माहिश तीक्ष्णा पहले स्थान और दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज दूसरे स्थान पर हैं।

## केकेआर की ऐतिहासिक टाटा आईपीएल 2024 ट्रॉफी टूर पहुंची कूचबिहार

एजेंसी, कूचबिहार

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की ऐतिहासिक ट्रॉफी टूर, अपनी तीसरी टाटा आईपीएल चैंपियनशिप का जश्न मनाने के सफर में, कूचबिहार पहुंची। इस खास मौके पर शहर के क्रिकेट प्रेमियों ने जोरदार उत्साह के साथ इस उपलब्धि का स्वागत किया। ट्रॉफी टूर की शुरुआत भव्य राजबाड़ी पैलेस से हुई, जहां ऐतिहासिक और शाही विरासत के बीच चमचमाती आईपीएल ट्रॉफी की झलक ने सबका ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद ट्रॉफी को शहर के प्रतिष्ठित मदन मोहन मंदिर ले जाया गया, जहां क्रिकेट के जुनून और शहर की सांस्कृतिक विरासत का संगम देखने को मिला। इस यादगार यात्रा का समापन कूचबिहार स्टेडियम में हुआ, जहां भारी संख्या में मौजूद उत्साही प्रशंसकों ने केकेआर की 2024 की जीत का जश्न मनाया और ट्रॉफी के साथ खास पल साझा किए। आगामी सीजन को लेकर उत्साह चरम पर है, और केकेआर की यह ऐतिहासिक ट्रॉफी टूर इसी तरह पूरे क्षेत्र में प्रशंसकों से जुड़ती रहेगी। कूचबिहार के सफल दौरे के बाद अब यह ट्रॉफी टूर 07 मार्च को पटना पहुंचेगा। कोलकाता नाइट राइडर्स 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ टाटा आईपीएल 2025 का अपना अभियान शुरू करेंगे।



## 'डबल जलेबी' के जादू से राष्ट्रीय टीम तक: अंगद बीर सिंह ने भारतीय टीम में एंट्री पर साझा किए अनुभव

एजेंसी, नई दिल्ली

युवा खिलाड़ी अंगद बीर सिंह भारतीय हॉकी के नए सितारे बनकर उभरे हैं। हाल ही में संपन्न हीरो हॉकी इंडिया लीग में वेदांता कलिंगा लांसर्स के लिए खेलते हुए उन्होंने शूटआउट में दुनिया के बेहतरीन गोलकीपरों में से एक माने जाने वाले डेविड हार्टे (तमिलनाडु ड्रैगन्स) के खिलाफ शानदार 'डबल जलेबी' गोल दागा, जिससे वे चर्चा में आ गए। इस जबरदस्त प्रदर्शन के बाद उन्हें एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भारत चरण के लिए पहली बार भारतीय सीनियर पुरुष हॉकी टीम में चुना गया और भुवनेश्वर में आयरलैंड के खिलाफ उन्होंने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया।

अंगद इससे पहले जूनियर राष्ट्रीय टीम के साथ कई सफलताएं हासिल कर चुके हैं। 2022 सुल्तान ऑफ जोहोर कप में स्वर्ण, 2023 सुल्तान ऑफ जोहोर कप में कांस्य और 2023 पुरुष जूनियर एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा साबित की थी। पहला मैच और खास लम्हेहॉकी इंडिया की ओर से जारी बयान में अंगद ने अपनी पहली सीनियर अंतरराष्ट्रीय भिड़ंत को याद करते हुए कहा, "मैच से पहले मैं बेहद रोमांचित था। यह मेरे कई वर्षों की मेहनत का नतीजा था।" उन्होंने बताया कि जब मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम के सामने उनके डेब्यू की घोषणा की, तो उनका उत्साह और भी बढ़ गया। 22 वर्षीय अंगद ने कहा, "उस पल मुझे महसूस हुआ कि कुछ खास होने वाला है।"

हालांकि, शुरुआती कुछ मिनटों में उनके मन में घबराहट थी, लेकिन जल्द ही वे सहज हो गए। उन्होंने कहा कि शुरुआत में मैं सतर्क था, गलती करने से बचना चाहता था लेकिन फिर मैंने खुद से कहा कि यह भी एक आम मैच



की तरह है, अपना खेल खेलो, आत्मविश्वास रखो। इसके बाद मैं पूरी तरह खेल में डूब गया। सीनियर खिलाड़ियों का सहयोगअंगद ने टीम के सीनियर खिलाड़ियों मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह और संजय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, "सभी सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा हौसला बढ़ाया। उन्होंने मुझसे कहा कि बिना दबाव के खेलो। खासतौर पर मनप्रीत और हार्दिक पूरे मैच के दौरान मेरा मार्गदर्शन कर रहे थे। संजय और मेरा मैदान पर अच्छा तालमेल है, उन्होंने भी मेरी काफी मदद की।" कोच फुल्टन के शांत और सकारात्मक दृष्टिकोण को लेकर भी अंगद ने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि मैच से पहले कोच ने मुझसे कहा कि बस अपना खेल खेलो और इस पल का आनंद लो। गलतियों की चिंता मत करो, मैं तुम्हारे साथ हूं।, ये शब्द मुझे हमेशा याद रहेंगे और इससे मुझे खुलकर खेलने की आजादी मिली। सीनियर स्तर की नई चुनौतियांअंगद ने जूनियर और सीनियर स्तर के खेल में अंतर को लेकर कहा, "जूनियर स्तर पर खेल बुनियादी होता है, लेकिन सीनियर स्तर पूरी तरह रणनीतिक होता है। खेल की गति तेज होती है और हर कदम सोच-समझकर उठाना पड़ता है। मैं लगातार सीखने और अपने खेल में सुधार करने पर ध्यान दे रहा हूं।" उन्होंने अपने भविष्य के लक्ष्यों के बारे में कहा, "मानसिक रूप से तैयार रहना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना शारीरिक तैयारी। अगले मैच में मैं मानसिक रूप से पहले से ज्यादा तैयार रहूंगा। मेरा लक्ष्य हर मैच में सीखना, अपनी टीम के साथियों से तालमेल बढ़ाना और अपने प्रदर्शन को निखारना है।" ओलंपिक में स्वर्ण जीतने का सपनाअंगद के लिए सबसे बड़ा लक्ष्य ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। उन्होंने कहा, "टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में हमारी टीम ने कांस्य पदक जीते, लेकिन अब मैं उस टीम का हिस्सा बनना चाहता हूं जो भारत के लिए स्वर्ण लेकर आए।" परिवार की खुशीअपनी इस सफलता को लेकर अंगद ने अपने परिवार की प्रतिक्रिया को भी याद किया। उन्होंने बताया, "भारतीय टीम के लिए खेलना मेरे पिता का सपना था। मेरे डेब्यू मैच के दौरान पूरा परिवार और रिश्तेदार एक साथ मैच देख रहे थे। उनकी खुशी और गर्व ने इस पल को मेरे लिए और भी खास बना दिया।" अंगद बीर सिंह का यह सफर न केवल उनके लिए, बल्कि भारतीय हॉकी के लिए भी एक रोमांचक भविष्य की ओर इशारा करता है।

## रग्बी प्रीमियर लीग ने किया लोगो का अनावरण, भारत में रग्बी के नए युग की शुरुआत

एजेंसी, मुंबई

भारत में रग्बी के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ (रग्बी इंडिया) और जीएमआर स्पोर्ट्स ने बुधवार को पहले रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) के आधिकारिक लोगो का अनावरण किया। यह कदम भारत में रग्बी को एक प्रमुख खेल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। यह मील का पत्थर विश्वस्तरीय फ्रैंचाइज़ी-आधारित रग्बी 7s लीग की शुरुआत को चिह्नित करता है, जिसका शुभारंभ 2025 में होगा। इस लीग में छह शहर-आधारित टीमें भाग लेंगी, जिनमें शीर्ष रग्बी खेलने वाले देशों के प्रमुख खिलाड़ी और भारत के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी शामिल होंगे।

आरपीएल का लोगो रग्बी की गतिशीलता को दर्शाता है, जो गति, कौशल, शक्ति, रचनात्मकता, अवसर, टीम वर्क, निडरता और अदम्य जुझारूपन का अद्भुत मिश्रण है। इस डिज़ाइन में लीग की प्रतिबद्धता झलकती है, जो इसे आधुनिक, गतिशील, युवा, प्रेरणादायक और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी खेल आयोजन बनाने की ओर संकेत करता है, जो भारतीय और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों का मनोरंजन करेगा। इसके अलावा, यह अनूठा और विशिष्ट लोगो रग्बी के तीव्र खेल में मानव शरीर की मेहनत और दृढ़ संकल्प को श्रद्धांजलि अर्पित करता है। कभी अभिजात्य वर्ग तक सीमित माने जाने वाला यह खेल, जो 150 से अधिक वर्षों से दुनिया भर में खेला जा रहा है, अब वैश्विक स्तर पर अपनी पहुंच का विस्तार कर चुका है। रग्बी की गतिशीलता और एकजुटता की भावना ही रग्बी प्रीमियर लीग की नींव है। भारतीय रग्बी फुटबॉल संघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा, "रग्बी 7s अविश्वसनीय गति, शानदार कौशल और अद्भुत शक्ति का खेल है, और रग्बी प्रीमियर लीग इसे भारत में एक नए अंदाज में प्रस्तुत करेगी। यह लोगो लीग की ऊर्जा, गतिशीलता और उच्च-ऑक्टेन एक्शन को दर्शाता है।

RUGBY PREMIER LEAGUE

## आल इंडिया इंटर ग्रेप्लिंग प्रतियोगिता में छाए मुरादाबाद के खिलाड़ी, जीते स्वर्ण व रजत पदक

एजेंसी, मुरादाबाद

आल इंडिया इंटर ग्रेप्लिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को गुरुवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम रामगंगा विहार में सम्मानित किया गया। आल इंडिया इंटर ग्रेप्लिंग प्रतियोगिता एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली में आयोजित हुई थी। इस प्रतियोगिता में मुरादाबाद के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर मेडल पाने वाले खिलाड़ी विशाखा रानी 70 किलोग्राम समीक्षा 66 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया व जिया कुमारी 58 किग्रा रजत पदक प्राप्त किया। उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ संयुक्त सचिव डॉ अजय पाठक ने आज सोनकपुर स्टेडियम मुरादाबाद पहुंचने एवं क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के लिपिक प्रदीप सक्सेना ने आज




स्टेडियम में खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर स्वागत किया व मुरादाबाद का गौरव बढ़ाने के लिये बधाई दी। यह सभी खिलाड़ी कुश्ती कोच गोविन्द कुमार यादव के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस अवसर पर अंकित अग्रवाल लेखाकार, आसिफ सिद्दीकी बैडमिन्टन कोच, यश शुक्ला क्रिकेट कोच, धीरज खो-खो कोच एवं स्टेडियम का समस्त प्रशिक्षक-स्टाफ उपस्थित रहा।

## खेल मंत्री मांडविया करेंगे ओलंपिक तैयारी और खेल प्रशासन पर 'चिंतन शिविर' की अध्यक्षता

एजेंसी, हैदराबाद

2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक की तैयारियों और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय युवा मामले एवं खेल तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया 7-8 मार्च को हैदराबाद में एक उच्च स्तरीय चिंतन शिविर की अध्यक्षता करेंगे।

यह दो दिवसीय विचार-विमर्श सत्र कान्हा शांतिवनम में आयोजित किया जाएगा, जहां विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्री, वरिष्ठ खेल प्रशासक, प्रमुख सरकारी अधिकारी और खेल विशेषज्ञ एक मंच पर आकर भारत को वैश्विक खेल शक्ति बनाने की रणनीति तैयार करेंगे। इस दौरान खेल प्रशासन को सशक्त बनाने,



जमीनी स्तर पर प्रतिभा की पहचान, खेल अवसंरचना के विकास, समावेशिता बढ़ाने और सहयोगी प्रयासों को गति देने पर विचार-विमर्श होगा। डॉ. मांडविया, इस चिंतन शिविर में विभिन्न हितधारकों के साथ रणनीतिक चर्चा करेंगे। राज्यों के प्रतिनिधि अपने बेहतरीन मॉडल और नवाचारों को साझा करेंगे, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी खेल नीतियों का निर्माण किया जा सके।

**चिंतन शिविर के प्रमुख फोकस क्षेत्र** : केंद्र सरकार की विभिन्न खेल योजनाओं का अवलोकन और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के साथ समन्वय। खेल विकास एवं अवसंरचना में कॉर्पोरेट भागीदारी। जमीनी स्तर की प्रतिभाओं की खोज और पोषण। खेल प्रशासन में सुशासन को बढ़ावा। खेलो इंडिया और फिट इंडिया अभियानों का विस्तार। खेलों में समावेशिता को प्रोत्साहन। खिलाड़ियों और कोचों के कल्याण पर विचार।


खेल मंत्रालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में डॉ मांडविया ने कहा, "हाल ही में संपन्न उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों में भारतीय एथलीटों की सफलता हमारी अपार क्षमता को दर्शाती है। हमारा लक्ष्य ओलंपिक में उत्कृष्टता प्राप्त करना और भारत को खेलों की महाशक्ति बनाना है। यदि हम विचारों और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को साझा करें, तो हम एक संगठित और सतत खेल ढांचा सुनिश्चित कर सकते हैं।



# सर्दियों में सोरायसिस क्यों ज्यादा परेशान करता है?

**सर्दियों के मौसम में स्किन से जुड़ी समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है। अगर किसी को सोरायसिस है तो उसे सर्दियों में काफी ज्यादा परेशानी होती है। सोरायसिस एक त्वचा से जुड़ी बीमारी है जिसमें त्वचा पर लाल रंग की पपड़ीदार चकत्ते बनने लगते हैं। इसके कारण प्रभावित एरिया में खुजली सूजन बनी रहती है। यह एक ऑटोइम्यून विकार है। बहुत सारे लोगों का सवाल होता है कि आखिर क्यों सर्दियों में सोरायसिस ज्यादा परेशान करता है। आईए जानते हैं इस बारे में हेल्थ एक्सपर्ट से।**

एक्सपर्ट बताती है कि सर्दियों में हवा में नमी में कमी हो जाती है। वातावरण बहुत सूखा हो जाता है और यह शुष्क वातावरण त्वचा को प्रभावित करता है। जिससे सोरायसिस के लक्षण जैसे खुजली जलन और सूजन बढ़ जाते हैं। जब तापमान गिरता है तो रक्त वाहिकाएं संकुचित हो जाती है इससे त्वचा में रक्त का संचार धीमा हो जाता है। इसके कारण त्वचा में नमी और पोषक तत्वों की आपूर्ति कम हो जाती है। इससे भी सोरायसिस के लक्षण बिगड़ जाते हैं।
सर्दियों में धूप की कमी हो जाती है जबकि विटामिन डी त्वचा के स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इसकी कमी से सोरायसिस के लक्षण बढ़ सकते हैं।
अक्सर ठंड से बचने के लिए लोग गर्म पानी से नहाते हैं, लेकिन गरम पानी त्वचा को और अधिक शुष्क बना सकता है। इससे त्वचा में रूखापन आ जाता है और सोरायसिस के लक्षण बिगड़ जाते हैं।
सर्दियों में हम गर्म कपड़े पहनते हैं, जब ऊनी और गर्म कपड़े सीधे शरीर के संपर्क में आते हैं तो त्वचा में फ्रिक्शन बढ़ती है और यह खुजली का कारण बनता है, जिससे सोरायसिस उत्तेजित हो जाता है।
सर्दियों के मौसम में इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है इसके कारण भी सोरायसिस के लक्षण बढ़ सकते हैं।







# पेट की गैस, भारीपन तेजाब का नाश करेंगे ये आयुर्वेदिक नुस्खे

**अगर आप गैस और एसिडिटी जैसी समस्या के लिए दवाएं खा रहे हैं, तो इसे एकदम बंद कर दें, यह शरीर के पोषक तत्वों को खत्म कर सकती हैं।**

एसिडिटी और गैस बनना आम समस्याएं हैं, जिनसे रोजाना बहुत से लोग परेशान रहते हैं। अगर आप इससे राहत पाने के लिए पैन्टोजेन जैसी कोई दवाएं ले रहे हैं, तो आप बड़ी गलती कर रहे हैं। इनके अधिक सेवन से आपके शरीर में विटामिन बी12, मैग्नीशियम, कैल्शियम, विटामिन डी सहित कई सारे पोषक तत्वों की कमी आ सकती है जिससे शरीर में इनके कई प्रभाव देखने को मिलते हैं। इन दवाओं के अधिक सेवन से शरीर में कमजोरी होना, थकान, कमजोरी और ऊर्जा की कमी जैसे लक्षण महसूस हो सकते हैं। अगर आप एसिडिटी सहित पेट की अन्य समस्याओं जैसे अपच, सीने में जलन, एसिड रिफ्लक्स, कब्ज, पेट फूलना आदि से राहत पाना चाहते हैं, तो आपको दवाओं पर डिपेंड होने की बजाय कुछ घरेलू उपाय आजमाने चाहिए।

## एसिडिटी के लक्षण

- सीने में जलन होना, खासकर खाने के बाद, जो रात में या लेटते समय बदतर हो सकती है
- भोजन या खट्टे तरल पदार्थ वापस आना
- ऊपरी पेट या सीने में दर्द
- निगलने में परेशानी
- पेट फूलना और भारीपन

### कच्चा जीरा है एसिडिटी का तगड़ा इलाज

एसिडिटी से राहत पाने के लिए आप जीरे का इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आप खाने से पहले थोड़ा सा कच्चा जीरा चबाएं और थोड़ा गुनगुना पानी पी लें, जब तक वो चबना जाए।

### ठंडा दूध

बहुत थोड़ी मात्रा में ठंडा दूध लें और उसमें आधा चम्मच गुलकंद मिक्स कर दें। इस मिश्रण को लेने से आपको एसिडिटी को बिना दवाओं के ठीक करने में मदद मिल सकती है।

### एंटासिड से हो जाएं सावधान

सुबह खाली पेट एसिड की दवाएं लेना आपकी सेहत को बर्बाद कर सकता है। बाजार में एंटासिड दवाएं धड़ल्ले से बिक रही हैं जोकि आपकी सेहत के लिए खतरनाक हैं। इनमें सोडियम कार्बोनेट होता है, जो शरीर के पोषक तत्वों को पी जाता है।

## आपको डॉक्टर के पास कब जाना चाहिए

अगर आपको यह उपाय आजमाने के बाद भी आराम नहीं मिल रहा और लक्षण बिगड़ते जा रहे हैं, तो आपको तुरंत डॉक्टर के पास जाना चाहिए। इसके अलावा आपको सांस लेने में तकलीफ हो, या जबड़े या बांह में दर्द हो रहा है, तो सावधान रहें क्योंकि यह दिल का दौरा पड़ने के संकेत और लक्षण हो सकते हैं।



# अल्सरेटिव कोलाइटिस क्या है? लक्षण और कारण

**अल्सरेटिव कोलाइटिस आंतों से जुड़ी एक गंभीर समस्या है जो आगे चलकर कोलन कैंसर का कारण भी बन सकता है। आइए जानते हैं इसके कारण, लक्षण क्या होते हैं। खराब जीवनशैली के कारण आंतों से जुड़ी कई तरह की समस्या देखने को मिल रही है, इनमें से एक है अल्सरेटिव कोलाइटिस, यह एक क्रोनिक बीमारी है,जिससे जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है। आइए जानते हैं इसके लक्षण और कारण क्या होते हैं।**

## क्या है अल्सरेटिव कोलाइटिस?

एक्सपर्ट बताते हैं कि अल्सरेटिव कोलाइटिस एक गंभीर समस्या है, जिसमें बड़ी आंत यानी कि कोलन में सूजन हो जाती है और अल्सर हो जाता है। इसे इन्फ्लेमेटरी बॉवेल डिजीज के नाम से भी जाना जाता है। आमतौर पर यह बीमारी मलाशय को प्रभावित करती है। समय के साथ यह पूरे कोलन को भी प्रभावित कर सकती है। अल्सरेटिव कोलाइटिस छोटी आंतों को भी प्रभावित करता है। यह बीमारी किसी भी उम्र में शुरू हो सकती है। पहले तो यह धीरे-धीरे विकसित होती है, इसके बाद इसके लक्षण गंभीर होते हैं। इसके कारण इम्यूनिटी बुरी तरह से खराब हो जाती है। यह कोलन कैंसर का कारण भी बन सकता है। बीमारी का सटीक कारण अब तक मालूम नहीं है, लेकिन कुछ ऐसे कारण है जो इसकी विकास में भूमिका निभा सकते हैं।

### अल्सरेटिव कोलाइटिस के कारण

- डाइट
- जेनेटिक म्यूटेशन
- स्मोकिंग

### अल्सरेटिव कोलाइटिस के लक्षण

- डायरिया
- बेली पेन
- बार बार मोशन पास करने की इच्छा
- वजन कम होना
- मलाशय से खून आना
- बुखार होना
- सीवर डिहाइड्रेशन
- बोन लॉस

# पेट में रुक रुककर होता है दर्द? कोलन कैंसर की हो सकती है शुरुआत

कोलन कैंसर खतरनाक हो गया है और अब 50 साल से पहले ही शिकार बना सकता है। इसके कुछ लक्षणों को हल्के नहीं लेना चाहिए, जिसमें पेट दर्द भी शामिल है। पेट दर्द के पीछे कोलन कैंसर भी वजह हो सकता है। आइए इसके शुरुआती लक्षणों के बारे में जानते हैं।
जीवनशैली और पर्यावरण हमारे शरीर पर हर पल असर करता रहता है। इनकी क्वालिटी खराब होने पर कई बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। युवाओं में कोलन कैंसर निकलना भी इसी का एक परिणाम है। डॉ. ने बताया कि हालिया अध्ययनों से पता चलता है कि 50 वर्ष से कम उम्र के एडल्ट्स में कोलन कैंसर का रेट काफी तेजी से बढ़ा है। हालांकि इस बढ़ोतरी के पीछे के कारणों की अभी भी जांच की जा रही है, मगर जीवनशैली में बदलाव, आहार, आनुवंशिकी और पर्यावरणीय प्रभाव जैसी चीजों पर शक किया जा रहा है। इस बदलाव की वजह से कोलन कैंसर के संकेतों के बारे में पता होना बहुत जरूरी है। डॉ. के अनुसार पेट में क्रोनिक या रुक-रुकर हो रहा दर्द, ऐंठन या दर्द महसूस हो रहा हो तो नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। यह दिक्कत कोलन के अंदर हो रही समस्याओं का संकेत हो सकती है।

### बावेल हैबिट में बदलाव

बावेल हैबिट में होने वाले बदलाव पर ध्यान दें। लगातार दस्त, कब्ज या मल में बदलाव आदि कोलन कैंसर के शुरुआती चेतावनी संकेत हो सकते हैं।

### मलाशय से खून निकलना

मल में रक्त या मलाशय से रक्तस्राव एक चिंताजनक लक्षण है जिसके लिए तुरंत चिकित्सा की जरूरत होती है। इसे बवासीर जैसी छोटी समस्याओं से अलग करना महत्वपूर्ण है।

### बेवजह वजन घटना

बिना किसी साफ कारण के अचानक वजन घटना कोलन कैंसर के लिए एक खतरे का संकेत हो सकता है, क्योंकि यह कैंसर के विकास के बारे में बताता है।

### थकान और कमजोरी


लंबे समय से थकान और कमजोरी की सामान्य भावना जब ऊपर बताए किसी लक्षण के साथ हो तो किसी खतरे की चेतावनी हो सकती है।

### जोखिम बढ़ने के कारण


पारिवारिक इतिहास, आहार और जीवनशैली में अस्वस्थ बदलाव, मोटापा व अधिक बीएमआई और क्रॉनिक बीमारी इसका जोखिम बढ़ा सकती हैं।

### शुरुआती जांच और स्क्रीनिंग

युवा वयस्कों में कोलन कैंसर की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए, इसका शीघ्र पता लगाना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। इसके लिए लक्षण दिखने या खतरा महसूस होने पर कोलोनोस्कोपी, स्टूल टेस्ट और सीटी कोलोनोग्राफ़ी की जा सकती है।







# हाई कोलेस्ट्रॉल की छुट्टी कर देंगे 3 हेल्दी ब्रेकफास्ट हार्ट अटैक का खतरा होगा कम

**शरीर में अगर कोलेस्ट्रॉल हाई हो जाए तो हार्ट अटैक, फैटी लिवर और स्ट्रोक जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। इसे डाइट में सुधार करके, एक्सरसाइज और अन्य तरीकों से कम किया जा सकता है। आइए जानें कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए सुबह क्या खाना चाहिए।**

हाई कोलेस्ट्रॉल आज के समय में एक आम समस्या बन गई है। जो खराब लाइफस्टाइल, खानपान की खराब आदतों, स्मोकिंग, शराब पीने, मोटापा, कम फिजिकल एक्टिव रहने समेत अन्य वजहों से हो सकती है।
दुनियाभर के तमाम देशों में लोग बड़ी संख्या में हाई कोलेस्ट्रॉल से जूझ रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो अमेरिका में करीब 71 मिलियन लोगों में हाई कोलेस्ट्रॉल है, जबकि भारत में लगभग 31 फीसदी लोग इस प्रॉब्लम का सामना कर रहे हैं। हाई कोलेस्ट्रॉल तब होता है जब खून में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बहुत ज्यादा हो जाती है। आमतौर पर, कुल कोलेस्ट्रॉल 200 mg/dL या उससे अधिक हो जाता है तो इसे हाई कोलेस्ट्रॉल माना जाता है। वहीं, एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर कोलेस्ट्रॉल हाई हो जाए तो हार्ट अटैक, हार्ट डिजीज, फैटी लिवर और स्ट्रोक जैसी समस्याएं होने के चांसेस बढ़ जाते हैं। हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि हाई कोलेस्ट्रॉल को कुछ दवाओं, एक्सरसाइज, हेल्दी वेट मैनेज करके और डाइट में सुधार करके कम किया जा सकता है। आज हम आपको 3 ऐसे हेल्दी ब्रेकफास्ट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके सेवन से आप अपने बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम कर सकते हैं।

### क्या होता है कोलेस्ट्रॉल

कोलेस्ट्रॉल शरीर में पाया जाने वाला एक मोम जैसा पदार्थ होता है। जो शरीर के लिए बेहद जरूरी होता है। कोलेस्ट्रॉल दो तरह के होते हैं, गुड कोलेस्ट्रॉलऔर बैड कोलेस्ट्रॉल। शरीर में गुड कोलेस्ट्रॉल का कम होना और बैड कोलेस्ट्रॉल का बढ़ना दोनों ही घातक हो सकता है।

### हाई कोलेस्ट्रॉल में कौन सा ब्रेकफास्ट करें

अगर बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करना है तो जरूरी है कि आज ही आप अपने खानपान की आदतों में बदलाव लाएं। जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड को छोड़ने के साथ ही हेल्दी चीजों को डाइट में शामिल करें। बैड कोलेस्ट्रॉल को घटाने के लिए एक मशहूर डाइटिशियन ने बेस्ट ब्रेकफास्ट आइडियाज शेयर किए हैं। उनमें से हम आपको 3 बेस्ट ब्रेकफास्ट के बारे में बताने जा रहे हैं।

### होल ग्रेन टोस्ट

खुशी की बात ये है कि अगर आपको होल ग्रेन टोस्ट पसंद है तो हाई कोलेस्ट्रॉल में आप उसे खाना जारी रख सकते हैं। जी हां, डाइटिशियन ने अपनी कोलेस्ट्रॉल कम करने वाले ब्रेकफास्ट की लिस्ट में होल ग्रेन टोस्ट को भी शामिल किया है। उन्होंने बताया कोलेस्ट्रॉल को घटाने के लिए होल ग्रेन टोस्ट को आप पीनट बटर और बेरीज का सेवन कर सकते हैं।

### सारडो विद स्मोक्ड सैल्मन

अगर आप नॉनवेज खाना पसंद करते हैं तो अपनी सुबह की मील में आप सारडो के साथ स्मोक्ड सैल्मन खा सकते हैं। दरअसल, सैल्मन मछली में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड, कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है।

### ग्रीक योगर्ट

इसके अलावा हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए एक और टेस्टी ब्रेकफास्ट को आप अपनी डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। ये है ग्रेनोला, अखरोट और होममेड जैम के साथ ग्रीक योगर्ट। इनमें ऐसे कई गुण मौजूद होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल लेवल को घटाने में आपकी मदद करेंगे।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी

बोकारो, शुक्रवार, 07 मार्च, 2025





# अल्लू अर्जुन ने किया सलमान खान को रिप्लेस

**बॉलीवुड के भाईजान से मशहूर अभिनेता सलमान खान को बहुत बड़ा झटका लगा है। निर्देशक एटली उनकी जगह अब अल्लू अर्जुन को करेंगे कास्ट, इस फिल्म में एक नहीं बल्कि तीन-तीन अभिनेत्रियां आएंगी नजर।**

### 600 करोड़ होगा बजट

रिपोर्ट के मुताबिक निर्देशक एटली कुमार की आने वाली फिल्म में बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान नहीं नजर आएंगे। एक्टर सलमान की जगह 'पुष्पा' फेम एक्टर अल्लू अर्जुन अब इस फिल्म में होंगे कास्ट। हालांकि, रिपोर्ट के अनुसार निर्देशक एटली पहले सलमान खान के साथ पुनर्जन्म थीम पर आधारित 600 करोड़ रुपये बजट की एक्शन फिल्म लेकर आने वाले थे। अब उन्होंने अपना मन बदल लिया है।

### सलमान की फिल्मों ने डाला गहरा प्रभाव

रिपोर्ट के अनुसार अभिनेता सलमान खान की पिछली फिल्मों के प्रदर्शन के कारण एटली ने उन्हें इतनी बड़ी फिल्म में ना कास्ट करने का फैसला किया है। मल्टीस्टारर वाली इस फिल्म में सन पिक्चर्स इसे फंडिंग करने का मन बना रहा है। पहले निर्देशक सलमान खान और रजनीकांत के साथ इस फिल्म को बनाना चाहते थे। अब इसकी योजना बदलते हुए एटली न अल्लू अर्जुन को कास्ट कर लिया है और दूसरे अभिनेता की खोज में हैं।

### एक-दो नहीं बल्कि तीन अभिनेत्रियां आएंगी नजर

निर्देशक एटली कुमार की आगामी एक्शन फिल्म में तीन अभिनेत्रियां नजर आने वाली हैं। इसमें जान्हवी कपूर का नाम बतौर मुख्य भूमिका में सबसे आगे है। इस बड़े बजट फिल्म की शूटिंग साल के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है। अभी इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। इसे लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।



# इंटर रिलीजन मैरिज के बाद प्रियामणि हुई थीं ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार?

साउथ अभिनेत्री प्रियामणि ने 2017 में फिल्म मेकर मुस्तफा राज से शादी की थी। उनके लिए यह मौका जश्न मनाने का था, लेकिन उनकी इंटर रिलीजन मैरिज ऑनलाइन ट्रोलिंग का शिकार हो गई। हाल ही में एक इंटरव्यू में प्रियामणि ने खुलासा किया कि सोशल मीडिया पर लव जिहाद के नाम पर मजाक ने उन्हें कितना परेशान किया।

### शादी के बाद प्रियामणि को हुई काफी मुश्किलें

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू में प्रियामणि ने कहा, जब मैंने अपनी सगाई की अनाउंसमेंट की तो मैं बस इस खुशी के पल को उन लोगों के साथ शेयर करना चाहती थी। लेकिन मुझे नहीं पता कि किस वजह से बेवजह नफरत फैलनी शुरू हो गई और लव जिहाद के आरोप लगने लगे। कभी नहीं दिया

### ऑनलाइन ट्रोलिंग का जवाब

प्रियामणि ने आगे कहा, मैं समझती हूं कि मैं मीडिया और फिल्म इंडस्ट्री से जुड़ी हूं। लेकिन आप किसी ऐसे व्यक्ति पर हमला क्यों करना चाहते हैं, जो इन चीजों का हिस्सा ही नहीं है? शुरुआत के 2 से 3 दिनों तक यह मुझ पर भारी पड़ा क्योंकि मुझे बहुत सारे संदेश मिलते रहे। अब भी, अगर मैं उनके साथ कुछ पोस्ट करती हूं, तो दस में से नौ कमेंट हमारे धर्म या जाति के बारे में होते हैं। हालांकि, प्रियामणि ने बताया कि उन्होंने कभी भी ऑनलाइन ट्रोल्स का जवाब नहीं दिया, क्योंकि वह उन्हें एक मिनट की प्रसिद्धि नहीं देना चाहती थीं।

काम की बात करें तो प्रियामणि को हाल ही में मलयालम थ्रिलर ऑफिसर ऑन ड्यूटी में देखा गया था, जो इस महीने की शुरुआत में रिलीज हुई थी। पिछले साल, वह हिंदी फिल्मों मैदान और आर्टिकल 370 में भी नजर आई थीं। वह अगली बार जन नायकन में नजर आएंगी।

# यामी गौतम ने बताया, क्यों नहीं की बड़े बजट की फिल्म



अभिनेत्री यामी गौतम ने कई मुद्दों पर खुलकर बात की। इस दौरान बताया कि उन्होंने बड़े बजट की फिल्मों को ना करने का फैसला क्यों लिया और ऐसी फिल्में क्यों ठुकरा दिया। अभिनेत्री ने बताया कि उन्होंने हमेशा कंटेंट-ड्रिवेन सिनेमा को प्राथमिकता दी है। जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्होंने कभी किसी बड़ी फिल्म को अच्छी स्क्रिप्ट की कमी के कारण ठुकराया है, तो यामी ने कहा, हां। हालांकि, उन्होंने उस प्रोजेक्ट का नाम नहीं बताया, जिसे उन्होंने ठुकराया था। अपने निर्णय पर विचार करते हुए यामी ने बताया, हर निर्णय सोच-समझकर लिया जाता है। व्यक्तिगत और पेशेवर दोनों ही तरह से मैं उन प्रोजेक्ट पर समय बिताने के लिए आभारी हूं जो वास्तव में मेरे साथ जुड़ते हैं, मैं कहानी के साथ जुड़ती हूं। अभिनेत्री ने अपने दर्शकों से मिले सम्मान और प्रशंसा के लिए आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि दर्शक इसका सम्मान करते हैं और वे फिल्म के पैमाने के बजाय मेरे काम के लिए मेरी सराहना करते हैं। यामी गौतम ने यह भी बताया कि वह कैसी स्क्रिप्ट पसंद करती हैं।

# नेपोटिज्म पर पहली बार बिग बी ने तोड़ी चुप्पी



बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन अपने बेटे अभिषेक बच्चन की तारीफ करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं। बिग बी अक्सर ही अभिषेक के काम और उनकी एक्टिंग स्किल की तारीफ करते रहते हैं। सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने वाले बिग बी ने अब सोशल साइट एक्स पर एक यूजर की पोस्ट पर कमेंट किया और अभिषेक को नेपोटिज्म को लेकर फैली नकारात्मकता का शिकार बताया है। दरअसल, एक्स पर एक पोस्ट में एक यूजर ने लिखा, अभिषेक बच्चन बेवजह परिवारवाद की नकारात्मकता का शिकार हुए हैं, जबकि उनके करियर में अच्छी फिल्मों की संख्या काफी ज्यादा है। इसी पोस्ट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए बिग बी ने लिखा, मुझे भी ऐसा ही लगता है और सिर्फ इसलिए नहीं, क्योंकि मैं उनका पिता हूं। एक और पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए महानायक ने अभिषेक बच्चन की आने वाली फिल्म 'बी हैप्पी' में उनके काम की तारीफ की है। बिग बी ने लिखा, अभिषेक आप कमाल हैं। आप हर फिल्म के किरदार के साथ जिस तरह से तालमेल बिठाते हैं और किरदार में बदलाव लाते हैं, वो शानदार है।

### फिल्म आई वांट टू टॉक के लिए भी की थी बेटे की सराहना

इससे पहले अमिताभ ने अभिषेक की फिल्म आई वांट टू टॉक में भी उनके काम की तारीफ की थी। उस दौरान बिग बी ने फिल्म को लेकर एक नोट में लिखा था, कुछ फिल्में आपका मनोरंजन करती हैं, कुछ फिल्में आपको उससे जुड़ने के लिए आमंत्रित करती हैं, आई वांट टू टॉक बस यही करती है। अभिषेक, आप अभिषेक नहीं हैं, आप फिल्म के अर्जुन सेन हैं। लोग जो कुछ भी कह रहे हैं, वो कहने दो। अभिषेक की आगामी फिल्म 'बी हैप्पी' का ट्रेलर हाल ही में रिलीज किया गया है। डांस पर आधारित ये फिल्म कॉमेडी, ड्रामा, सपने और जुनून के भावों से भरपूर है। फिल्म एक अकेले पिता और बेटी के बीच प्यार, ख्याल और भावुक रिश्ते को दर्शाती है।





# क्या एक-दूजे को डेट कर रहे हैं कार्तिक-श्रीलीला?

पुष्पा 2 में किसिक गाने में अपनी डांसिंग स्किल्स से सभी का दिल जीत चुकी श्रीलीला ने हाल ही में बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फैमिली पार्टी में शिरकत की और वहां जमकर डांस भी किया। अब श्रीलीला का यह डांस वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। साउथ अभिनेत्री श्रीलीला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वह जमकर डांस करती नजर आ रही हैं और साथ ही वहीं पर मौजूद कार्तिक उनका वीडियो बनाते नजर आ रहे हैं। दरअसल, यह वीडियो कार्तिक की फैमिली पार्टी का है, जिसमें दोनों के चेहरे पर एक-दूसरे की प्रजेंस की खुशी साफ झलक रही है। श्रीलीला का खुशी से नाचते हुए यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिससे इन दोनों की डेटिंग की अफवाहों को हवा मिल रही है। कथित तौर पर यह पार्टी कार्तिक की बहन से संबंधित एक जश्न था।

### मस्त कलंदर गाने पर किया डांस

रेडिट के शेयर किए हुए इस वीडियो में श्रीलीला ने मस्त कलंदर गाने पर डांस किया। इस वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि श्रीलीला पार्टी में मौजूद बाकी सभी लोगों के साथ डांस कर रही हैं। वहीं पीछे कार्तिक आर्यन की हंसी साफ सुनाई दे रही है। दरअसल, यह पार्टी कार्तीक की बहन कृतिका तिवारी के लिए थी, जिन्होंने हाल ही में अपनी मेडिकल डिग्री हासिल की है और अब वह एक डॉक्टर बन गई हैं। साउथ अभिनेत्री श्रीलीला और कार्तिक आर्यन एक साथ एक अनाम फिल्म में नजर आने वाली हैं। वैसे यह आगामी फिल्म श्रीलीला की बॉलीवुड डेब्यू होगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म का टीजर पिछले महीने रिलीज किया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म की शूटिंग चल रही है।



# आदर्श गौरव ने मुंबई में अपने संघर्ष के दिनों को याद किया

**संघर्ष का दौर यकीनन कलाकार को निखारता है। दूसरे कई फिल्मी सितारों की तरह माय नेम इज खान, मॉम, द वाइट टाइगर, खो गए हम कहां में काम कर चुके एक्टर आदर्श गौरव को संघर्ष करना पड़ा।**

अपनी ताजातरीन फिल्म सुपरबॉयज़ ऑफ मालेगांव में नासिर शेख जैसे वास्तविक किरदार से लोगों का दिल जीतने वाले आदर्श यहां अपने संघर्ष के दिनों को याद करते है।

गौरव का कहना है कि उनका जो सबसे बड़ा संघर्ष था, वो उनकी ताकत बन गया। वे कहते हैं, हम जब मुंबई आए, तो पापा के क्वार्टर के भरोसे आए। मेरे पापा सेंट्रल बैंक में काम करते थे। उन्हें बैंक की तरफ से वो क्वार्टर मिला हुआ था। उस वक्त मैं तेरह साल का रहा होऊंगा, मगर फिर दो साल में हमें वो घर खाली करना पड़ा, क्योंकि पापा का ट्रांसफर छत्तीसगढ़ हो गया। वो घर जुहू में था, तो पहले दो साल हम लोग जुहू जैसे पॉश इलाके में रहे, मगर जब इसे खाली करना पड़ा, तब हमारे पास जुहू में किराए का घर लेने के पैसे नहीं थे। हमने घर की तलाश शुरू की। हम लोगों ने घर खोजना शुरू किया और अंधेरी, जोगेश्वरी, बोरीवली से होते-होते फाइनली हमें घर मिला दहिसर के रावल पाड़ा में। उस घर का किराया 13-14 हजार था, जिसे मेरे पैरेंट्स अफोर्ड कर सकते थे। उसके बाद ये होने लगा कि हर साल डेढ़ साल में मेरा घर बदल जाता था।

### कील ठोकने के लिए भी मकान मालिक की परमिशन लेनी पड़ती थी

सच कहूं, तो वो घर का कॉन्सेप्ट मेरे लिए खत्म हो चुका था। अभी हम एक जगह से शिफ्ट होकर दूसरी जगह पर सेटल हो भी नहीं पाते थे कि हमें वहां से सेटल होना पड़ा, तो एक तरह से हम लोग बंजारों की तरह जी रह थे। अभी हमारी जड़ें किसी जगह पर जम रही होती थीं कि हमें उखाड़कर एक और नई जगह पर जाना पड़ता था। उसके पीछे भी पैसे बड़ा कारण थे। साल भर में उस जगह का रेंट बढ़ जाता था, जो हमारी हैसियत से ज्यादा होता था और फिर हमें घर बदलना पड़ता था। घर को लेकर जो सेफ्टी और सुरक्षा होती है, वो मैंने उन सालों में कभी महसूस ही नहीं की। किराए के घर में रहने पर रेंट का स्ट्रेस तो रहता ही था, मगर फिर एक कील तक ठोकने के लिए मकान मालिक की परमिशन लेनी पड़ती थी। दहिसर शिफ्ट होने के बाद मैं स्कूल के दोस्तों से भी कट गया था, क्योंकि वे सभी इस तरफ का प्लान बनाते थे और उन्हें लगता था कि मैं तो इतनी दूर से आ ही नहीं पाऊंगा। मेरा स्कूल लीलावती पोद्दार खार में था और मेरा कॉलेज (नरसी मोनजी) जुहू में था। सालों तक मैं बसों और ट्रेन से सफर करके जुहू अपने स्कूल आया हूं। वो वाकई मेरे लिए काफी संघर्ष भरा रहा।

### बस और ट्रेन का संघर्ष अभिनय में काम आया

माय नेम इज खान, मॉम, द वाइट टाइगर, खो गए हम कहां जैसी कई फिल्मों और गन्स और गुलाब्स जैसी वेब सीरीज में नजर आ चुके गौरव को बचपन में पता ही नहीं था कि वे अभिनय कर करना चाहते हैं। वे कहते हैं, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं अभिनय के क्षेत्र में आऊंगा, मगर मुझे लोगों और उनकी बातों में काफी रुचि थी। मैं अक्सर उनकी बातें सुना करता था। अलग-अलग जगहों में रहने और बस-ट्रेनों से सफर करने के दौरान मुझे विभिन्न लोगों से मिलने का मौका मिला। उन बातों और किरदारों को मैंने अपने भीतर जज़्ब कर लिया है। यही वजह है कि जब मुझे अलग-अलग किरदार करने के ऑडिशन का प्रस्ताव मिलता है, तो चाहे वो जुहू गली का टपोरी लड़का हो या बांदरा का पॉश युवा, मैं हर तरह के रोल कर पाता हूं। संघर्ष का वो दौर आज मेरे ऑडिशन में काम आता है, मेरे द्वारा अभिनीत किरदारों को निभाने में मददगार साबित होता है।